ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष त्रयोदशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 4 जून 2024
वर्ष 5, अंक 198, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



एडीडीपी ने बजरंग पर लगा अस्थाई निलंबन हटाया 13

रश्मिका की फिल्म 'पुष्पा-2 द रूल' का पोस्टर रिलीज 14










## ब्रह्मोस एयरोस्पेस के पूर्व अभियंता को उम्रकैद

नागपुर, एजेंसी

नागपुर की जिला अदालत ने शासकीय गोपनीयता अधिनियम (ओएसए) के तहत ब्रह्मोस एयरोस्पेस प्राइवेट लिमिटेड के पूर्व अभियंता निशांत अग्रवाल को पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए जासूसी करने और गोपनीय जानकारी देने का दोषी ठहराते हुए सोमवार को उम्रकैद दी।

अग्रवाल को 14 साल तक सश्रम कारावास की सजा भुगतनी होगी, उसपर तीन हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। अतिरिक्त सत्र न्यायालय के न्यायाधीश एम.वी.



- पाकिस्तान को गोपनीय सूचना देने के मामले में पाए गए दोषी

देशपांडे ने अपने आदेश में कहा कि अग्रवाल को सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा-66 (एफ) और शासकीय गोपनीयता अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत किए गए अपराध के लिए सीआरपीसी की धारा-235 के तहत दोषी करार दिया जाता है।

## एग्जिट पोल के बाद झूमा शेयर बाजार

# सेंसेक्स 2507, निफ्टी 733 अंक उछला

मुंबई, एजेंसी

एग्जिट पोल के बाद सोमवार को शेयर बाजार में चौतरफा लिवाली से बीएसई सेंसेक्स 2,500 से अधिक अंक की छलांग लगाकर अपने अबतक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 733 अंक के उछाल के साथ नए शिखर पर बंद हुआ।

शनिवार को एग्जिट पोल में भाजपा नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार की बड़ी जीत के अनुमान के बाद बाजार में यह तेजी आई है। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 2,507.47 अंक यानी 3.39 प्रतिशत उछलकर रिकॉर्ड 76,468.78 अंक पर बंद हुआ। यह पिछले तीन साल में एक दिन में सबसे बड़ी तेजी है। कारोबार के दौरान सूचकांक एक समय 2,777.58 अंक चढ़कर रिकॉर्ड 76,738.89 अंक तक चला गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 733.20 अंक यानी 3.25 प्रतिशत उछलकर अपने अबतक के सर्वोच्च स्तर 23,263.90 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 808 अंक यानी 3.58 प्रतिशत चढ़कर रिकॉर्ड 23,338.70 अंक पर पहुंच गया था। सेंसेक्स और निफ्टी में एक फरवरी, 2021 के बाद एक दिन की सबसे बड़ी तेजी है। उस समय बजट पेश करने के बाद दोनों सूचकांक करीब पांच प्रतिशत मजबूत हुए थे। यह दिलचस्प है कि 20 मई, 2019 को 'एग्जिट पोल' के बाद भी सेंसेक्स और निफ्टी तीन प्रतिशत से अधिक मजबूत हुए थे। उस 'एग्जिट पोल' में भी आम चुनाव में राजग की बड़ी जीत का अनुमान जताया गया था। रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी और एसबीआई जैसे प्रमुख शेयरों में जोरदार बढ़त से दोनों मानक सूचकांक रिकॉर्ड ऊंचाई पर बंद हुए। अडाणी समूह की कंपनियों के शेयरों में जोरदार बढ़त रही।

### नए शिखर पर पहुंचे दोनों सूचकांक

**76468.78** सेंसेक्स **23263.90** निफ्टी



### निवेशकों की पूंजी 13.78 लाख करोड़ रुपये बढ़ी

**नई दिल्ली।** भाजपा की अगुवाई वाली सरकार एक बार फिर बनने की उम्मीदों से स्थानीय शेयर बाजार के तीन प्रतिशत से अधिक उछल जाने से सोमवार को निवेशकों की संपत्ति में एक ही कारोबारी सत्र में 13.78 लाख करोड़ रुपये की भारी बढ़ोतरी दर्ज की गई। इस रिकॉर्डतोड़ तेजी से बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) 13,78,630.4 करोड़ रुपये बढ़कर 4,25,91,511.54 करोड़ (5.13 लाख करोड़ डॉलर) हो गया।

# कौन सरताज, फैसला आज

**इंतजार खत्म**

## आठ बजे से होगी मतगणना, दोपहर 12 बजे तक मिलने लगेंगे रूझान

## दो बजे तक नतीजों की उम्मीद, छह बजे तक अंतिम परिणाम आने की संभावना

नई दिल्ली, ब्यूरो

18वीं लोकसभा के लिए फैसला आज हो जाएगा। 543 लोकसभा सीटों पर इंडी गठबंधन की होगी जीत या मोदी तीसरी बार बनेंगे प्रधानमंत्री, इसके लिए सुबह आठ बजे से मतों की गिनती शुरू होगी। दोहपर 12 बजे तक रूझान आने शुरू हो जाएंगे। बहुमत के लिए 272 सीटों की आवश्यकता होगी। लोकसभा चुनाव 2024 के लिए 16 मार्च से शुरू हुआ चुनाव प्रचार, 75 दिन चला। 19 अप्रैल से 1 जून तक सात चरणों में वोटिंग हुई। 43 दिन तक चुनाव प्रक्रिया चली। आज 4 जून को 80 दिनों का इंतजार खत्म होगा। मतगणना शुरू होने के 4 घंटों के बाद तक रुझान आने शुरू होंगे। दोपहर करीब 2 बजे से नतीजे आने शुरू हो जाएंगे। अंतिम परिणाम शाम 6 बजे तक घोषित होने की संभावना है।

आंध्र प्रदेश और ओडिशा विधानसभा चुनाव के लिए भी काउंटिंग 4 जून को सुबह आठ बजे शुरू होगी। विधानसभा उपचुनाव के मतों की गिनती भी इसी दिन होगी।

**लोकसभा**

| | |
|---|---|
| 543 | कुल सीटें |
| 272 | बहुमत |

### डाक मतपत्रों की गिनती पहले होगी

चुनाव आयोग के मुताबिक मंगलवार को मतगणना सुबह 8 बजे शुरू होगी। सबसे पहले डाक मतपत्रों की गिनती होगी। इसके बाद ईवीएम के वोट गिने जाएंगे। डाक मतपत्र 2 चरणों में गिने जाएंगे। पहले सेना, पैरामिलिट्री फोर्स के जवानों के मतों की गिनती होगी। इसके बाद चुनाव ड्यूटी कर रहे कर्मचारियों के मत गिने जाएंगे। डाक मत पत्रों को ईवीएम के वोट के साथ जोड़ा जाएगा। विपक्षी इंडी गठबंधन के नेताओं ने रविवार को निर्वाचन आयोग से ईवीएम से पहले डाक मत पत्रों की गिनती करने का आग्रह किया था।

### एग्जिट पोल में प्रधानमंत्री मोदी की हैट्रिक का दावा



एग्जिट पोल्स में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने का दावा किया गया है। 13 एग्जिट पोल के पोल ऑफ पोल्स में राजग को 365 और इंडी गठबंधन को 145 सीट मिलने का अनुमान है। अन्य को 32 सीटें मिल सकती हैं। इस बार भाजपा 2019 में मिली 303 सीटों का आंकड़ा पार कर सकती है।

### उम्मीद है, असल परिणाम एग्जिट पोल के बिल्कुल उलट होंगे : सोनिया गांधी



**नई दिल्ली।** कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने सोमवार को कहा कि उन्हें पूरी उम्मीद है कि लोकसभा चुनाव के असल परिणाम 'एग्जिट पोल' के अनुमान से बिल्कुल विपरीत होंगे। सोनिया ने कहा कि हमें प्रतीक्षा करनी होगी। बस, इंतजार कीजिए और देखिए। उन्होंने कहा कि हमें पूरी उम्मीद है कि एग्जिट पोल में जो दिखाया जा रहा है, नतीजे उसके बिल्कुल विपरीत होंगे। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से सवाल किया गया था कि चार जून को घोषित होने जा रहे नतीजों से उन्हें क्या उम्मीद है? उन्होंने यह टिप्पणी द्रमुक कार्यालय में तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री एम करुणानिधि को उनकी 100वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद की। अधिकतर 'एग्जिट पोल' में लोकसभा चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को प्रचंड बहुमत मिलने का पूर्वानुमान व्यक्त किया गया है। अधिकतर सर्वेक्षणों में राजग को 350 से अधिक सीट मिलने की संभावना जताई गई है।

### प्रदेश के 81 मतगणना स्थलों पर त्रिस्तरीय सुरक्षा, एक लाख सुरक्षाकर्मी तैनात

**लखनऊ।** प्रदेश में कुल 80 लोकसभा सीटों पर 851 प्रत्याशी मैदान में है। इसमें सबसे अधिक 28 प्रत्याशी मऊ की घोसी लोकसभा सीट पर हैं और सबसे कम प्रत्याशी गोंडा की कैसरगंज लोकसभा सीट पर हैं। प्रदेश में 80 लोकसभा सीटों और 04 विधानसभा सीटों के उपचुनाव की मतगणना मंगलवार सुबह आठ बजे से 07 पुलिस कमिश्नरेट एवं 68 जनपदों में कुल 81 स्थानों पर होगी। मतगणना केंद्र की त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है। मतगणना स्थल पर एक लाख पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को तैनात किया गया है। सीआरपीएफ और पीएसी की कंपनियों को भी तैनात किया गया है। सोशल मीडिया पर प्रसारित भ्रामक खबरों, अफवाहों के खंडन एवं सत्यता की जानकारी कर कार्रवाई के लिए प्रत्येक कमिश्नरेट और जिलों में सोशल मीडिया टीम द्वारा 24 घंटे मॉनीटरिंग की जा रही है। ये जानकारी लोकभवन के सभागार में आयोजित प्रेसवार्ता में अपर मुख्य सचिव गृह दीपक कुमार और डीजीपी प्रशांत कुमार ने दी। मतगणना स्थलों की सीसीटीवी के जरिए निगरानी की जाएगी।

## चुनाव प्रक्रिया प्रभावित करने का सबूत दे विपक्ष

नई दिल्ली, एजेंसी

मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार ने सोमवार को विपक्ष को चुनौती दी कि वे उन आरोपों के साक्ष्य साझा करें जिनमें कहा गया है कि निर्वाचन अधिकारियों और जिलाधिकारियों को चुनाव प्रक्रिया को दूषित करने के लिए प्रभावित किया गया था, ताकि आयोग उनके खिलाफ कार्रवाई कर सके। कुमार ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि विपक्ष को मतगणना शुरू होने से पहले चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने की कोशिश करने वालों के बारे में भी आयोग को बताना चाहिए। राजीव कुमार ने कहा कि आप अफवाह फैलाकर सभी को संदेह के घेरे में नहीं ला सकते।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि आयोग ने चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने के किसी भी विदेशी प्रयास से निपटने के लिए तैयारी की थी, लेकिन ये आरोप देश के भीतर से ही आए हैं। जिलाधिकारियों को प्रभावित किए जाने के आरोपों पर आपत्ति जताते हुए मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि आरोप लगाने वालों को बताना चाहिए कि किस



- सीईसी ने कहा-आप अफवाह फैलाकर सभी को संदेह के घेरे में नहीं ला सकते
- जयराम रमेश ने लगाया था गृहमंत्री शाह पर कलेक्टरों को फोन पर धमकाने का आरोप

जिलाधिकारी को प्रभावित किया गया और हम उन्हें दंडित करेंगे। मतगणना प्रक्रिया शुरू होने से पहले उन्हें हमें बताना चाहिए। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने दावा किया था कि गृह मंत्री अमित शाह जिलाधिकारियों या कलेक्टरों को फोन कर रहे हैं और उन्हें खुलेआम डराने-धमकाने में लगे हैं। रमेश ने दावा किया कि शाह पहले ही 150 कलेक्टरों से बात कर चुके हैं। रमेश को निर्वाचन आयोग ने सबूत देने को कहा था, रमेश ने सोमवार को जवाब देने के लिए एक सप्ताह का और समय मांगा। लेकिन निर्वाचन आयोग ने अतिरिक्त समय देने से इंकार कर दिया।

## एक नजर

### मदर डेयरी ने दो रुपये लीटर बढ़ाए दूध के दाम

**नई दिल्ली।** मदर डेयरी ने दिल्ली-एनसीआर बाजार में दूध की कीमतों में दो रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की सोमवार को घोषणा की। सभी प्रकार के दूध की कीमतों में वृद्धि सोमवार (तीन जून) से दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के साथ-साथ अन्य बाजारों में भी लागू हो गई है। दुग्ध उद्योग से जुड़े ब्रांड अमूल ने रविवार को कीमतों में बढ़ोतरी की घोषणा की थी। दिल्ली-एनसीआर में मदर डेयरी का फुल क्रीम दूध अब 68 रुपये प्रति लीटर, जबकि टोंड व डबल टोंड दूध क्रमशः 56 रुपये और 50 रुपये प्रति लीटर की दर से मिलेगा। भैंस और गाय के दूध की कीमतें क्रमशः 72 रुपये और 58 रुपये प्रति लीटर होंगी। थोक विक्रय दूध 54 रुपये प्रति लीटर पर बेचा जाएगा।

### आईएसआईएस से जुड़े 17 के खिलाफ चार्जशीट

**नई दिल्ली।** एनआईए ने सोमवार को आतंकवादी संगठन आईएसआईएस से जुड़े 17 लोगों के खिलाफ युवाओं को कट्टरपंथी बनाने की साजिश में शामिल होने के संबंध में आरोपपत्र दाखिल किया। एनआईए ने मार्च 2023 में तीन लोगों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया था और सोमवार को दिल्ली की पटियाला हाउस अदालत के समक्ष 17 अन्य के खिलाफ पूरक आरोपपत्र दाखिल किया। इन 17 आरोपियों में से 15 महाराष्ट्र से जबकि एक-एक उत्तराखंड और हरियाणा से हैं।

### आकासा और इंडिगो की उड़ान में बम की अफवाह

**मुंबई/चेन्नई।** आकासा एयर की दिल्ली-मुंबई फ्लाइट और इंडिगो की चेन्नई-कोलकाता फ्लाइट में सोमवार (3 जून) को बम की सूचना मिली। आकासा एयर की फ्लाइट को अहमदाबाद डायवर्ट किया गया। इसमें एक बच्चा और 6 क्रू मेंबर्स सहित 186 पैसेंजर्स सवार थे। सुबह 10:13 बजे अहमदाबाद के सरदार वल्लभभाई पटेल अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर विमान को सुरक्षित उतार लिया गया। दूसरी तरफ, चेन्नई से कोलकाता जाने वाला इंडिगो का विमान बम की अफवाह के कारण दो घंटे लेट हो गया। अधिकारियों ने बताया कि थुरैपक्कम स्थित इंडिगो कॉल सेंटर में एक कॉल आया था, जिसमें कहा गया कि चेन्नई-कोलकाता फ्लाइट में बम धमाका होगा।

### 30 जून तक दिल्ली में बंद रहेंगे आंगनबाड़ी केंद्र

**नई दिल्ली।** दिल्ली में पड़ रही गर्मी एवं खराब मौसम के मद्देनजर सरकार ने सभी 10,897 आंगनबाड़ी केंद्रों को 30 जून तक बंद रखने की घोषणा की गई है। बच्चों और माताओं के स्वास्थ्य और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह फैसला लिया गया है। आंगनबाड़ी केंद्रों को बंद किए जाने पर केजरीवाल सरकार 'टेक-होम राशन' के तौर पर पूरक पोषण खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराएगी।

**रुहेलखंड विश्वविद्यालय का मामला**

## एमबीए छात्रा को कार से खींचने की कोशिश, पीटा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** परीक्षा के बाद लौट रही एमबीए की छात्रा को तीन युवकों ने रुहेलखंड विश्वविद्यालय परिसर में ही कार से खींचकर उतारने की कोशिश की, विरोध करने पर उसके और उसके साथी के साथ मारपीट की। हंगामा मचने के बाद प्रॉक्टोरियल बोर्ड के सदस्य पहुंचे तो एक युवक ने खुद को भाजपा नेता का बेटा बताते हुए उनके साथ भी गालीगलौज की। प्रॉक्टोरियल बोर्ड ने पुलिस तो बुलाई, लेकिन युवक के खिलाफ कोई कार्रवाई करने का हौसला नहीं जुटा पाया। इसके बजाय फोन कर उसके भाजपा नेता पिता को बुला लिया जो घटना पर खेद जताने के बाद बेटे को साथ लेकर चलते बने।

एमबीए प्रथम वर्ष की छात्रा सोमवार दोपहर परीक्षा के बाद में अपने एक सहपाठी के साथ कार से घर लौट रही थी। इसी बीच दो बाइक पर पहुंचे तीन युवकों ने प्रशासनिक भवन के पास उनका रास्ता रोक लिया और कार का गेट खोलकर छात्रा को नीचे खींचने लगे। छात्रा और उसके साथी ने विरोध किया तो मारपीट शुरू कर दी। पास ही मौजूद सुरक्षा कर्मियों ने मारपीट रोकने की कोशिश करते हुए प्रॉक्टोरियल बोर्ड को सूचना दी। इस पर चीफ प्रॉक्टर प्रो. एके सिंह, डॉ. यतेंद्र कुमार, डॉ. अमित सिंह वहां पहुंच गए। उन्हें देखकर दो युवक तो भाग गए लेकिन मुख्य आरोपी वहीं खड़ा रहा। प्राक्टोरियल बोर्ड के डांट-डपट करने पर अपने पिता को भाजपा का नेता बताते हुए उनके साथ गालीगलौज किया।

युवक का हौसला देखकर प्रॉक्टोरियल बोर्ड के तेवर नरम हो गए। उन्होंने पुलिस तो बुला ली लेकिन युवक को उसके सुपुर्द करने और कानूनी कार्रवाई करने के बजाय उसके भाजपा नेता पिता को फोनकर घटना की सूचना दी। करीब घंटे भर बाद तिलहर से आरोपी युवक के पिता और भाई पहुंचे। पिता ने बेटे की गलती पर खेद जताया और उसे लेकर चले गए। इस बीच छात्रा के परिजन भी पहुंच गए। छात्रा ने बताया कि आरोपी उसे काफी दिनों से परेशान कर रहा है। उसके घर के आसपास भी चक्कर लगाता रहता है। सोमवार को विश्वविद्यालय आकर उसे कार से खींचने की कोशिश की।



- भाजपा नेता के बेटे ने दो साथियों के साथ मिल की जोर-जबर्दस्ती प्राक्टोरियल बोर्ड से गालीगलौज
- प्राक्टोरियल बोर्ड की सूचना पर पहुंचे भाजपा नेता बेटे को ले गए छात्रा ने पुलिस को नहीं दी तहरीर

> एमबीए की छात्रा के साथ बाहरी युवकों ने अभद्रता की थी। उनमें से एक युवक खुद को तिलहर के भाजपा नेता का बेटा बता रहा था। पुलिस बुला ली थी लेकिन दोनों पक्षों में समझौता हो गया। - डॉ. अमित सिंह, मीडिया प्रभारी रुहेलखंड विश्वविद्यालय।

## रोडवेज का सफर हुआ महंगा तीन रुपये तक बढ़ा किराया

**लखनऊ।** रोडवेज बसों में सफर करना अब और महंगा होगा। टोल टैक्स में वृद्धि के बाद परिवहन निगम ने एसी से लेकर साधारण बसों तक के किराए में एक से तीन रुपये तक की बढ़ोत्तरी का फैसला लिया है। यह दरें सोमवार रात 12 बजे के बाद लागू हो जाएंगी।



राष्ट्रीय राजमार्गों की टोल दरें बढ़ने से रोडवेज बसों के किराए में भी बढ़ोतरी हो गई। प्रति टोल एक रुपये बढ़ रहे हैं। साधारण बस सेवा से यात्रियों को अब लखनऊ से वाराणसी, देहरादून, हरिद्वार जाने के लिए 3 रुपये अधिक देना पड़ेगा। कैसरबाग (लखनऊ) से बरेली सेटेलाइट बस स्टेशन जाने के लिए एक रुपया अधिक देना पड़ेगा। बस्ती, रायबरेली, गोरखपुर, अयोध्या का किराया भी एक रुपया बढ़ा है। निगम की बसों के टिकट में टोल का सरचार्ज जुड़ा होता है। सरचार्ज संशोधित होने पर किराए में वृद्धि के लिए शासन से अनुमति लेने की जरुरत नहीं होती। प्रति बस 35 यात्रियों के आधार पर सरचार्ज का आकलन होता है।

## चार वर्ष की बच्ची से दुष्कर्म हत्या के दोषी को मृत्युदंड

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार :** कैसरगंज थाना क्षेत्र की साढ़े चार वर्षीया बच्ची से दुष्कर्म और हत्या के आरोपी को सोमवार को विशेष न्यायाधीश पाक्सो दीपकांत मणि की कोर्ट ने मृत्युदंड दिया। विशेष न्यायाधीश ने महज दो माह बीस कार्य दिवस (तीन माह 11 दिन) में ही साढ़े चार वर्षीय बच्ची के साथ न्याय करते हुए दोषी को सजा सुनाई, कोर्ट ने 50 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।

बच्ची की मां ने कैसरगंज थाने में तहरीर दी थी कि वह 21 फरवरी 2024 को बाजार गई थी। दोपहर दो बजे घर लौटी तो उसकी बच्ची नहीं थी। बेटे से पूछा, तो उसने बताया कि वह बहन के साथ लाला के घर खेलने गया था। एसओ ने 22 फरवरी को मामला दर्ज किया। राजेश उर्फ लाला ने पूछ-ताछ में दुष्कर्म और हत्या करने की बात कही। पुलिस ने बच्ची का शव का बरामद किया और आरोपपत्र न्यायालय को सौंपा था। कोर्ट ने 29 मार्च को सुनवाई शुरू की थी।



- पुलिस व अभियोजन पक्ष की पैरवी में तीन माह 11 दिन में आया फैसला

## सुरक्षाबलों ने लश्कर के स्वयंभू कमांडर समेत दो आतंकियों को मार गिराया

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले में सोमवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा के एक स्वयंभू कमांडर समेत दो आतंकवादी मारे गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। कश्मीर क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक वी.के. बिरधी ने बताया कि रियाज डार और रईस डार नामक दो आतंकवादी दक्षिण कश्मीर जिले के निहामा इलाके में घेराबंदी और तलाशी अभियान के दौरान हुई मुठभेड़ में मारे गए। रियाज डार प्रतिबंधित लश्कर-ए-तैयबा का कमांडर था और कई आतंकी मामलों में वांछित था। वह कई सालों से सुरक्षा बलों को चकमा दे रहा था। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि सुरक्षा बलों ने वहां आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में पुख्ता जानकारी मिलने के बाद अभियान शुरू किया था। अधिकारी ने बताया कि आतंकवादियों ने तलाशी दल के सदस्यों पर गोलीबारी की और मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए।

- दक्षिणी कश्मीर के पुलवामा जिले में हुई मुठभेड़

# एजेंसियों की विफलता से भागे नीरव मोदी, मेहुल और माल्या

मुंबई, एजेंसी

करोड़ों डॉलर के घोटालों में शामिल नीरव मोदी, मेहुल चोकसी और विजय माल्या जैसे उद्यमी इसलिए देश छोड़कर जाने में सफल रहे क्योंकि जांच एजेंसियां उन्हें सही समय पर गिरफ्तार नहीं कर पाईं। यहां एक विशेष अदालत ने हाल में यह बात कही।


विशेष न्यायाधीश एम जी देशपांडे ने धनशोधन रोकथाम कानून के तहत निरुद्ध एक आरोपी की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की जिसने अपनी जमानत शर्तों में बदलाव का अनुरोध किया था। अदालत ने धनशोधन मामले में आरोपी व्योमेश शाह की इस याचिका को 29 मई को विचारार्थ स्वीकार कर लिया था जिसमें उसने अनुरोध किया था कि विदेश यात्रा के लिए अदालत की पूर्व अनुमति लेने की जमानत की शर्त को हटाया जाए। विस्तृत आदेश हाल में उपलब्ध कराया गया।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दलील दी थी कि शाह की अर्जी को स्वीकार करने से नीरव मोदी, विजय माल्या और मेहुल चोकसी के मामलों जैसी परिस्थितियां पैदा होंगी।

इस पर न्यायाधीश ने कहा कि ये सभी लोग, सही समय पर इन्हें गिरफ्तार नहीं कर पाने में संबंधित जांच एजेंसियों की नाकामी की वजह से भागे। उन्होंने कहा कि शाह के मामले की तुलना नीरव मोदी, विजय माल्या और मेहुल चोकसी आदि के मामलों से नहीं की जा सकती।







- मुंबई की एक विशेष अदालत ने सुनवाई के दौरान की टिप्पणी
- सही समय पर गिरफ्तारी में नाकाम रहीं एजेंसियां : कोर्ट

### ईडी और सीबीआई कर रहीं तीनों के मामलों की जांच

हीरा कारोबारी नीरव मोदी भारत और विदेशों में डायमंड ज्वेलरी ब्रांड 'नीरव मोदी' के संस्थापक हैं। 2018 में नीरव मोदी पर पंजाब नेशनल बैंक के साथ लगभग 14,000 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का आरोप है। इसके बाद वे भारत से फरार हो गए। मोदी को मार्च 2019 में लंदन में गिरफ्तार किया गया और फिलहाल वे प्रत्यर्पण की प्रक्रिया का सामना कर रहे हैं। जबकि, विजय माल्या 'यूनाइटेड ब्रेवरीज़ ग्रुप' और 'किंगफिशर एयरलाइंस' के मालिक थे। माल्या पर विभिन्न बैंकों के लगभग 9,000 करोड़ रुपये के ऋण न चुकाने का आरोप है। 2016 में वे लंदन चले गए। ब्रिटिश कोर्ट ने उनके भारत प्रत्यर्पण की मंजूरी दे दी है, लेकिन उन्होंने फैसले के खिलाफ अपील की है। वहीं, गीतांजलि जेम्स लिमिटेड के मालिक मेहुल पर भी पंजाब नेशनल बैंक के साथ 13,000 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का आरोप है। इनका भांजा नीरव भी इसी मामले में आरोपी है। चौकसी 2018 में एंटीगुआ और बारबुडा भाग गए और वहां की नागरिकता प्राप्त की। इन मामलों की जांच ईडी और सीबीआई कर रही हैं।

# हाथ बदलेगा हालात और साइकिल करेगी हवा से बात या कमल का फिर साथ... फैसला होगा आज

## सुबह 8 बजे शुरू होगी मतगणना, आधे-एक घंटे में पहला रुझान, 12 से 1 बजे के बीच स्पष्ट संकेत मिलने की उम्मीद

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** दावों के लंबे सिलसिले के बाद आखिर फैसले का दिन आ गया। मंगलवार को दोपहर तक साफ हो जाएगा कि बरेली और आंवला में आपके नए सांसद कौन होंगे। परसाखेड़ा वेयरहाउस में सुबह आठ बजे मतगणना शुरू हो जाएगी और 12 से 1 बजे तक काफी हद तक स्पष्ट रुझान मिल जाने की उम्मीद है। बरेली और आंवला दोनों सीटों पर भाजपा और सपा-कांग्रेस के इंडिया गठबंधन के बीच सीधा मुकाबला है। दोनों दलों के प्रत्याशियों के खेमों में सोमवार को पूरे दिन तैयारियां चलती रहीं। प्रशासन के अफसर भी निर्विघ्न ढंग से मतगणना सुनिश्चित करने के लिए दिन भर दौड़ते रहे।

बरेली और आंवला दोनों संसदीय क्षेत्रों में कुल मिलाकर 22 प्रत्याशियों ने चुनाव लड़ा था। तीसरे चरण में 7 मई को दोनों सीटों के लिए मतदान होने के बाद कड़ी सुरक्षा के बीच ईवीएम परसाखेड़ा में बनाए गए स्ट्रांग रूम में रखी गई थीं जो मंगलवार को एक-एक कर खुलेंगी तो कुछ ही देर में फैसला कर देंगी कि चुनावी जंग में कौन किस पर भारी पड़ा। मतगणना कराने के पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित करने के लिए डीएम रविंद्र कुमार और एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान मंगलवार को पूरे दिन व्यस्त रहे। प्रत्याशियों और उनके प्रतिनिधियों को कई दौर की बैठकों में पहले ही चुनाव आयोग की गाइड लाइन की जानकारी दे दी गई है।

परसाखेड़ा में मतगणना के लिए नौ कक्ष बनाए गए हैं। सभी कक्षों में प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के वोटों की गणना होगी। प्रत्येक मतगणना कक्ष में 14 और एक एआरओ के लिए टेबल रहेगी। इसके अलावा दो कक्ष एआरओ, एक मीडिया और एक कक्ष आब्जर्वर के लिए भी बनाया गया है। बरेली संसदीय सीट की पांच, आंवला की तीन और पीलीभीत की बहेड़ी विधानसभा क्षेत्र की काउंटिंग परसाखेड़ा में होगी, जबकि आंवला लोकसभा क्षेत्र के शेखूपुर, दातागंज की मतगणना बदायूं जिले में होगी।

आठ बजे से शुरू होने वाली मतगणना के लिए सुबह साढ़े पांच बजे ही छह बजे ही प्रत्याशियों के एजेंट और मतगणना कार्मिकों को बुलाया गया है, ताकि छह बजे से सभी अपनी-अपनी ड्यूटी पर मुस्तैद हो जाएं। प्रत्याशी या उनके एजेंटों की मौजूदगी में ही स्ट्रांग रूम खोलकर ईवीएम मतगणना कक्ष तक लाई जाएंगी।








परसाखेड़ा वेयरहाउस में बनाए गए मतगणना स्थल के गेट पर तैनात पुलिस फोर्स। ● अमृत विचार

### बरेली और आंवला में खुलेगा इन प्रत्याशियों की किस्मत का पिटारा

बरेली सीट पर भाजपा से छत्रपाल सिंह गंगवार, इंडिया गठबंधन के तहत सपा से प्रवीण सिंह ऐरन, पीस पार्टी से इरशाद अंसारी एडवोकेट, सम्राट मिहिर भोज पार्टी से जगपाल सिंह यादव, भारत जोड़ो पार्टी से मो. नाजिम अली, पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक) से भूपेंद्र कुमार मौर्य, सरदार पटेल सिद्धांत पार्टी से रवि कुमार और जन शक्ति एकता पार्टी से रोहताश कश्यप मैदान में हैं। आयशा बी, आशीष गंगवार, नितिन मोहन, बुद्धप्रिय कर्मराज और वसीम मियां समेत पांच प्रत्याशी निर्दलीय हैं। आंवला सीट पर भाजपा से धर्मेंद्र कश्यप, सपा से नीरज मौर्य, बसपा से आबिद अली, पीस पार्टी से कौसर खां, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी से निर्मोद कुमार सिंह, वंचित समाज इंसाफ पार्टी से प्रेमपाल सागर, भारत जोड़ो पार्टी से मोहम्मद आमिर खां, सरदार पटेल सिद्धांत पार्टी से राजकुमार पटेल के साथ मक्खन लाल निर्दलीय उम्मीदवार हैं।

### 8.30 से 9 बजे के बीच आ सकता है मतगणना का पहला रुझान

परसाखेड़ा वेयरहाउस में बनाए गए मतगणनास्थल पर मंगलवार को सुबह आठ बजे वोटों की गिनती शुरू हो जाएगी। अधिकारियों के मुताबिक, गणना शुरू होने के आधा या एक घंटे के अंदर पहला रुझान आने की संभावना है। 8.30 से 9 बजे के बीच पहले राउंड पर हुई वोटों की गिनती के आधार पर रुझान आ सकते हैं। वहीं, 12 से 1 बजे के बीच स्पष्ट संकेत मिलने की उम्मीद है कि किस सीट पर किसकी किस्मत खुल रही है। शाम चार से पांच बजे तक मतगणना पूरी होने की संभावना है। मतगणना के बाद बरेली संसदीय सीट से जीतने वाले प्रत्याशी को डीएम रविंद्र कुमार की ओर से जीत का प्रमाण पत्र मौके पर ही दिया जाएगा, आंवला के जीते प्रत्याशी को सीडीओ जगप्रवेश प्रमाण पत्र देंगे।

- **मतगणना कक्ष के अंदर मोबाइल समेत किसी भी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण नहीं ले जा सकेंगे।**
- **मतगणना स्थल के 100 मीटर के दायरे में सभी प्रकार की गतिविधियां पर रोक रहेगी।**
- **मतगणना स्थल पर कोई भी पानी की बोतल, भोजन आदि भी नहीं ले जा सकेगा।**

### इतने महिला और पुरुषों ने किया था मतदान

बरेली संसदीय क्षेत्र के कुल 10 लाख 29 हजार 111 पुरुष मतदाताओं में से छह लाख 11 हजार 371 ने वोट डाले। महिला मतदाताओं की संख्या आठ लाख 95 हजार 247 थी, जिनमें से पांच लाख पांच हजार 363 ने ही मतदान किया। आंवला में 10 लाख 16 हजार 922 पुरुष मतदाताओं में से पांच लाख 97 हजार 100 पुरुषों ने मतदान किया है। महिला मतदाताओं की संख्या आठ लाख 64 हजार 744 थी जिनमें से चार लाख 89 हजार 578 महिलाओं ने वोट डाले हैं।

### आरओ कक्ष में गिने जाएंगे पोस्टल बैलेट

बरेली और आंवला संसदीय सीट के लिए पोस्टल बैलेट से हुए मतदान की गणना आरओ कक्ष में होगी। आंवला में नौ टेबल पोस्टल बैलेट और एक आरओ की टेबल होगी। इसी तरह बरेली में 11 टेबल पड़ेंगी, जिसमें 10 पर पोस्टल बैलेट की गिनती होगी, एक टेबल आरओ की होगी।

### करीब 850 कार्मिक करेंगे मतगणना

दोनों लोकसभा क्षेत्रों की आठ और बहेड़ी विधानसभा की मतगणना के लिए करीब 850 कार्मिकों की ड्यूटी लगाई गई है। प्रत्येक कक्ष में मतगणना पर नजर रखने के लिए राजनीतिक दलों के 15-15 एजेंट भी मौजूद रहेंगे। सभी को प्रशासन ने मतगणना कक्ष में प्रवेश के लिए पास जारी किए हैं।

### फोन करना हो तो...

प्रत्याशियों और उनके चार लोगों की सुविधा के लिए गेट नंबर 1,2 और 3 से कुछ दूरी पर मजिस्ट्रेट लगाए हैं, जहां वे अपने मोबाइल फोन जमा कर सकेंगे। बाहर आकर इनका उपयोग करके वे फिर मतगणना कक्ष में जा सकते हैं। इसके अलावा आरओ, एआरओ और ऑब्जर्वर को मोबाइल फोन अंदर ले जाने की अनुमति रहेगी।

### गलत गेट से घुसे तो...

मतगणना स्थल पर गेट नंबर एक से आंवला के कार्मिकों और एजेंट का प्रवेश होगा और गेट नंबर दो से बरेली लोकसभा क्षेत्र के कार्मिकों और एजेंटों को। गेट नंबर तीन से मीडिया कर्मियों को प्रवेश मिलेगा। सीडीओ ने बताया कि सभी कार्मिकों और एजेंटों को प्रवेश द्वार के बारे में विस्तार से बता दिया गया है। गलत गेट से प्रवेश करने पर लौटा दिया जाएगा।

### बिजली सप्लाई दुरुस्त रखने के लिए मतगणना स्थल पर टीम तैनात

**बरेली, अमृत विचार :** परसाखेड़ा में मंगलवार को होने वाली लोकसभा चुनाव की मतगणना के दौरान बिजली आपूर्ति बाधित न हो, इसके लिए टीम को तैनात किया गया है। ट्राली ट्रांसफार्मर के साथ चार जेनरेटर को भी रिजर्व में रखा गया है। जिससे मतगणना के दौरान कोई दिक्कत न हो। अधिशासी अभियंता सत्येन्द्र चौहान ने बताया कि अभी मतगणना स्थल पर नदोसी और परसाखेड़ा रोड नंबर दो फीडर से बिजली सप्लाई दी जा रही है। आपात स्थिति के लिए 400 केवीए का ट्राली ट्रांसफार्मर के साथ चार जेनरेटर की व्यवस्था की है। वहीं एसडीओ और जेई के साथ दो संविदा कर्मचारियों को भी मतगणना समाप्त होने तक डयूटी पर लगा दिया गया है।

### मतगणना के दौरान सजग रहें एजेंट




**बरेली, अमृत विचार :** सिविल लाइंस स्थित भाजपा कार्यालय पर सोमवार शाम को मतगणना एजेंटों के लिए प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। बरेली लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी छत्रपाल सिंह गंगवार ने कहा कि एजेंट मतगणना के दौरान सजग रहें और समय बरतें। वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार, लोकसभा प्रभारी देवेंद्र सिंह चौधरी, विधायक संजीव अग्रवाल, महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना ने भी एजेंटों को चौकन्ना रहने की बात कही। मेयर डॉ. उमेश गौतम ने कहा कि हार के डर से विपक्ष मतगणना स्थल पर माहौल खराब करने की कोशिश कर सकता है। एजेंट अपना काम करते रहेंगे। डॉ. केएम अरोड़ा, अनिल कुमार, गुलशन आनंद, डॉ.चंद्रपाल सिंह, प्रभु दयाल लोधी, बंटी ठाकुर, प्रत्तेश पांडेय, योगेंद्र शर्मा, सतीश यादव, जेपीएस पाल आदि मौजूद रहे।

### प्रेक्षकों ने लिया मतगणना स्थल पर तैयारियों का जायजा



**बरेली, अमृत विचार :** डीएम रविंद्र कुमार के साथ सोमवार को मतगणना स्थल का जायजा लेने पहुंचे प्रेक्षकों ने यहां की तैयारियों पर संतुष्टि जताई। आंवला लोकसभा क्षेत्र के प्रेक्षक मुकेश कुमार आहूजा और बरेली के प्रेक्षक जीवन बाबू ने निरीक्षण के दौरान चुनाव आयोग की गाइड लाइन के अनुरूप मतगणना कराने के निर्देश दिए। कहा, गर्मी को देखते हुए मतगणना कक्ष में पंखों की पर्याप्त व्यवस्था रखी जाए ताकि कार्मिकों को परेशानी न हो। इस दौरान एसएसपी घुले सुशील चन्द्रभान, सीडीओ जग प्रवेश, एडीएम प्रशासन दिनेश भी मौजूद रहे।

# पुलिस की जिम्मेदारी, कोई मोबाइल फोन या इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस न ले जाए अंदर

### हुड़दंग न करें समर्थक

एसएसपी ने पुलिस लाइन सभागार में पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिया कि मतगणना स्थल पर सतर्कता बरतें और सुनिश्चित करें कि उम्मीदवारों के समर्थक हुड़दंग न करें।

**बरेली, अमृत विचार :** मतगणना के लिए सोमवार को डीएम रविंद्र कुमार और एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान ने पुलिसकर्मियों के साथ परसाखेड़ा स्थित मतगणनास्थल पर ब्रीफिंग की। डीएम ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि चुनाव आयोग की गाइड लाइन के अनुसार वे कानून व्यवस्था का पालन कराएं। गर्मी के मद्देनजर खुद का भी ख्याल रखें।

डीएम ने कहा कि चुनाव आयोग से जिन्हें मोबाइल फोन ले जाने की अनुमति दी गई है, उन्हें छोड़कर किसी को मोबाइल या इलेक्ट्रॉनिक उपकरण अंदर न लाने दिए जाएं। एसएसपी ने सभी पुलिसकर्मियों से कहा कि सभी पुलिसकर्मी अपने ड्यूटी स्थल पहले देख लें ताकि मतगणना के दिन वहां पहुंचने में समस्या न हो। जिन पुलिस कर्मियों की ड्यूटी गेट पर लगी है, उनकी जिम्मेदारी होगी कि किसी को मतगणना हॉल के अंदर पानी की बोतल, मोबाइल, गैजेट्स न ले जाने दें। इस दौरान सीडीओ जगप्रवेश, एडीएम प्रशासन दिनेश, एडीएम वित्त एवं राजस्व संतोष बहादुर सिंह, एडीएम सिटी सौरभ दुबे, एसपी सिटी राहुल भाटी समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



मतगणनास्थल पर ब्रीफिंग के दौरान पुलिस अफसर। ● अमृत विचार

### पांच एडिशनल एसपी समेत एक हजार पुलिस कर्मी तैनात रहेंगे मतगणना स्थल पर

**बरेली, अमृत विचार :** मतगणना स्थल पर पांच एडिशनल एसपी समेत एक हजार पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया है। मंगलवार को परसाखेड़ा में मतगणना होगी। इसको लेकर एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान ने सभी अधिकारियों और पुलिस कर्मियों के साथ बैठक कर दिशा निर्देश दिए। एसएसपी के अनुसार पांच एडिशनल एसपी, नौ सीओ, दो कंपनी सीआरपीएफ, दो कंपनी पीएसी, एक हजार पुलिसकर्मी, 150 इंस्पेक्टर, दरोगा और 20 एसएचओ मतगणना के दौरान तैनात रहेंगे।



### डायवर्जन का झमेला

मंगलवार को दिल्ली रोड पर परसाखेड़ा वेयरहाउस में मतगणना के लिए सोमवार शाम से रूट डायवर्जन प्लान लागू कर दिया गया। इससे दिल्ली रोड पर यातायात बंद हुआ तो शहर के अंदरूनी रास्तों पर ट्रैफिक बढ़ गया। इससे जाम लगना शुरू हो गया। डेलापीर रोड, सौ फुटा रोड और शहामतगंज इलाके में वाहनों की आवाजाही बढ़ने से बार-बार जाम लगता रहा। कई बार लोगों को काफी देर तक वाहनों की भीड़भाड़ में फंसा रहना पड़ा। शहामतगंज पुल के नीचे सोमवार शाम लगा जाम।

# यह भी होगा फैसला, पन्ना प्रमुख अकेला भारी पड़ा या एक बूथ पर 20 यूथ

**बरेली, अमृत विचार :** चुनाव के नतीजे यह भी तय करेंगे कि भाजपा के पन्ना प्रमुखों की मेहनत रंग लाई या सपा का वन बूथ 20 यूथ का फार्मूला कामयाब हुआ। हालांकि यह पहले ही साफ हो चुका है कि पार्टी हाईकमान के तमाम निर्देशों के बावजूद दोनों पार्टियों के ये लड़ाके मतदान प्रतिशत बढ़ाने में कामयाब नहीं हो सके।

सपा ने बूथों पर आठ हजार से ज्यादा कार्यकर्ता लगाए थे। इनमें जोन और सेक्टर प्रभारी के साथ प्रकोष्ठों के पदाधिकारी भी शामिल थे। सपा महानगर अध्यक्ष शमीम खां सुल्तानी के मुताबिक कैंट और शहर विधानसभा क्षेत्र के 797 के बूथों पर पार्टी के 15 हजार 940 युवा कार्यकर्ताओं के साथ पदाधिकारियों ने पार्टी के पक्ष में मतदान कराने का भरपूर प्रयास किया। ईमानदारी से मतगणना हुई तो इसका परिणाम जरूर निकलेगा। भाजपा प्रवक्ता बंटी ठाकुर ने बताया कि शहर विधानसभा क्षेत्र के 431 और कैंट के 366 बूथों पर 11 हजार से ज्यादा पन्ना प्रमुखों की तैनाती की गई थी। पन्ना प्रमुखों ने बखूबी अपनी जिम्मेदारी निभाई।

# भाजपा की मंशा शासन पर दबाव बनाने की

- **इंडिया गठबंधन ने एग्जिट पोल पर उठाए सवाल, कहा- कई सीटें जीतेंगे**
- **सपा नेताओं ने कहा, मतगणना में षडयंत्र हुआ तो करेंगे आंदोलन**

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** एग्जिट पोल सुनियोजित हैं और इन्हें न्यूज चैनलों पर दिखाकर देश में भ्रम की स्थिति फैलाई गई है। देश भर में जनता का भाजपा के खिलाफ जो रुख पूरे चुनाव में दिखाई दिया, ये एग्जिट पोल ठीक उसके उलट हैं। यह भाजपा का षड्यंत्र है कि सभी एग्जिट पोल इंडिया गठबंधन के खिलाफ दिखाए गए। भाजपा की शासन पर भी दबाव बनाने की युक्ति इसमें नजर आ रही है।

समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष शिवचरन कश्यप ने सोमवार को एक होटल में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह बात कही। उन्होंने कहा कि अफवाह उड़ाकर मतगणना को प्रभावित करने का प्रयास किया जा रहा है।

यह सत्ता का दुरुपयोग है जो लोकतंत्र के लिए ठीक नही है। हम निष्पक्ष मतगणना चाहते हैं। पार्टी प्रमुख के निर्देश पर बुलाई गई प्रेस कॉन्फ्रेंस में जिलाध्यक्ष ने कहा कि बरेली समेत मंडल की कई सीटों पर इंडिया गठबंधन की जीत सुनिश्चित है। गठबंधन प्रत्याशी प्रवीण सिंह ऐरन ने कहा कि 2014 और 2019 में भाजपा की रैलियों में जैसी भीड़ दिखाई दी थी, इस चुनाव में कहीं नजर नहीं आई।

उनके पंडाल भी ठीक तरह नहीं भर पा रहे थे। इसी वजह से बरेली में भी प्रधानमंत्री को एक पॉश इलाके में रोड शो करना पड़ा। बोले, जनता साफ तौर पर भाजपा के खिलाफ खड़ी नजर आ रही थी फिर भी एग्जिट पोल के जरिये षडयंत्र रचा जा रहा है। महानगर अध्यक्ष शमीम खां सुल्तानी ने कहा कि मतगणना के दौरान कोई षडयंत्र भाजपा के इशारे पर किया गया तो लोहिया के लोग आंबेडकर के संविधान की ताकत के दम पर लोकतांत्रिक आंदोलन करने से पीछे नहीं रहेंगे।

सपा नेताओं ने कहा कि समाजवादियों का साथ देने के लिए हजारों लोग मतगणना स्थल के आसपास रहेंगे। वार्ता के समय सपा के प्रदेश महासचिव अताउर रहमान, विधायक शहजिल इस्लाम, पूर्व विधायक विजय पाल, रविंद्र यादव, संजीव यादव, प्रवक्ता मयंक शुक्ला, पार्षद राजेश अग्रवाल, मनोहर पटेल मौजूद थे।

School Education
ADMISSION OPEN
For Advertisement Contact :
7906732664, 8445507002

PLACEMENT WITH 12-18 LACS CTC IS HABIT HERE
FUTURE
Learn · Assimilate · Transcend
BAREILLY
ADMISSIONS OPEN
B.Tech. • MBA • MCA • B.Pharm. • D.Pharm.
BAMS • BBA • BCA • ANM • GNM • B.Ed. • D.El.Ed
Polytechnic • B.Sc. (Nursing) • Diploma in X-Ray Tech./ OT Tech./ Optometry
Bareilly office: D-46, 2nd Floor, Butlar Plaza Ph.: 9012313333
Aonla : Pragati Nagar Gate, Shahbad Road. Ph.: 9105050471
Campus: Bareilly-Lucknow Road, Near Faridpur, Bareilly
Call: 9917480040 | www.futureinstitutions.org

JYOTI COLLEGE
of Management Science & Technology
Estd. 2000
Email: contact@jyoticollege.com | Web: www.jyoticollege.com
B.Sc. Nursing | G.N.M.
M.Sc. Nursing | A.N.M.
P.B.B.Sc. Nursing | D.P.T.
College Code: 2430244 | D.R. Optometry
ADMISSION OPEN
D.Pharma | M.Ed.
D.M.L.T. | B.Ed
FREE CLASSES FOR CNET - 2024
Budaun Office: Malgodam Road, Civil Lines, Near Railway Station, Budaun- Mob.: 7906222523, 9837997770
Bisalpur Office: Govt. Degree College Raod, Bisalpur, Pilibhit- Mob.: 9105495531
Pilibhit Office: Kishan Bihar Colony, Near Om Lawn, Pilibhit- Mob.: 9837510267
Campus: Mudia Ahmad Nagar, Near Airport Gate, Pilibhit Road, Bareilly
Head Office: Gurah Compound, Macnair Road, Behind PNB Bank, Prem Nagar, Bareilly
Ph.: 9219459111, 6395711513, 9837028420

www.anacollege.org
•BAMS •B.Sc.Nur. •GNM
•B.Pharma •D.Pharma
•Polytechnic •M.Tech
•B.Tech •M.B.A.
•B.B.A. •B.C.A.
ANA Group of Institutions
ADMISSION OPEN 2024-25
Best Placements in the Region
Campus: 13.5 Km. Bareilly-Delhi Highway, Near Rubber Factory, Agras Road, Bareilly U.P. (243501)
8937002800/8937002805




# नगर निगम डूब रहा अफसरों की मनमानी में...शहर डूबेगा नालों के पानी में

## बरसात से पहले नालों की सफाई के मुद्दे पर डीएम की बुलाई बैठक में गैरहाजिर रहे चीफ इंजीनियर स्पष्टीकरण मांगने पर 10 दिन के अवकाश पर गए

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** बरसात से पहले नालों की सफाई की तैयारी के बीच नगर निगम के चीफ इंजीनियर अपने पीछे तमाम कहानियां छोड़कर 10 दिन के मेडिकल अवकाश पर चले गए हैं। दरअसल, 1 जून को नाला सफाई पर ही डीएम की ओर से बुलाई गई बैठक में गैरहाजिर रहने पर नगर आयुक्त ने उनका जवाबतलब किया था। इससे पहले भी हाल ही में विकास कार्यों की कई फाइलों को आगे न बढ़ने देने के लिए उन्हें कई नोटिस दिए गए थे। छुट्टी जाने से पहले उन्होंने किसी नोटिस का जवाब भी नहीं दिया। अब नगर आयुक्त ने उनके खिलाफ शासन को भी लिखा है।

बरसात शुरू होने में कुछ ही दिन रह गए हैं। हर बारिश में नालों में उफान से भारी जलभराव से जूझने वाले इस शहर में आचार संहिता की वजह से नालों की सफाई शुरू होने में पहले ही काफी देरी हो चुकी है। इसके बाद भी चीफ इंजीनियर पुनीत कुमार ओझा इसकी फाइल को काफी समय से अटकाए हुए थे। नालों की सफाई के साथ 40 करोड़ के विकास कार्यों की फाइल भी अटकी हुई है। बताया जाता है कि इन कार्यों के टेंडर हो चुके हैं। इसके साथ टेक्निकल और फाइनेंशियल बिड भी खुल चुकी है लेकिन चीफ इंजीनियरकी ओर से वर्कआर्डर पर हस्ताक्षर न किए जाने से कोई काम शुरू नहीं हो पाया है। समय गुजरने के साथ नगर निगम पर इसका दबाव बढ़ता जा रहा है।

नगर आयुक्त निधि गुप्ता वत्स ने 28 मई को प्रस्तावित कार्यों की समीक्षा बैठक में कायाकल्प और 14 वें वित्त के कार्यों की प्रगति के बारे में जानकारी मांगी थी। यह जानकारी भी उपलब्ध नहीं कराई गई। नगर आयुक्त ने इस पर 30 मई को चीफ इंजीनियर से स्पष्टीकरण मांगा था। उन्हें दिए नोटिस में साफ कहा था कि अफसरों के आदेशों की अवहेलना अनुशासनहीनता अधीनस्थों पर नियंत्रण न होने का प्रतीक है। नगर आयुक्त ने तीन दिन में जवाब मांगा था लेकिन चीफ इंजीनियर ने कोई जवाब नहीं दिया।

- 40 करोड़ के कामों की भी फाइल अटकाए हुए थे, नोटिस का जवाब भी नहीं दिया
- नगर आयुक्त ने शासन के साथ डीएम-कमिश्नर को भी पत्र लिखकर दी जानकारी

### चीफ इंजीनियर के खिलाफ अनुशासनहीनता मामले में शासन के साथ डीएम और कमिश्नर को भी पत्र

नगर आयुक्त निधि गुप्ता वत्स ने बताया कि चीफ इंजीनियर को नोटिस जारी किया गया है। 1 जून की शाम को डीएम की अध्यक्षता में शहर के नालों की सफाई के संबंध में हुई बैठक में वह नहीं पहुंचे थे जबकि अप्रैल में ही पत्र जारी कर निर्देश दिए गए थे कि कोई अधिकारी बिना अवकाश स्वीकृत कराए मुख्यालय नहीं छोड़ेगा। इस प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए चीफ इंजीनियर के खिलाफ शासन के साथ कमिश्नर और डीएम को भी पत्र भेजा गया है। नगर आयुक्त ने बताया कि निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता लगातार लापरवाही कर रहे हैं। विकास के काम न होने के कारण शहर के लोग नाराज हो रहे हैं और शासन की भी छवि खराब हो रही है। चीफ इंजीनियर इसके बाद भी अपने दायित्वों का निर्वहन ठीक से नहीं कर रहे हैं। उच्चाधिकारियों के भी आदेशों की अवहेलना की जा रही है।


मढ़ीनाथ : बरसात के मौसम में शहर के ज्यादातर इलाकों में होते हैं ऐसे नजारे। ● फाइल फोटो

"सर्वाइकल के कारण हमें डॉक्टर ने आराम करने की सलाह दी है। इस पर हमने दस दिन के मेडिकल अवकाश के लिए नगर आयुक्त कार्यालय को आवेदन भेजा है। ठीक होने के बाद फिर काम पर आ जाऊंगा। – **पुनीत कुमार ओझा**, मुख्य अभियंता

### कमीशनखोरी के लिए बदनाम निर्माण विभाग में आम है अफसरों की मनमानी

नगर निगम का निर्माण विभाग कमीशनखोरी के लिए काफी बदनाम हो चुका है। इस विभाग के अफसरों की मनमानी की घटनाएं भी काफी आम हो चुकी हैं। कमीशनखोरी, सरकारी राजस्व को नुकसान पहुंचाने औरआदेशों की अवहेलना के मामले में ही मई 2023 में नगर निगम के तत्कालीन चीफ इंजीनियर भूपेश कुमार सिंह को शासन ने निलंबित किया था। यह कार्रवाई भी नगर आयुक्त की रिपोर्ट पर की गई थी। हालांकि इसके बावजूद निर्माण विभाग में माहौल नहीं बदला। कुछ ही दिन पहले चीफ इंजीनियर पुनीत कुमार ओझा का भी नगर आयुक्त ने आदेश करने के बावजूद भुगतान न करने पर जवाबतलब किया था।

## एक नजर

### गर्मी का एक और झटका देकर नौतपा विदा, देर रात बारिश से मिली राहत

**बरेली, अमृत विचार :** सोमवार को एक बार फिर अधिकतम तापमान बढ़ने से लोग गर्मी से बेहाल हो गए। हालांकि देर रात बारिश से तापमान थोड़ा गिर गया। मौसम विज्ञानियों के अनुसार नौतपा के आखिरी दिन अधिकतम तापमान में 1.9 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हुई। आईएमडी की आधिकारिक बेवसाइट के अनुसार सोमवार को अधिकतम तापमान 41.3 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 27.9 डिग्री रहा जो सामान्य से 1.5 डिग्री ज्यादा था। सुबह 61 प्रतिशत और शाम को 32 प्रतिशत आर्द्रता रही। सोमवार को पूरा दिन तपाने के बाद रात दो बजे कुछ देर के लिए हुई तेज बारिश से काफी राहत मिली और तापमान कुछ कम हो गया। आंचलिक मौसम केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक डॉ. अतुल कुमार सिंह ने बताया कि मंगलवार को भी हल्की बूंदाबांदी के आसार हैं। इससे तापमान में कमी आएगी जिससे लोगों को राहत मिलेगी लेकिन इसके बाद छह जून से न्यूनतम और अधिकतम तापमान फिर बढ़ना शुरू हो जाएगा।

### रामलीला गौंटिया के लोग भी पानी के लिए तरसे तो पहुंचे नगर निगम

**बरेली, अमृत विचार :** बढ़ती गर्मी में बिजली कटौती और पानी की कमी से शहर के कई क्षेत्र प्रभावित हैं। वार्ड 46 के रामलीला गौंटिया में पुराना शिव मंदिर के पास रह रहे स्थानीय लोग एक माह से पेजयल समस्या से जूझ रहे हैं। शुक्रवार को लोग नगर निगम पहुंचे। यहां नगर आयुक्त मौजूद नहीं थीं। इसपर उन्होंने उनके कार्यालय में ज्ञापन दिया और समस्या बताई। भजन लाल ने बताया कि भीषण गर्मी में पानी की समस्या लेकर पहले भी उच्च अधिकारियों से मिल चुके हैं, लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हो सका है। इस दौरान हरिराम, नेत्रपाल, प्रेमपाल आदि मौजूद रहे।

# ... तो 400 करोड़ की अमृत योजना ने बुझाई किसकी प्यास

## किसी काम नहीं आ रहे हैं अमृत योजना के तहत हुए काम, इसीलिए शहर में कम होने के बजाय और बढ़ा पानी का संकट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** कहने को अफसरों ने पिछले चार साल में लोगों की प्यास बुझाने के लिए अमृत योजना के तहत चार सौ करोड़ का भारी-भरकम बजट खर्च किया लेकिन इसके बाद भी शहर में पानी का संकट कम होने के बजाय और बढ़ गया। पानी के संकट से बेहाल लोग जिस तरह लगातार नगर निगम में विरोध प्रदर्शन करने पहुंच रहे हैं, वैसा पहले कभी नहीं हुआ। अमृत योजना के तहत हुए कामों की जो हालत है, उससे इसकी यह वजह भी साफ हो रही है कि अफसरों का जोर घर-घर पानी पहुंचाने पर रहा ही नहीं। जैसे-तैसे बजट ठिकाने लगाकर उन्होंने हाथ झाड़ लिए।

अमृत योजना के तहत बरेली को करीब 12 सौ करोड़ रुपये मिले थे। सरकारी दावा है कि इसमें से करीब चार सौ करोड़ की धनराशि को शहर पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था को सुदृढ़ करने पर खर्च किया गया है। इसके लिए योजना के तहत कई नए ओवरहेड टैंक बनाने के साथ पुरानी पाइप लाइनों की जगह नई पाइन लाइन डाली गई थी ताकि पानी की आपूर्ति में कोई दिक्कत न हो। लेकिन अब भीषण गर्मी में पानी की जरूरत बढ़ने के बाद यह सारी व्यवस्था फेल नजर आ रही है। ज्यादातर इलाकों में अब तक नई पाइप लाइन से पानी की सप्लाई ही शुरू नहीं की गई है। ऐसा क्यों है, अफसर इसका जवाब तक नहीं दे पा रहे हैं। खुर्रम गौंटिया और बदायूं रोड समेत कई इलाकों में काफी कम गहराई पर पाइप लाइन डाली गई है जो अक्सर फट जाती है। इसके अलावा सूफी टोला, गंगापुर, कालीबाड़ी, जगतपुर समेत कई इलाकों में नई पाइप लाइन होने के बावजूद पुरानी पाइप लाइन से ही सप्लाई की जा रही है। इससे आने वाला पानी इतना गंदा होता है कि लोग उसका इस्तेमाल ही नहीं कर पाते। पाइप लाइन टूट जाने पर कई-कई दिन पानी की सप्लाई भी ठप पड़ी रहती है। अफसर इस मामले में भी कोई जवाब नहीं दे पा रहे हैं कि नई पाइप लाइन डाले जाने के बावजूद पुरानी पाइप लाइन से सप्लाई क्यों की जा रही है।

- नई पाइप लाइन में पानी आता नहीं, पुरानी से आ रहा गंदा पानी पीने लायक नहीं
- कई ट्यूबवेलों पर नहीं लगा ऑटोमैटिक सिस्टम, पूरे नहीं भर पा रहे ओवरहेड टैंक

### गर्मी से पहले पायलट प्रोजेक्ट पर भी काम नहीं

शहर में 24 घंटे जलापूर्ति की योजना के लिए इंद्रानगर वार्ड को चयन किया गया है। करीब 21 करोड़ रुपये के बजट से जल निगम को इस प्रोजेक्ट पर काम करना है। वार्ड के 2172 घरों में मीटर लगेंगे। गलियों में लॉक वाली पाइप लाइन डाली जाएगी। इस मोहल्ले में 1982-83 में पाइप लाइन डाली गई थी। अब इसे बदला जाना है। जरूरत के मुताबिक ओवरहेड टैंक भी बनाया जाएगा। इस काम के लिए टेंडर निकाले गए थे लेकिन दो बिड होने के कारण टेंडर नहीं हो सका है।

### बोरिंग को ठीक करने का काम शुरू

नवादा शेखान में बोरिंग खराब होने से करीब एक साल से ट्यूबवेल चल नहीं पा रहा था। इस मामले को एक सप्ताह पहले अमृत विचार ने प्रकाशित किया था जिसके बाद जलकल विभाग ने बोरिंग को ठीक कराने का काम शुरू कर दिया है। नवादा शेखान में स्मार्ट सिटी के तहत साल भर पहले यह ट्यूबवेल बना था।



शाहामतगंज में अमृत योजना के तहत बना ओवरहेड टैंक। ● अमृत विचार

### 400 करोड़ खर्च करके भी 18 इलाकों में भेज रहे हैं पानी के टैंकर

नगर निगम के जलकल विभाग के अधिशासी अभियंता सिद्धार्थ कुमार ने बताया कि गर्मी को देखते हुए जलकल विभाग सभी 94 नलकूप और ओवरहेड टैंक से पानी की आपूर्ति की जा रही है। जहां ट्यूबवेल में खराबी की सूचना मिल रही है, वहां 24 घंटे में उसे ठीक किया जा रहा है। हैंडपंपों के मरम्मत के लिए पांच टीमों को लगाया गया है। मई में 400 हैंडपंप ठीक किए गए हैं। 18 इलाकों में पानी की जरूरत पूरी करने के लिए के टैंकर लगाए गए हैं। नवादा शेखान, गुलाब बाड़ी, गुलाब बाड़ी मेन रोड, माधोबाड़ी में दो, पंजाबपुरा दो, रबड़ी टोला में दो, घेर शेख मिट्ठू समेत कई इलाके इनमें शामिल हैं। सूफी टोला और बुखारा से आई शिकायतों के भी समाधान का प्रयास किया जा रहा है।

### पूरे नहीं भरते ज्यादातर ओवरहेड टैंक, ऑटो मोड में चलाने का दावा भी शगूफा

- जहां-जहां लोग निगम की सप्लाई पर सबसे ज्यादा निर्भर वहां-वहां यही हाल

जलकल विभाग ने शहर के 42 ओवरहेड टैंकों पर पंप ऑपरेटरों को हटाकर ऑटोमेटिक मशीनें लगाने का दावा किया था। इस दावे की पड़ताल करने पर पता चला कि पंप ऑपरेटर तो हटा लिए गए लेकिन कई ओवरहेड टैंकों पर ये मशीनें लगाई ही नहीं गई हैं। जिन ओवरहेड टैंकों पर लगी भी हैं, वे बिजली कटौती और दूसरे कारणों से नहीं भर पाते। बुखारपुरा में नया ओवरहेड टैंक बना है, लेकिन यहां न ऑटोमैटिक मशीन लगी है न कोई पंप ऑपरेटर तैनात है। बताया गया कि लंबे समय से यह टैंक पूरा नहीं भर पा रहा है। इस वजह से इलाके में पानी की भारी किल्लत है। जगतपुर में पानी टंकी से सप्लाई होता है। यहां के लोगों ने नई पाइप लाइन से पानी आता ही नहीं है। वे लोग पानी खरीदकर पी रहे हैं। अमृत योजना के तहत बने शहामतगंज ओवरहेड टैंक से सूफी टोला में पानी की सप्लाई की जाती है। यहां लोगों का कहना है कि ओवरहेड टैंक भरता ही नहीं है। नई पाइप लाइनें भी अब तक शुरू नहीं हुईं। पुरानी पाइप लाइनों से गंदा पानी आता है। एक सप्ताह से पानी ही नहीं आया है। इसी तरह का संकट इंद्रा मार्केट, माधोबाड़ी, मढ़ीनाथ में है। मढ़ीनाथ में ओवरहेड टैंक के एक ही वाल्व से सप्लाई की जा रही है। शहर के कई और इलाके हैं जहां अमृत योजना के तहत हुए काम किसी काम नहीं आ रहे हैं।

## बंदरों ने नर्सिंग हॉस्टल में पाइप काटे पानी की सप्लाई ठप

**बरेली, अमृत विचार :** जिला अस्पताल में बंदरों का आतंक है। सोमवार को बंदरों ने अस्पताल परिसर में बने नर्सिंग हॉस्टल के छत पर लगे पानी के टैंक के पाइप काट दिए। इससे सुबह हॉस्टल में पानी की सप्लाई ठप हो गई।

- भीषण गर्मी में पेयजल संकट से जूझना पड़ा छात्राओं को

हॉस्टल में 28 नर्सिंग छात्राएं रहती हैं, जो जिला अस्पताल स्थित नर्सिंग कॉलेज से पढ़ाई कर रही हैं।

भीषण गर्मी के बीच सुबह पानी की सप्लाई बाधित होने पर छात्राओं को परेशानी से जूझना पड़ा। इसकी जानकारी जब एडीएसआईसी डॉ. अलका शर्मा को हुई तो उन्होंने तुरंत कर्मचारियों को पानी की सप्लाई दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। डॉ. अलका शर्मा ने बताया कि बंदरों को पकड़ने के लिए नगर निगम को पत्र भेजा गया है। कुछ समय पहले बंदरों ने पैथोलॉजी लैब उपकरणों के तारों को काट दिया था। इस वजह से दो दिन कार्य प्रभावित हुआ था। मरीजों के ऑनलाइन पर्चे नहीं बन सके थे। इससे मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ा था।

# बिजली संकट: चौधरी तालाब की महिलाओं ने किला सबस्टेशन घेरा

## तीन दिन से आ रहा इतना कम वोल्टेज कि नहीं चल पा रहे पंखे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** कुंवरपुर के साथ अब किला क्षेत्र के चौधरी तालाब में बिजली संकट होने पर सोमवार को महिलाओं ने किला सब स्टेशन का घेराव किया। हंगामा होने पर एसडीओ ने मौके पर जाकर फाल्ट को ठीक कराकर बिजली आपूर्ति को बहाल कराया। वहीं, 11 हजार की लाइन में फाल्ट के कारण बाकरगंज में सोमवार को दो घंटे तक बिजली कटौती की गई। पीरबहोड़ा फीडर के लिए भी अलग लाइन जोड़े जाने से दो से तीन घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही।

किला उपकेंद्र से जुड़े चौधरी तालाब इलाके में तीन से लोग लो वोल्टेज की समस्या से परेशान थे। कई बार शिकायत करने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हुआ। सोमवार को गुस्साए लोगों ने किला सब स्टेशन का घेराव किया। एसडीओ ने बताया कि बंच केबल में दिक्कत होने से वोल्टेज कम आ रहे थे। फाल्ट को ठीक कराने के बाद बिजली आपूर्ति बहाल करा दी गई है। इसके अलावा हरूनगला डिवीजन से जुड़े पीरबहोड़ा फीडर में केबल जोड़ी जाने से तीन घंटे बिजली कटौती की गई। गर्मी में लोग परेशान होते रहे।

बाकरगंज क्षेत्र में सोमवार दोपहर दो से चार बजे तक 11 हजार की लाइन में फाल्ट से बिजली आपूर्ति बाधित रही। शाहदाना में ओवरलोडिंग होने से अलग अलग फीडरों पर कई घंटे की बिजली कटौती दिनभर में की जा रही है। इससे लोगों को दिक्कत हो रही है।

शहर के सौ फुटा रोड पर ओशी बरात घर, तुला शेरपुर में एक सप्ताह से हर रोज चार से पांच घंटे की बिजली कटौती होने से लोगों का गर्मी में बुरा हाल है। रविवार देर रात बमनपुरी में फिर से बंच केबल में आग लग जाने से आपूर्ति बाधित रही। इसके अलावा सिविल लाइंस, कुतुबखाना और सुभाषनगर क्षेत्र में ट्रिपिंग होने से दिक्कत हुई।

**गर्मी से सफाई कर्मी बेहोश:** मढ़ीनाथ रोड पर सोमवार को सफाई करते समय एक कर्मचारी तेज गर्मी के कारण बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ा। आसपास के लोगों ने उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार देने के बाद उसे डिस्चार्ज कर दिया गया।


किला सबस्टेशन पर घेराव करतीं चौधरी तालाब की महिलाएं। ● अमृत विचार

### आधी रात को परेशान लोगों ने डीएम आवास घेरा फिर भी खत्म नहीं हुआ कुंवरपुर में बिजली संकट

कुंवरपुर में तीन दिन से बिजली संकट से परेशान लोग रविवार रात दो बजे डीएम का आवास घेरने पहुंच गए थे लेकिन इसके बावजूद उनकी मुश्किल खत्म नहीं हुई।

- लोगों ने सड़क पर चारपाई डालकर किया हंगामा

"कुंवरपुर को चौपुला की लाइन को जुड़वाया था, लेकिन ओवरलोडिंग बताकर जेई ने लाइन काट दी। चौधरी तालाब की समस्या का समाधान करा दिया है। – **भगवान दास**, एसडीओ किला

सोमवार को अधिशासी अभियंता सत्येन्द्र चौहान ने ओवरलोडिंग कम करने के लिए अधिशासी अभियंता प्रथम अमित कुमार आनंद से बात कर कुछ कनेक्शनों की बिजली चौपुला फीडर से जोड़ दी लेकिन इससे चौपुला फीडर ओवरलोड हुआ तो वहां के जेई इस लाइन को काट दिया। इससे कुंवरपुर के तमाम घरों में बिजली की आपूर्ति पूरी तरह ठप हो गई। इसके बाद कुंवरपुर के लोगों ने सोमवार रात 8 बजे फिर सड़क पर चारपाई डालकर बिजली विभाग के खिलाफ जमकर हंगामा किया।

## चार घंटे का ब्लॉक लेकर निकाले जाएंगे रेल लाइन के नीचे से गर्डर

**बरेली, अमृत विचार:** इज्जतनगर रेल मंडल यांत्रिक कारखाना के पास अंडरपास का निर्माण किया जा रहा है। पहले चरण में ब्लॉक लेकर सेगमेंट बॉक्स रखने का काम किया जा चुका है। अब मंगलवार और बुधवार को फिर से चार-चार घंटा का ब्लॉक लिया जाएगा। जिसकी वजह से दोनों दिन ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहेगा।

इज्जतनगर रेल मंडल के जनसंपर्क अधिकारी राजेंद्र सिंह ने बताया कि कुल तीन सेगमेंट बॉक्स रेलवे लाइनों के नीचे रखे गए हैं। बताया कि मंगलवार और बुधवार रात 21:45 बजे से 1:45 बजे तक कुल चार घंटे का ब्लॉक रहेगा। इसकी वजह से 05307 टनकपुर बरेली, 05311 और 05312 पीलीभीत-बरेली सिटी-पीलीभीत ट्रेनों का संचालन निरस्त रहेगा। बुधवार को 05308 बरेली-टनकपुर ट्रेन का संचालन निरस्त रहेगा।

# मजाक में मां पर की टिप्पणी तो दोस्त को मार दी गोली

संवाददाता, बरेली/सीबीगंज

**अमृत विचार :** सीबीगंज में राजकीय आईटीआई में आपसी हंसी-मजाक के बीच एक छात्र की मां पर उसके सहपाठी ने अभद्र टिप्पणी की तो वह आपा खो बैठा। उसने अपने बैग से तमंचा निकालकर उसे गोली मार दी। संस्थान में इस घटना के बाद भगदड़ मच गई। पुलिस ने मौके पर ही आरोपी छात्र को तमंचे के साथ गिरफ्तार कर लिया। घायल छात्र को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसके भाई की ओर से आरोपी छात्र के खिलाफ हत्या की कोशिश के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

पुलिस के मुताबिक बैरियर वन हवाईअड्डे के पास रहने वाला अभिषेक शर्मा सीबीगंज में आईटीआई (राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान) ड्राफ्टमैन मैकेनिकल फर्स्ट ईयर का छात्र है जो सोमवार दोपहर करीब 12:30 बजे नवाबगंज के अधकटा गांव के अपने दोस्त अजीत कुमार के साथ बैठा था। दोनों के बीच हंसी-मजाक चल रहा था। इसी बीच अजीत ने उसकी मां पर कोई अभद्र टिप्पणी कर दी। अभिषेक के विरोध करने पर भी वह मजाक करता रहा। इस पर अभिषेक बुरी तरह भड़क गया। अपने बैग से तमंचा निकालकर उसने अजीत को गोली मार दी जो उसके पेट में लगी और वह लहूलुहान होकर नीचे गिर गया।

इस घटना से आईटीआई परिसर में भगदड़ मच गई। सूचना दिए जाने के बाद मौके पर पहुंचे सीओ संदीप कुमार सिंह और थाना प्रभारी राधेश्याम ने घायल अजीत को महानगर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां से गंभीर हालत देखते हुए उसे ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया। पुलिस ने मौके से ही तमंचे के साथ अभिषेक को गिरफ्तार कर लिया। उससे पूछताछ की जा रही है। अजीत के भाई राजकुमार की तहरीर पर पुलिस ने अभिषेक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।


इसी क्लास रूम में आरोपी छात्र ने मारी थी गोली। ● अमृत विचार

- फर्स्ट ईयर के छात्र हैं दोनों दोस्त, बैग में रखकर तमंचा लाया था आरोपी

### गोली मारने के बाद सिर गोद में रखकर रोने लगा

अजीत के गोली लगने के बाद उसके लहूलुहान होकर गिरते ही अभिषेक का गुस्सा ठंडा पड़ गया। वह अजीत का सिर अपनी गोद में रखकर रोने लगा। गोली चलने की आवाज सुनकर संस्थान के प्रधानाचार्य टीकम शरण गंगवार पहुंचे, तब भी अभिषेक घायल अजीत को गोद में लेकर रो रहा था। इंस्पेक्टर सीबीगंज राधेश्याम ने बताया कि अभिषेक ने पूछताछ में बताया है कि वह तमंचा शौक के लिए रखता था। यह तमंचा उसने एक स्मैक पीने वाले व्यक्ति से खरीदा था जो इस समय जेल में है। वह रोज अपने बैग में तमंचा लेकर पढ़ने के लिए आईटीआई आता था।

"हंसी-मजाक के दौरान विवाद होने पर यह घटना हुई। पुलिस ने घायल को निजी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया है। आरोपी को तमंचे के साथ गिरफ्तार कर लिया गया है। उससे पूछताछ की जा रही है। – **संदीप सिंह**, सीओ

# इमरजेंसी में बढ़े हीट स्ट्रोक के लक्षण वाले मरीज

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** भीषण गर्मी के बीच हीट स्ट्रोक का खतरा बढ़ गया है। जिला अस्पताल की ओपीडी और इमरजेंसी वार्ड में हीट स्ट्रोक के लक्षण वाले मरीज पहुंच रहे हैं। 24 घंटे में दो महिलाओं में लक्षण मिलने पर उन्हें वार्ड में भर्ती किया गया है।

शाहजहांपुर के मीरानपुर कटरा निवासी शहरीन (30) को घर पर तेज बुखार, सिर दर्द और उल्टी की समस्या हुई तो परिजन उन्हें स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र ले गए। हालत गंभीर होने पर उन्हें बरेली के जिला अस्पताल रेफर किया गया। यहां उनका इलाज किया जा रहा है।


जिला अस्पताल में भर्ती महिला।

वहीं, फरीदपुर निवासी कन्यावती (40) को भी घर पर दस्त और बुखार की समस्या हुई। परिजनों ने उन्हें रविवार को दोपहर जिला अस्पताल में भर्ती कराया। दोनों में आंशिक हीट स्ट्रोक के लक्षण मिले हैं। वहीं, कोल्ड रूम वार्ड 20 दिन से खाली है।

- गंभीर हालत में दो महिलाओं को किया गया भर्ती
- जिला अस्पताल में लगातार बढ़ रही है मरीजों को भीड़

### दिव्यांग शिविर में पसरा सन्नाटा

भीषण गर्मी से लोग बेहाल हैं। ऐसे में सोमवार को सीएमओ कार्यालय में आयोजित दिव्यांग जन शिविर में भी सन्नाटा पसरा नजर आया। अन्य दिनों में जहां 70 से 120 तक दिव्यांग शिविर में आत थे, लेकिन अब इनकी संख्या 50 से भी कम हो गई है।

### ओपीडी में डायरिया के मरीज अधिक, पर्चा काउंटर पर हंगामा

जिला अस्पताल में सोमवार को मरीजों की भीड़ उमड़ी। काउंटर पर पर्चा बनवाने को लेकर मारामारी रही। यहां गर्मी से बचाव के इंतजाम नाकाफी हैं। इस कारण मरीजों ने हंगामा भी किया। वहीं ओपीडी में भी परिसर के बाहर तक मरीजों की लाइन लगी रहीं। डॉक्टरों के अनुसार सबसे अधिक डायरिया और बुखार के रोगी सामने आ रहे हैं। भीषण गर्मी के चलते डायरिया रोगियों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है।

## सर्वर ठप, लाइसेंस बनाने का काम बाधित

**बरेली, अमृत विचार:** परिवहन विभाग में सोमवार को सर्वर ठप हो गया। विकास भवन के पास ड्राइविंग ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट में लाइसेंस से संबंधित काम कराने पहुंचे आवेदकों को निराश होकर लौटना पड़ा।

तीन दिन से विभाग के सारथी एप के सर्वर में दिक्कत है। इससे ड्राइविंग लाइसेंस से संबंधित काम प्रभावित हो रहा है। वहीं, परसाखेड़ा में मतगणना के कारण ऑटोमेटिक ड्राइविंग टेस्टिंग ट्रैक पर मंगलवार को टेस्ट होने पर संशय बना हुआ है। परिवहन विभाग के आरआई टेक्निकल एमपी सिंह ने बताया कि सर्वर में दिक्कत होने से लाइसेंस से जुड़ा काम प्रभावित हो रहा है।

# निजी अस्पताल में बैठक करती मिलीं आशाएं

## गोपनीय सूचना पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अस्पताल में मारा छापा, होगी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- सीएमओ ने संबंधित आशाओं का स्पष्टीकरण तलब किया

**अमृत विचार :** गोपनीय सूचना पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सोमवार को रामपुर रोड स्थित निजी अस्पताल में छापेमारी की तो यहां 16 आशा कार्यकर्ता अस्पताल प्रबंधन के साथ बैठक करती मिलीं। टीम को देख अस्पताल प्रबंधन और आशा कार्यकर्ताओं के होश उड़ गए। सीएमओ ने संबंधित आशा कार्यकर्ताओं को तीन दिन में स्पष्टीकरण देने का आदेश दिया है।

**पांच ब्लॉकों की 16 कार्यकर्ताओं पर गिर सकती है गाज :** टीम दोपहर में निजी अस्पताल में पहुंची तो बिथरी चैनपुर ब्लॉक की 6, दलेलनगर की 6, नवाबगंज की 2, भोजीपुरा और भुता की 1-1 आशा कार्यकर्ता बैठक में प्रतिभाग करती मिलीं। सीएमओ के अनुसार निजी अस्पताल में इस प्रकार से बैठक में शामिल होना नियम विरुद्ध हैं। तीन दिन में स्पष्टीकरण में संतोष जनक जवाब न मिलने पर संबंधित आशाओं को कार्यमुक्त करने के लिए जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में प्रस्ताव रखा जाएगा, जिसमें कार्रवाई का निर्णय लिया जाएगा। आशाएं गांवों में स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचने का काम करती हैं। इन्हें विभागा का ही अंग माना जाता है। निजी अस्पताल में आशाओं की बैठक से विभाग की भी किरकिरी हो रही है।

### पहले भी आशाओं पर लग चुके हैं आरोप

निजी अस्पतालों से साठगांठ करने का यह पहला मामला नहीं है। कुछ वर्ष पहले शहर के एक अन्य निजी अस्पताल में बड़ी संख्या में आशा कार्यकर्ता भोजन करते मिली थीं। मामले का वीडियो वायरल हुआ था। प्रकरण में कई आशा कार्यकर्ताओं पर कार्रवाई हुई थी। इससे पहले नवाबगंज क्षेत्र में भी इस तरह का मामला प्रकाश में आया था। शिकायत पर जांच के नाम पर महज खानापूरी की गई थी। इसके पीछे अस्पताल प्रबंधन से मिलने वाली कमीशन का खेल बताया जा रहा है। अब देखना है कि इस मामले में विभाग सिर्फ स्पष्टीकरण मांगने तक ही सीमित रहेगा या कार्रवाई भी करेगा।


कैलाश आई एवं जनरल हॉस्पिटल
सभी टी.पी.ए. आयुष्मान कार्ड, लाल कार्ड, पं. दीनदयाल उपाध्याय योजना द्वारा नाखूना, मोतियाबिन्द ऑपरेशन, पित्त की थैली की पथरी, अपेन्डिसाइटिस, हार्निया, हाइड्रोसिल, पेट के समस्त ऑपरेशन की सुविधा
फ्री
भर्ती मरीजों की बायोप्सी एवं खून की जाँचें फ्री की जाती हैं।
ओ.पी.डी. ब्लड प्रेशर, शुगर की जाँच, आँख की धुलाई, कम्प्यूटर द्वारा चश्में की जाँच प्रतिदिन फ्री की जाती है।
नाश्ता, रहना, दवाईयां, चश्मा, लेन्स फ्री
अखबार की कटिंग लाने व ऑपरेशन कराने पर रु. 500/- तक का गिफ्ट
किप्स सुपर मार्केट के सामने, 60 एम. आई.जी. जनकपुरी पार्क के पास, बरेली
सम्पर्क करें : संजीव कुमार पांडेय चेयरमैन
9837892555
9412192305




डॉ. कुलदीप गंगवार
M.B.B.S M.D (Pediatrics)
शिशु रोग विशेषज्ञ
गंगवार हॉस्पिटल
चौकी चौराहा निकट महिला थाना, बरेली
मो. 9411088493
9457096487
इमरजेंसी 24 घण्टे
प्रतिदिन ओपीडी
प्रातः 10 बजे से 02 बजे
सायं 8 बजे से 9 बजे तक
अत्याधुनिक विदेशी मशीनों से युक्त
शिशु एवं बच्चों का सर्वश्रेष्ठ गहन चिकित्सा केन्द्र
OMPC सोसाइटी चैरिटेबिल ओ.पी.डी.
मंगलवार एवं शुक्रवार
समय : प्रातः 10 से 11 बजे
परामर्श शुल्क मात्र 200 रुपये
आर्थिक रूप से असहाय रोगियों हेतु विशेष सहयोग
दिन मंगलवार एवं शुक्रवार
कैंट जनरल अस्पताल, बरेली
समय दोपहर 2 से 4 बजे
परामर्श शुल्क मात्र 100 रुपये
Mob. 5812970135
ऑवला IFFCO HOSPITAL मंगलवार
समय 4.30 से 6.30 बजे तक

नवजात शिशुओं में खतरनाक लक्षण
1. शिशु का किन्हाना या कराहना
2. शिशु का दूध का कम पीना या न पी पाना
3. दूध पीने पर ओंछू या फंदा लगना
4. सांस की गति प्रति मिनट 60 या उससे अधिक होना
5. छाती के निचले भाग में गढ्ढे पड़ना
6. सांस के साथ नथूने फूलना
7. नाल से या कान से मवाद आना, आंख से कीचड़ आना, त्वचा में फोड़े-फुंसी होना
8. शिशु की सांस का अनियमित होना या सांस रोकना
9. तलुआ (AF) फूलना
10. शिशु का सुस्त या बेहोश हो जाना (शिशु द्वारा हाथ पैर का कम चलाना)
11. खून की कमी से शिशु का सफेद होना
12. आक्सीजन की कमी से शिशु का नीला पड़ना
13. शिशु के शरीर का रंग स्टलेटी व त्वचा का सख्त होना
14. शिशु के नाल, उल्टी या टट्टी में खून आना
15. नवजात शिशुओं में पीलिया
- 24 घंटे के अन्दर
- 14 दिन के बाद भी
- हथेली व तलुवे का भी पीला होना
- Bilirubin का 20 से अधिक होना
16. शिशु को दौरे पड़ना
17. शिशु को बुखार या तापमान का कम होना
18. पेट फूलना व टट्टी, पेशाब का न आना
19. शिशु को 24 घण्टे के बाद भी पेशाब व टट्टी न होना
20. लगातार व हरे रंग की उल्टियां होना व मुँह से झाग आना
21. शिशु का सफेद मुंआ होना
22. शिशु का सात दिन के बाद भी वजन न बढ़ना
23. शिशु का बहुत अधिक रोना
(EMO Doctors)
डा. प्रवीण गंगवार (तिलहर)
डा. परमजीत सिंह (खीरी)



कृतिका ग्रुप ऑफ कॉलेज
मान्यता एवं सम्बद्धता (आयुर्वेद) : भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग (NCISM) नई दिल्ली एवं एम.जी.जी.यू.ए. गोरखपुर उ.प्र.
मान्यता एवं सम्बद्धता (फार्मेसी) : फार्मेसी काउंसिल ऑफ इण्डिया नई दिल्ली
डा. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम टैक्निकल यूनिवर्सिटी लखनऊ। बोर्ड ऑफ टैक्निकल एजुकेशन, लखनऊ।
मान्यता एवं सम्बद्धता (नर्सिंग ) उ.प्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी लखनऊ एवं अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल विश्वविद्यालय, लखनऊ।
ADMISSION OPEN
AYURVED
B.A.M.S.
अवधि : 4-1/2 वर्ष, योग्यता : NEET Qualified
PHARMACY
B. Pharma
बी. फार्मा
अवधि : 4 वर्ष, योग्यता : 10+2 विज्ञान वर्ग
D. Pharma
डी. फार्मा
अवधि : 2 वर्ष, योग्यता : 10+2 विज्ञान वर्ग
PARA MEDICAL
Diploma O.T.
डिप्लोमा इन ओ.टी. टैक्निशियन
अवधि : 2 वर्ष, योग्यता : 10+2 विज्ञान वर्ग
Dip Lab. Technician
डिप्लोमा इन लैब टैक्निशियन
अवधि : 2 वर्ष योग्यता : 10+2 विज्ञान वर्ग
NURSING
B.Sc. Nursing
बी.एससी. नर्सिंग
अवधि : 4 वर्ष आयु 17 वर्ष, योग्यता : 10+2 बायोलॉजी
A.N.M.
डिप्लोमा महिला हेल्थ वर्कर
अवधि : 2 वर्ष आयु 17-35 वर्ष, योग्यता : 10+2 किसी भी विषय में
सुविधायें
♦ आयुर्वेदिक अस्पताल ♦ औषधियों युक्त हर्बल गार्डन ♦ शैक्षिक भवन एवं लाईब्रेरी ♦ पूर्ण सुसज्जित लैब ♦ वाई-फाई कैम्पस ♦ बस सुविधा ट्रेनिंग के लिए 100 बेड का पूर्ण व्यवस्थित स्वयं का आधुनिक कोपल अस्पताल ♦ छात्र- छात्राओं के लिए अलग-अलग छात्रावास ♦ छात्रवृत्ति एवं शिक्षा ऋण (लोन) की सुविधा ♦ शव विच्छेदन की सुविधा (Cadaver)
कैम्पस : खाई खेड़ा, निकट काण्डू का पुल, पीलीभीत रोड, रिठौरा, बरेली (उ.प्र.) पिन : 243122
सम्पर्क सूत्र
8171489611, 7248343676
9027510784, 8218234755
सिटी आफिस : कोपल हॉस्पिटल, सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत रोड, बरेली (उ.प्र.) पिन-243006
सम्पर्क सूत्र
9758519405, 9457697581
Visit us : www.kritikaayurvedcollege.in, www.kritikapharmacycollege.in, www.kritikanursing.com



KOPAL HOSPITAL BAREILLY
PATIENT SAFETY & QUALITY OF CARE NABH PRE ACCREDITED
कोपल अस्पताल
AN ISO-9001-2008 CERTIFIED HOSPITAL

डा. के.पी. गंगवार
एम.एस. (आर्थो)
हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ
12.30 pm to 5.30 pm
डा. स्मृति गंगवार

एम.बी.बी.एस., डी.जी.ओ.
प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
12.00 pm to 3.00 pm, 6.30 pm to 7.30 pm
डॉ. मनोज गुप्ता
एम.एस. (जनरल सर्जन)
लैप्रोस्कोपिक सर्जन
12:00 pm to 2:00 pm
डॉ. एस.के. जौहरी
एम.डी.,
गहन चिकित्सा रोग विशेषज्ञ
3:30 pm to 5:00 pm, 6:00 pm to 9:00 pm
डॉ. आकाश गुप्ता एम.डी.
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए निःशुल्क ऑपरेशन एवं भर्ती की सुविधा उपलब्ध
पीलीभीत बाईपास रोड, सुरेश शर्मा नगर, बरेली
Ph.: 0581-2525711, 2525038
HELPLINE No. 9758519405



MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582




डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSL) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
आयुष्मान योजना अन्तर्गत स्वास्थ्य लाभ मुफ्त
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर
स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348



चरक पैथलैब
विश्वसनीय परिणाम
FullBody BLOOD TEST PACKAGE
CBC+KFT+LFT+TFT+LIPID+SUGAR
1499/- ONLY 799/-
जांचों पर विशेष छूट
चाट बाजार रोड, 39-बी, एकता नगर, बरेली
मो. 9410200042, 9410200047 समय प्रातः 8 से रात 9 बजे तक
घर से सैम्पल लेने की सुविधा उपलब्ध E-mail: pathlab.charak@gmail.com




डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157




डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289



नाक, कान व गला रोग विशेषज्ञ
डा. आरिफ हुसैन अंसारी
M.B.B.S., M.S.
• Ex. Chief Resident-Sir J.J. Hospital Grant Medical College Mumbai

नाक, कान व गला एन्डोस्कोपी द्वारा देखे जाते हैं।
परामर्श शुल्क ₹ 200/-
मिलने का समय
(सोमवार से शनिवार)
सुबह : 11 बजे से 3 बजे तक
शाम : 07:30 बजे से 9 बजे तक
हर मंगलवार फ्री परामर्श रजिस्ट्रेशन ₹50/-
सुविधायें
• नाक की टेढ़ी हड्डी को सही करना (Septoplasty)
• गले के बढ़े हुये टॉन्सिल का ऑपरेशन
• कान के फटे हुए पर्दे का ऑपरेशन (Tympanoplasty)
• थायराइड (घेंघा) का इलाज व ऑपरेशन
• दूरबीन द्वारा गले के कैंसर की जाँच व बायोप्सी
पता- बैंक ऑफ बड़ौदा के पास, मालियों की पुलिया, बरेली
(सेटेलाईट बस अड्डा व शाहमतगंज चौराहे के बीच में)
सम्पर्क करें
94566 58250, 70785 69786



SRI SUPRABHA GI VENUS NURSING HOME
WE CURE WITH CARE
13 वर्षों का अनुभव
डॉ. सरिता शर्मा

MBBS, (Gold Medalist) DGO
प्रसूति, स्त्री रोग एवं बाँझपन रोग विशेषज्ञ
समय 10 बजे से 3 बजे तक, शाम 6 बजे से 7 बजे तक
उपलब्ध सुविधायें ● नार्मल डिलीवरी को प्राथमिकता ● दवाईयों द्वारा गर्भपात एवं नसबन्दी की सुविधा ● दर्द रहित प्रसव की सुविधा ● बच्चेदानी की रसौली ● माहवारी की समस्यायें ● बांझपन का इलाज ● गर्भाशय में कैंसर की जाँच एवं प्राथमिक इलाज
सनराईज एन्क्लेव (निकट एलिस ग्रीन बैंकेट हॉल), डोहरा रोड, बरेली
फोन : 0581-7963213, 9568303926



आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री मोतियाबिन्द व नाखूना के ऑपरेशन
TPA कैशलेस की सुविधा,
ECHS द्वारा मोतियाबिन्द की सुविधा
नेत्र सर्जन

डॉ. आफताब आलम
एम.बी.बी.एस., डी.ओ.एम.एस. (ए.एम.यू.)
रोहिलखंड रत्न व अचीवर अवार्ड से सम्मानित
मोतियाबिन्द के ऑपरेशन की शुरूआत मात्र 2000/- रु. से
मिलने का समय-प्रातः 10 से 3 बजे तक, शाम : 6 से 8 बजे तक
डॉ. आफताब आई केयर मो. 9758934778
ऑर्थोडेन्ट क्लीनिक, निकट आकाश पुरम गेट, जगतपुर रोड, बरेली




डॉ. गयास अहमद
MBBS, DCH, DNB (Paediatric) NEW DELHI
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
भू.पू. चिकित्सक सर गंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली
NEW BORN AND CHILD CARE CLINIC
1. मुंशी नगर गेट, डेलापीर मण्डी, पीलीभीत रोड, बरेली
समय – प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक, शाम 4 बजे से 8 बजे तक
सुविधायें :- ♦ वेन्टीलेटर/BIPAP/CPAP युक्त NICU/PICU की सुविधा, ♦ प्रीमेच्योर बच्चों के लिए सफेक्टेन्ट एवं विशेष देखभाल की सुविधा, ♦ नवजात निमोनिया व जन्मजात दौरे पड़ने का इलाज, ♦ पीलिया का इलाज, ♦ दिमागी बुखार, ♦ मलेरिया, डेंगू, टायफाइड का इलाज
HELP LINE - 7017920279, 8920198518



THE TOOTH LOUNGE
Regd. No. : 21537
A COMPLTE DENTAL CARE SOLUTION

● दाँतों के क्राउन और ब्रिज बनवाना ● दाँतों के रंग की फिलिंग करना ● दाँतों का निकालना ● दाँतों की सफाई एवं पॉलिशिंग ● दांत एवं बत्तीसी बनवाना ● RCT ● डिजिटल एक्स-रे ● टेढ़े मेढ़े दाँतों में तार लगाना ● डेंटल इम्प्लांट

डॉ. नेहा अग्रवाल
BDS, MIDA (Dental Surgeon)
Mob. : 9870822971
Timing : 11 AM to 3 PM & 5 PM to 8 PM
83, सिविल लाइन्स निकट किप्स हीरो सर्विस सेन्टर, चौपला रोड, बरेली।



डा० आदित्य त्यागी
ADITYA
MBBS, DOMS DNB MINAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
Trust your eyes with us
भूतपूर्व चिकित्सक- शहीद भगत सिंह आई हॉस्पिटल, बरेली
50000 से अधिक आँखों के आपरेशन का अनुभव
Morning 10 AM-3 PM, Evening 6 PM- 8 PM
8077344353

अब इस पते पर उपलब्ध हैं :- आँखों का अस्पताल
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, रेड टेप शोरूम के बराबर में, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

## 11 स्कूलों में छात्र संख्या 100 से भी कम, रुक सकता है अनुदान

बरेली, अमृत विचार : कक्षा छह से आठ तक के अनुदानित स्कूलों में नए छात्रों का प्रवेश कम हो रहा है। नामांकन संख्या गिर रही है। महानिदेशक स्कूल शिक्षा ने 100 से कम नामांकन वाले उच्च प्राथमिक स्कूलों के प्रधानाध्यापकों का जवाब तलब करने के निर्देश बीएसए को दिए हैं। सोमवार को इस संबंध में विभाग की ओर से जारी पत्र के अनुसार ऐसे स्कूलों के अनुदान की फाइल रुक सकती है। ऐसे स्कूलों को चिह्नित कर नोटिस भेजा जा रहा है। 11 स्कूल ऐसे हैं जहां नामांकित बच्चों की संख्या बेहद कम है। विभागीय सूत्रों के मुताबिक विद्यालयों को लेकर यू-डायस पोर्टल पर अपडेट होने वाली जानकारी में छात्र संख्या में गिरावट देखी जा रही है। जिसे देखते हुए शासन स्तर से कार्रवाई को लेकर सख्त निर्देश दिया गया है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार इन स्कूलों में छात्र संख्या कम होना शर्तों का उल्लंघन है। विभागीय सूत्रों के मुताबिक अभी तक कम छात्र संख्या वाले 11 ऐसे स्कूल हैं, जहां सौ से कम छात्र संख्या है। इन स्कूलों की छात्र संख्या फिर से मांगी गई है। बीएसए संजय सिंह ने बताया कि इन स्कूलों में छात्र नामांकन की स्थिति में बदलाव नहीं होता है तो कड़ी कार्रवाई की संस्तुति की जाएगी।

# मुश्किल में गुजरा परीक्षा नियंत्रक का दिन, अलग-अलग मुद्दों पर विद्यार्थी परिषद और समाजवादी छात्रसभा दोनों ने घेरा

## अंदर से गेट बंद कर छात्रसभा का उत्पात, एसी-पंखे बंद कर पर्दा फाड़ा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : रुहेलखंड विश्वविद्यालय में बीएएमएस के पूरक छात्रों का चुनौती मूल्यांकन कराने की मांग लेकर परीक्षा नियंत्रक/रजिस्ट्रार संजीव कुमार से बात करने पहुंचे समाजवादी छात्र सभा के कार्यकर्ताओं ने जमकर उत्पात किया। उन्होंने पांच घंटे तक परीक्षा नियंत्रक को घेरे रखा और इस दौरान उनके कार्यालय के एसी-पंखे बंद करने के साथ पर्दा भी फाड़ दिया। पुलिस पहुंचने के बाद परीक्षा नियंत्रक उनके घेरे से मुक्त हो पाए।

घेराव के दौरान परीक्षा नियंत्रक ने सछास कार्यकर्ताओं को काफी समझाने की कोशिश की लेकिन वे नहीं माने। छात्र मांग कर रहे थे कि सप्लीमेंट्री चैलेंज के लिए तिथि आगे बढ़ाई जाए ताकि बीएएमएस छात्रों का भविष्य खराब न हो। घंटों बहस के बाद परीक्षा नियंत्रक ने तीन दिन का समय मांगा। कहा, वह इस विषय में कुलपति से बात कर समाधान निकालेंगे।



रुहेलखंड विश्वविद्यालय में प्रशासनिक कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते छात्र संगठन। ● अमृत विचार

● बीएएमएस के चुनौती मूल्यांकन के लिए घेरा, तीन दिन बाद आंदोलन की चेतावनी, सुरक्षा प्रभारी ने पुलिस बुलाकर बाहर कराया बाहर

समाजवादी छात्र सभा की ओर से चेतावनी दी गई कि अगर तीन दिन में कोई फैसला न हुआ तो वह बीएएमएस छात्रों के साथ विश्वविद्यालय में बड़ा आंदोलन करेगी।

सुरक्षा प्रभारी सुधांशु की सूचना पर पहुंची पुलिस ने परीक्षा नियंत्रक को छात्रों के घेराव से मुक्त कराया। इसके बाद सछास कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि तीन दिन में समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन करेंगे। जिलाध्यक्ष अविनाश मिश्रा ने बताया कि कई साल से बीएएमएस छात्रों को सप्लीमेंट्री लगने के बाद चैलेंज करने के लिए फॉर्म विश्वविद्यालय की ओर से खोले जाते हैं, लेकिन इस साल छात्रों को जानकारी दिए बगैर सप्लीमेंट्री चैलेंज को बंद कर आगामी परीक्षाओं के लिए परीक्षा फॉर्म खोल दिए गए हैं, जिसकी वजह से छात्रों में भारी गुस्सा है। इस दौरान सभा के महानगर अध्यक्ष विक्रांत पाल, छात्र सभा के कोषाध्यक्ष अभिषेक यादव, अनिकेत यादव आदि मौजूद रहे।



समाजवादी छात्र सभा कार्यकर्ताओं की परीक्षा नियंत्रक से हुई तीखी नोकझोंक।

## परीक्षा छोड़कर विद्यार्थी परिषद के साथ प्रदर्शन करने पहुंचे एमबीए के तमाम छात्र

● भीषण गर्मी में परीक्षा टालने के लिए तीसरी बार किया प्रदर्शन

बरेली, अमृत विचार : एमबीए छात्रों ने विद्यार्थी परिषद के नेतृत्व में भीषण गर्मी में परीक्षा हटाने के मांग करते हुए एक बार फिर परीक्षा नियंत्रक को घेरकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में शामिल कई छात्रों की परीक्षा भी छूट गई। इन छात्रों ने विभाग प्रभारी के पास जाकर छूटी परीक्षा कराने की मांग की लेकिन उन्होंने कुलपति की अनुमति के बिना दोबारा परीक्षा कराने से इन्कार कर दिया।

एमबीए के छात्रों की सोमवार को परीक्षा थी मगर आधे छात्रों ने परीक्षा दी और आधे ने बहिष्कार कर दिया। छात्रों ने कहा कि हॉस्टल में बिजली-पानी की बहुत समस्या है। इस वजह से पढ़ाई नहीं हो पा रही है। गर्मी की छुट्टियां हो चुकी हैं। उसके बाद भी उनकी परीक्षाएं कराई जा रही हैं। यदि बी फार्मा की परीक्षा हट सकती है तो फिर एमबीए की परीक्षाएं क्यों नहीं हटाई जा रही है। परीक्षा नहीं हटने से आंदोलन कर रहे छात्र और बिफर गए।

## अनुपस्थित रहे नौ शिक्षकों का कटेगा वेतन, दिए निर्देश

बरेली, अमृत विचार: फरवरी से मई तक परिषदीय स्कूलों में अनुपस्थित रहने वाले नौ शिक्षकों के खिलाफ बीएसए ने कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। बीएसए की ओर से जारी पत्र के अनुसार 7 सहायक अध्यापक, एक प्रधानाध्यापक और एक चतुर्थ श्रेणी कर्मी बिना अनुमति के स्कूल से अनुपस्थित रहने पर उनका वेतन काटा जाएगा। पूर्व माध्यमिक शिक्षक संगठन के मंडल अध्यक्ष डा. विनोद कुमार शर्मा ने बताया कि इनमें से ज्यादातर शिक्षक महज 5 से 10 मिनट की देरी से स्कूल पहुंचे थे। जबकि शासन की ओर से भी इस संबंध में स्पष्ट कहा गया है कि 10 मिनट की देरी से पहुंचे शिक्षकों को अनुपस्थित नहीं माना जा सकता है। वहीं जिले के तमाम शिक्षक संगठनों ने इस कार्रवाई का विरोध जताया है।

**दो शिक्षामित्र और एक अनुदेशक की समाप्त हो सकती हैं सेवाएं :** क्यारा, फतेहगंज की दो शिक्षामित्र और आलमपुर जाफराबाद ब्लॉक की एक अनुदेशक की सेवाएं जल्द समाप्त हो सकती है। सोमवार को महानिदेशक की ओर से जारी सूची के मुताबिक अब तक तीन पर लगातार विभागीय अधिकारियों के निरीक्षण के दौरान ये कर्मी हर बार अनुपस्थित पाए गए हैं। बीएसए ने बताया कि चिह्नित कर्मियों के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इनकी सेवाएं भी समाप्त की जा सकती हैं।

## सार-संक्षेप

### शॉर्ट फिल्म को देखकर युवाओं में जगाएंगे पर्यावरण संरक्षण की अलख, पांच को होगा कार्यक्रम



बरेली, अमृत विचार : इना न्यूट्रीवेदा एवं भारतीय बाल रोग विशेषज्ञ चिकित्सक संघ (आईएपी) बरेली की ओर से पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए आईएमए ऑडिटोरियम में पांच जून को पर्यावरण प्रेमियों को पर्यावरण बिहारी सम्मान दिया जाएगा । प्रेस वार्ता में अध्यक्ष डॉ राजेश अग्रवाल ने कहा कि विकास के नाम पर पेड़ों का कटान हो रहा है। प्रयास है कि पर्यावरण दिवस पर हम सभी संकल्प लेते हुए पेड़ जरूर लगाएं। आयोजन सचिव इना कुलश्रेष्ठ ने बताया कि 5 जून को शाम 5 बजे आईएमए सभागार में पर्यावरण बिहारी सम्मान के साथ ही युवा पीढ़ी भी पर्यावरण से जुड़े इसको ध्यान में रखते हुए लगभग 35 मिनट की लघु फिल्म अगस्त्या स्पेशल आर वेरी स्पेशल दिखाने की व्यवस्था है, जिससे लोग पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोग जागरूक होंगे। पूर्व रोटरी गवर्नर पीपी सिंह, वरिष्ठ हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रमेन्द्र माहेश्वरी, डालिमा अग्रवाल, नमन सक्सेना, रतन गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### धर्मकांटे चौराहे पर व्यापार मंडल ने रूफ मैट लगाकर राहगीरों को गर्मी से दी राहत



बरेली, अमृत विचार : भीषण गर्मी में चौराहों पर खड़े रहने वाले वाहन चालकों को राहत देने के लिए उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल ने धर्मकांटा चौराहे पर रूफ मैट लगाने की पहल की। इससे राहगीरों को राहत मिलेगी। मेयर डॉ. उमेश गौतम ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। चौराहे पर बिजली पोल और तारों की वजह से शटडाउन लेने की समस्या और ट्रैफिक जाम की वजह से एक तरफ ही मैट लगवाई जा सकी। रात में चारों तरफ यह मैट लगाने का दावा व्यापार मंडल अध्यक्ष ने किया है। व्यापार मंडल के महानगर अध्यक्ष शोभित सक्सेना ने कहा शाम को कुछ ठंडक होने और यातायात कम होने पर चौराहे के सभी सड़कों पर यह मैट लगवाई जाएगी। मंगलवार को ईंट पजाया चौराहे पर भी यह ग्रीन शीट लगवाई जाएगी। मेयर ने कहा कि वह सभी व्यापार मंडलों से अपील करेंगे कि वे आगे आएं और एक एक चौराहे की जिम्मेदारी लें। जिलाध्यक्ष देवेंद्र जोशी, मनोज अरोरा, प्रतेश पांडे, राजा सेठ अश्विनी ओबेरॉय, अमरजीत बक्शी, आलोक श्रीवास्तव, जुनैद खान, विशाल सक्सेना मौजूद रहे।

### बड़े बाग हनुमान मंदिर में धार्मिक कार्यक्रम आज

बरेली अमृत विचार : बड़े मंगल के उपलक्ष्य में श्री द्वारिकाधीश सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से बड़ा बाग हनुमान मंदिर में मंगलवार को सुंदरकांड पाठ, हनुमान चालीसा, भंडार और शरबत वितरण किया जाएगा। समिति अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि मंदिर में सुबह 9 बजे से यह कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### गर्मी से बचाने के लिए राहगीरों को पिलाया शरबत

रिठौरा, अमृत विचार : लभेड़ा उर्फ बुलंद नगर में नूरी मस्जिद परिसर में युवाओं ने देश, दुनिया अमन –चैन की दुआएं मांगीं । फिलस्तीन के बैनर लगा कर राहगीरों को शरबत पिलाया । भीषण गर्मी में शरबत पीने के बाद राहगीरों ने राहत की सांस ली । इस मौके पर फरहान खान गुल हसन, इमरान शेख आदि मौजूद रहे।

## श्रीराम मंदिर काम पूरा, हमारा काम खत्म नहीं, अभी मथुरा-काशी बाकी



प्रेसवार्ता में मौजूद विहिप के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक अग्रवाल। ● अमृत विचार

● प्रेसवार्ता में बोले विहिप के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक अग्रवाल

बरेली, अमृत विचार: विहिप के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक अग्रवाल ने व्यापारी अनुपम कपूर के आवास पर सोमवार को प्रेसवार्ता के दौरान कहा कि विहिप को सबसे बड़ा काम वह मिला था, जिसमें श्रीराम के मन्दिर का निर्माण कराना था। यह काम पूरा हो गया है, पर अभी विहिप का काम खत्म नहीं हुआ है। अभी काशी, मथुरा आदि बाकी है।

उन्होंने मध्य प्रदेश में भोजशाला का जिक्र किया कि कैसे वाला कोर्ट के सर्व के बाद वराह भगवान की आकृति दीवारों पर अंकित मिली है। हर जगह हमारे लोग धर्म की रक्षा के ध्वज वाहक बन कार्य कर रहे हैं। बताया कि विहिप के मायने पुरुषों का संगठन, जबकि बजरंग दल युवाओं के लिए इसी संगठन का एक पार्ट है। ऐसे ही तरुणियों माने बच्चियों के लिए दुर्गा वाहिनी और तीस वर्ष से ऊपर की महिलाओं के लिए दुर्गा वाहिनी भी विश्व हिंदू परिषद के अंग हैं।

मंत्री डॉ. अरुण सक्सेना, शशांक भाटिया, भाजपा महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना, मेयर डॉ. उमेश गौतम , गुलशन आनंद, डॉ. प्रमेंद्र माहेश्वरी, डॉ. रुचिन अग्रवाल, विहिप के प्रांत के संगठन मंत्री राजेश, मानवेंद्र राणा, महानगर अध्यक्ष आशू अग्रवाल, अमित शर्मा आदि मौजूद रहे।

## बीएस 6 बसें मिलीं आनंद विहार तक होगा संचालन

बरेली, अमृत विचार: दिल्ली जाने के लिए पुरानी बसों पर रोक लगा दी गई है। जिसके बाद अब परिवहन निगम के अधिकारी बीएस 6 बसों की संख्या बढ़ाने पर जोर दे रहे हैं। बरेली और रुहेलखंड डिपो के बाद बदायूं और पीलीभीत डिपो को भी पांच नई बीएस 6 बसें मिली हैं। जिनका सीधा संचालन दिल्ली के आनंद विहार बस अड्डे तक किया जाएगा। परिवहन निगम के बरेली रीजन में लगातार बीएस 6 बसों की संख्या में इजाफा हो रहा है। जिससे यात्रियों को दिल्ली तक का सफर आसान होगा। एक जुलाई से बीएस 4 बसों के दिल्ली जाने पर रोक लगा दी जाएगी। उसके बाद सिर्फ कौशांबी बस अड्डे तक ही बीएस 4 बसों का संचालन किया जाएगा। पिछले दिनों बरेली और रुहेलखंड डिपो को 10 बीएस 6 बसें मिली थीं। अब सोमवार को पीलीभीत और बदायूं डिपो को पांच नई बीएस 6 बसों का आवंटन किया गया है। बरेली रीजन के आरएम दीपक चौधरी ने बताया कि बीएस 6 बसों की संख्या में वृद्धि हो रही है, जिससे दिल्ली तक का सफर आसान होगा। जल्द ही चारों डिपो को और नई बसें मिलने की उम्मीद है।

## गर्मी में नहीं मिले परीक्षक प्रयोगात्मक परीक्षा टली

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● बरेली कॉलेज में गर्मी में वाणिज्य ब्लॉक में पंखे न चलने से छात्र हुए परेशान

अमृत विचार : गर्मी में हो रहीं परीक्षाओं से छात्र परेशान हो गए हैं। बरेली कॉलेज में परीक्षक न मिलने से प्रयोगात्मक परीक्षा भी नहीं हो पा रही हैं। सोमवार को बीएससी भौतिक विज्ञान की परीक्षाएं भी परीक्षक न मिलने की वजह से टाल दी गई। वहीं एलएलबी की परीक्षा के दौरान वाणिज्य विभाग के ऊपरी मंजिल में पंखे न चलने से छात्र गर्मी से परेशान हो गए। शिक्षकों ने किसी तरह पंखे चलवा कर हल निकाला।

बरेली कॉलेज के भौतिक विज्ञान विभाग प्रभारी प्रो वीपी सिंह ने बताया कि बीएससी द्वितीय, चतुर्थ और षष्ठम सेमेस्टर की भौतिक विज्ञान की प्रयोगात्मक परीक्षा 5 से 8 जून तक होना प्रस्तावित थीं, लेकिन बाह्य परीक्षक न मिलने की वजह से परीक्षा टाल दी गई है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय भीषण गर्मी में परीक्षाएं करा रहा है लेकिन परीक्षक न मिलने पर बार-बार परीक्षाएं टालनी पड़ रही हैं, इससे छात्रों को काफी परेशानी हो रही है।

### एलएलबी परीक्षा ने तीन छात्र नकल सामग्री के साथ पकड़े

बरेली कॉलेज में सचल दल ने एलएलबी के तीन छात्रों के पास से नकल सामग्री पकड़ी। तीनों के पास गेस पेपर के कई पेज मिले। सभी को बुक कर रिपोर्ट विश्वविद्यालय भेज दी गई है।

### रसायन विज्ञान की छूटी हुई मिड टर्म 11 को

बरेली कॉलेज में बीएससी द्वितीय, चतुर्थ और षष्ठम सेमेस्टर की रसायन विज्ञान की छूटी हुई मिड टर्म 11 जून को होगी। विभाग प्रभारी प्रो एनबी सिंह ने बताया कि छात्रों को 11 बजे विभाग में उपस्थित होना होगा।

## स्कूलों के छात्र चलाएंगे पौधारोपण अभियान

बरेली, अमृत विचार : पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में परिषदीय और माध्यमिक स्कूलों में छात्र पौधारोपण अभियान चलाएंगे। 4.3 लाख पौधे रोपे जाएंगे। पांच जून को पर्यावरण दिवस पर विद्यालयों में तमाम प्रतियोगिताएं होंगी। बेसिक, माध्यमिक सहित डायट स्टाफ और प्रशिक्षुओं को भी अभियान से जोड़ा जाएगा। पौधारोपण के लिए विशेष दल का गठन किया जाएगा, जो स्कूलों में पौधे उपलब्ध कराएगा। साथ ही बच्चों को पौधों की उपयोगिता के बारे में बताएगा। इस दल में एसआरजी, एआरपी और प्रशिक्षु भी शामिल होंगे। बीएसए संजय सिंह ने बताया कि अभियान के तहत सहजन, आम, अमरूद, नीम, अर्जुन, जामुन आदि छायादार और फलदार पौधे लगाए जाएंगे। इस संबंध में प्रधानाध्यापकों और खंड शिक्षा अधिकारियों को पत्र भेज कर निर्देश दिए गए हैं।

## विनम्र को ही प्राप्त होती है प्रभु कृपा और आशीर्वाद

बरेली, अमृत विचार : मॉडल टाउन स्थित श्री हरि मंदिर में चल रही नौ दिवसीय श्रीराम कथा के तीसरे दिन सोमवार को कथाव्यास पं. बृजेश पाठक ने कहा कि वर्तमान युग में व्यक्ति अपने अहंकार के कारण अपने बड़ों के चरणों में झुकना नहीं चाहता है। अहंकारी व्यक्ति अपने जीवन में चाहे कुछ भी प्राप्त कर ले, लेकिन प्रभु की कृपा और गुरुजनों का आशीर्वाद उसे प्राप्त नहीं हो सकता। प्रभु कृपा और आशीर्वाद तो विनम्र को ही प्राप्त होता है। सनातन संस्कृति में प्रणाम शोभा नहीं संस्कार है।

अपनों से बड़ों के हृदय में स्थान पाने का इससे अतिरिक्त कोई उपाय नहीं है। धर्म ग्रंथों में कहा गया है कि आप और कुछ भी न कर सकें तो मन, कर्म ,वचन से प्रभु को प्रणाम कर लें तो भी प्रभु की प्राप्ति हो सकती है। कथा में उन्होंने राम - सीता विवाह का संगीतमय वर्णन कर पूरा वातावरण राममय बना दिया। मंदिर समिति सचिव रवि छाबड़ा, अध्यक्ष सतीश खट्टर, उपाध्यक्ष सुशील अरोड़ा, संजय आनंद, गोविन्द तनेजा, योगेश ग्रोवर, अनिल, रंजन कुमार, रेनू छाबड़ा, कंचन अरोरा, नेहा आनंद, सीमा तनेजा आदि मौजूद रहे।



श्री हरि मंदिर में श्रीराम कथा सुनते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

● हरि मंदिर में नौ दिवसीय श्रीराम कथा का तीसरा दिन



कथाव्यास बृजेश पाठक। ● अमृत विचार

### डीआईओएस कार्यालय में नहीं हो रही सुनवाई, प्रवक्ता ने दी अनशन की चेतावनी

बरेली, अमृत विचार : शेरगढ़ ब्लॉक में शरीफ नगर के मोतीलाल नेहरू इंटर कॉलेज में कार्यरत प्रवक्ता डा. खरगसेन ने जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में सुनवाई न होने पर 5 जून ने अनिश्चित कालीन धरना और आमरण अनशन की चेतावनी दी है। सोमवार को उन्होंने इस संबंध में जिलाधिकारी को पत्र देकर शिकायत की है। बताया कि एरियर भुगतान और वेतन संबंधित समस्याओं के निस्तारण के लिए डीआईओए दफ्तर का चक्कर काट चुके हैं। व्यक्तिगत भी अधिकारियों से मिल कर समस्या बता चुके हैं। लेकिन उनकी सुनवाई नहीं हो रही है। भ्रष्टाचारियों को संरक्षण दिया जा रहा है। कहा कि जल्द समस्याओं का निदान नहीं हुआ तो वह बुधवार को डीआईओएस दफ्तर में अनशन पर बैठेंगे।

## टोल बढ़ने से रोडवेज के यात्रियों पर भी बढ़ेगा बोझ





● दिल्ली, लखनऊ और पीलीभीत जाने वाले रूट पर हैं टोल प्लाजा
● बढ़ी दरों के हिसाब से किराया बढ़ाने पर मंथन कर रहे अधिकारी

बरेली, अमृत विचार: टोल प्लाजा की दरें बढ़ने के बाद अब रोडवेज के यात्रियों पर किराए का बोझ बढ़ने वाला है। दिल्ली, लखनऊ के साथ पीलीभीत रूट पर टोल प्लाजा होने से किराया बढ़ाने पर मंथन किया जा रहा है। अधिकारी जल्द बढ़ा हुआ किराया लागू करने की बात कह रहे हैं।

नेशनल हाईवे से गुजरने वाले कॉमर्शियल वाहनों पर टोल टैक्स की दरें बढ़ा दी गई हैं। शनिवार रात से टोल प्लाजा पर 5 से 25 रुपये के टोल टैक्स में वृद्धि की गई है। जिसका असर रोडवेज बसों पर भी पड़ेगा। नई दरें लागू होने के बाद रोडवेज के किराए में भी इजाफा करने की बात कही जा रही है। एआरएम संजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि नई टोल दरों के हिसाब से अब रोडवेज बसों का किराया तय किया जाएगा। जिसे जल्द लागू कराकर मशीनों में फीड करा दिया जाएगा।

### एसी बसों में गंदगी मिलने पर फोरमैन का वेतन काटा

सेटेलाइट बस अड्डे पर बरेली रीजन के आरएम दीपक चौधरी ने सोमवार शाम को चार एसी बसों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान बसों की सीट, मैटिंग आदि गंदगी पाई गई। आरएम ने बताया कि मुख्यालय से निर्देश हैं कि 13 बिंदुओं पर निरीक्षण के बाद ही बसों को रूट पर भेजा जाए, लेकिन इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिसके चलते वाहनों के ग्रुप फोरमैन का एक–एक दिन का वेतन काटने के आदेश दिए गए हैं।

आवश्यकता है
अमृत विचार, बरेली को
अनुवादक की
अंग्रेजी से हिन्दी में अनुवाद करने में दक्ष हो।
हिन्दी टाईपिंग का भी अनुभव होना चाहिए
अनुभव : न्यूनतम 3 से 5 वर्ष का
वेतन योग्यता अनुसार
इच्छुक उम्मीदवार अपना बायोडाटा भेजें
9518031113, 8476006584
ऑफिस : नजदीक सैटेलाईट बस स्टैण्ड, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

# बच्चों की पढ़ाई-लिखाई के साथ जरूरी है उनका भावनात्मक स्वास्थ्य भी

शब्या सिंह तोमर, बरेली

● एकल माता-पिता को रखना चाहिए बच्चों के भावनात्मक स्वास्थ्य पर ध्यान।

**आक्रामकता के शिकार मासूम बच्चों का अंतर्राष्ट्रीय दिवस**

अमृत विचार : बच्चों का मन शीशे की तरह साफ होता है जैसा व्यवहार हम बच्चों से करते हैं वह उनके व्यक्तित्व निर्माण में अहम भूमिका निभाता है। इसमें सबसे अधिक सक्रिय रोल माता पिता का होता है उसके बाद स्कूल का। यदि बच्चों के साथ जाने-अनजाने आक्रामक व्यवहार, अनावश्यक क्रोध व उनका उपहास उड़ाना, मनोवैज्ञानिकों का कहना है कि वर्तमान समय में परिस्थितयां बदली हैं अब बच्चे ज्यादा संवेदनशील हो गए हैं जिनके साथ हमारा व्यवहार उनके इमोशनल सपोर्ट देने वाला होना चाहिए। बच्चों का जितना शारीरिक स्वास्थ्य, पढ़ाई लिखाई जरूरी है उतना ही जरूरी उनका भावनात्मक स्वास्थ्य भी है। मंडलीय मनोवैज्ञानिक केंद्र की कांउसलर याशिका वर्मा ने बताया केंद्र में हर माह पूरे मंडल से बच्चों से संबंधित 54 मामले सामने आते हैं। जिसमें बच्चों के बरताव से माता पिता को शिकायत होती है, लेकिन काउंसलिंग के बाद कारण माता पिता के व्यवहार में ही इसकी जड़ें देखने को मिलती हैं। जिला अस्पताल की काउंसलर खुश अदा ने बताया अकसर उनके पास माता पिता बच्चों के न पढ़ने की शिकायत लेकर आते हैं लेकिन अपने व्यवहार का आंकलन नहीं करते। न ही बच्चे के साथ शांति से बातचीत और उसे समझने की कोशिश नहीं करते।

**केस 1** मंडलीय मनोवैज्ञानिक केंद्र में पिछले माह एक बीस वर्षीय युवक अपनी मां के साथ केंद्र में आया, जिसमें उसकी मां की शिकायत थी कि युवक अचानक से बहुत ज्यादा आक्रामक होकर बुरी तरह चिल्लाने लगता है, इस पर युवक से बाचतीच करने के बाद उसके बचपन की बातें सामने आयीं। जब युवक 12 वर्ष का था तब पिता के गुजर जाने के बाद चाचा–ताऊ शराब पीकर बुरी तरह चिल्लाते थे, जिससे वह सहम जाता था। यही आक्रामक व्यवहार अब उसके व्यक्तित्व का हिस्सा बन गया है।

**केस 2** जिला अस्पताल में माता पिता अपने 12 वर्षीय बच्चे की याद न करने की शिकायत लेकर पहुंचे, जहां पता चला कि बच्चा माता–पिता और स्कूल द्वारा बनाए गए जरूरत से ज्यादा सख्त माहौल की वजह से अवसाद में चला गया है, इसलिए उसका मन पढ़ने में नहीं लग रहा है।

**केस 3** 17 वर्षीय किशोर गुमसुम रहने लगा। काउंसलिंग में पता चला कि जब से वह बारह वर्ष का था तब से हर कोई उसकी लंबाई के लिए उसका मजाक बनाता था, माता–पिता ने भी कभी ध्यान ही नहीं दिया, ऐसे में बच्चा इन पांच सालों में बच्चे का आत्मविश्वास बहुत कम हो गया, जिससे न तो उसके कोई बाहर दोस्त हैं न ही स्कूल में।

### ये होते हैं कारण

- माता–पिता के आपसी वाद–विवाद।
- बच्चों के साथ न बात करके उनका मजाक बनाना।
- स्कूल में अन्य बच्चों के द्वारा परेशान करना
- माता–पिता का अनावश्यक बच्चों पर अपनी इच्छाएं थोपना
- बच्चों के सामने गलत ढंग या आक्रामता से बर्ताव करना।

पहचान

- बच्चे के सामान्य बर्ताव में अचानक बदलाव आ जाना
- बच्चे का अचानक चुप रहने लगना
- जब बच्चे की बात की जाए तो उसका चीजें अंदेखा करने लगना।

उपाय

- बच्चों के मन की बात जानने की कोशिश करें
- यदि उनसे गलती हो जाए तो उन्हें अलग–थलग करने की बजाए वजह जानें, खुद को उनकी जगह रखें।
- अपने बच्चे को विश्वास में लें कि वह बड़ी गलतियां स्वीकार करने से न पीछे हटे।

# दहेज में पांच लाख रुपये न लाने पर बच्ची की हत्या का आरोप

संवाददाता, कैंट

- महिला ने पति समेत चार लोगों के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट
- बेटी पैदा होने के बाद से ससुराल वालों पर उत्पीड़न का आरोप

**अमृत विचार :** बेटी को जन्म देने पर महिला से ससुराल वाले पांच लाख नकदी की मांग करने लगे। असमर्थता जताने पर उसकी 2 माह की बच्ची को सास ने जमीन पर पटक दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

इसके बाद ससुराल वालों ने शव को दफना दिया। महिला ने थाने में शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई न होने पर एसएसपी को शिकायती प्रार्थना पत्र दिया। एसएसपी के निर्देश पर कैंट पुलिस ने पति समेत चार लोगों के खिलाफ हत्या व अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है। थाना बारादरी के डोहरा रोड निवासी विशाखा पटेल ने बताया कि उसकी शादी 5 अगस्त 2020 को थाना कैंट के बुखारा निवासी अनुज से साथ हुई थी। शादी में सामर्थ्य के अनुसार उसके पिता ने दहेज दिया था, लेकिन ससुराली खुश नहीं थे।

इसी बीच बेटी पैदा होते ही ससुराल वाले उसे और प्रताड़ित करने लगे, उस पर मायके से पांच लाख रुपये लाने के लिए दबाव बनाने लगे। असमर्थता जताने पर 22 मई 2024 को पति अनुज कुमार, सास बबली, देवर गौरव व देवरानी गिरजेश ने एकराय होकर महिला के साथ मारपीट की। उसकी दो माह की बच्ची को सास ने जमीन पर पटक दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। बच्ची के शव को ससुराल वालों ने चुपचाप दफन कर दिया।

# महिला से सामूहिक दुष्कर्म के जुर्म में तीन लोगों को उम्रकैद

## कोर्ट ने प्रत्येक पर 30-30 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया

विधि संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** महिला से सामूहिक दुष्कर्म के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश अशोक कुमार यादव ने सुभाषनगर सनईया गौटिया निवासी सोनू, राजीव और भोजीपुरा रमियापुर निवासी मोनू को दोषी पाते हुए आजीवन कारावास और प्रत्येक को 30-30 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। जुर्माने से 75 हजार रुपये पीड़िता को बतौर मुआवजा मिलेंगे।

सरकारी वकील हरेन्द्र पाल सिंह ने बताया कि पीड़िता की बेटी ने थाना सुभाषनगर में तहरीर देकर बताया कि कि उनकी मां कभी-कभी शराब पी लेती थीं। 23 मई 2021 को वह नशे की हालत में यह कहकर गईं कि वह उनकी मौसी के घर जा रही हैं। जब मम्मी नहीं आईं तो वह मौसी के बराबर वाले मकान में पहुंचीं। यह मकान राजीव का था। वह वहां नशे की हालत में पड़ी थीं। मम्मी ने बताया कि सोनू ने उनके साथ गलत काम किया है। पुलिस ने गैंगरेप की रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों के विरुद्ध आरोप पत्र कोर्ट में भेजा था। शासकीय अधिवक्ता ने छह गवाह पेश किए थे।

### शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म

**बरेली, अमृत विचार :** एक युवक ने शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म किया। साथ ही अश्लील वीडियो बना ली। पीड़िता ने सोमवार को एसएसपी कार्यालय में शिकायत की। प्रेमनगर थाना क्षेत्र निवासी युवती की शादी कुछ समय पहले बारादरी क्षेत्र में रहने वाले युवक के साथ तय हो रही थी, लेकिन दहेज की वजह से रिश्ता नहीं हो सका। इसी बीच युवक ने उसके वाटसएप नंबर कई मेसेज किए। जिसमें बिना दहेज के शादी करने को प्रस्ताव रखा। दोनों के बीच बातचीत शुरू हो गई। आरोप है कि इसी बीच युवक ने शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। शादी का दबाव डालने पर वीडियो वायरल करने की धमकी दी।

### छेड़खानी के विरोध पर दी जान से मारने की धमकी

**बरेली, अमृत विचार :** कैंट क्षेत्र में एक युवक ने महिला से छेड़खानी की। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। थाना क्षेत्र की एक महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि कॉलोनी में मकान का निर्माण चल रहा है। वहीं निर्माणाधीन मकान के सामने मुकेश त्यार रहता है। आरोप है कि वह आए दिन अश्लील हरकत करता है। सोमवार को महिला ने विरोध किया तो आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने आरोपी से जान को खतरा बताया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# त्रिवेणी एक्सप्रेस के अटेंडेंट पर यात्री को पीटने का आरोप

**बरेली, अमृत विचार :** पीलीभीत निवासी एक महिला ने त्रिवेणी एक्सप्रेस के अटेंडेंट पर मारपीट का आरोप लगाया है। इसकी शिकायत जीआरपी से की है। पीलीभीत निवासी महिला के मुताबिक रविवार को वह बरेली से पीलीभीत जाने के लिए जंक्शन पहुंचीं।

दोपहर में वह त्रिवेणी एक्सप्रेस में बैठ गईं। आरोप है कि इस बीच ट्रेन का अटेंडेंट उनसे बिना किसी बात को लेकर गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर मारपीट की। महिला ने बताया कि आरोपी पीलीभीत का ही रहने वाला है। वह उसे जानती हैं। सोमवार को महिला बयान दर्ज कराने के लिए बरेली जंक्शन जीआरपी थाने पहुंची थी।

महिला ने बताया कि जिस वक्त वह ट्रेन में सवार हुई थी, उस समय उसकी बहन भी साथ थी। जीआरपी प्रभारी निरीक्षक अजीत प्रताप सिंह ने बताया कि महिला की शिकायत दर्ज कर ली गई है। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।

# सड़क हादसे में जीजा की मौत, साली गंभीर घायल

संवाददाता, फतेहगंज पश्चिमी



- साली को स्टेशन पर छोड़ने जा रहे थे विपिन रास्ते में हुई दुर्घटना

**अमृत विचार :** साली को सिटी स्टेशन पर छोड़ने जा रहे युवक की बाइक को किसी वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। उसकी साली गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घायल साली को इलाज के लिए शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

थाना फतेहगंज पश्चिमी के मोहल्ला भिटौरा निवासी विपिन कुमार (28) एक टेलीकाम कंपनी स्टोर मैनेजर के पद पर कार्यरत थे। सोमवार सुबह साढ़े पांच बजे वह अपनी साली शशि निवासी बाजपुर काशीपुर को बाइक से छोड़ने सिटी स्टेशन बरेली जा रहे थे। रास्ते में हाईवे पर राधा कृष्ण मंदिर के सामने उन्हें किसी किसी वाहन ने टक्कर मार दी। वह उछल कर रोड पर गिर गए जिससे उनकी मौके पर मौत हो गई। उनकी साली गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साली को मिनी बाईपास रोड स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। मृतक के पिता की पिछले साल ट्रेन से कटकर मौत हो गई थी।

### डाकघर के पास खोखे की छत काटकर चोरी

**बहेड़ी, अमृत विचार :** स्थानीय डाकघर के सामने रखे एक खोखे की छत काटकर रविवार रात चोर मोबाइल और नकदी समेत अन्य सामान चुरा ले गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना किया। मोहल्ला शेखूपुर वार्ड चार निवासी मो. तौफीक के अनुसार, रविवार शाम वह अपने खोखे को बंद कर रिश्तेदारी में गए थे। सोमवार सुबह जब खोखा खोला तो उसमें सारा सामान तितर बितर पड़ा था।

# पोषण पुनर्वास केंद्र में पिछले महीने भर्ती हुए 25 कुपोषित



पोषण पुनर्वास केंद्र का निरीक्षण करते जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार।

**बरेली, अमृत विचार :** जिला कार्यक्रम अधिकारी ने सोमवार को जिला अस्पताल स्थित पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने यहां भर्ती कुपोषित और अति कुपोषित बच्चों का हाल जाना।

जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि पोषण पुनर्वास केंद्र में दस बेड की क्षमता है। मौजूदा समय में सभी बेड फुल हैं। यहां पर कुपोषित और अति कुपोषित बच्चे भर्ती हैं। निरीक्षण के दौरान केंद्र की डाइटिशियन डॉक्टर रोजी जैदी को बच्चों की देखभाल और बेहतर व्यवस्था करने के आदेश दिए। डाइटिशियन ने डीपीओ को बताया कि मई में सबसे अधिक 25 कुपोषित बच्चे भर्ती किए गए। बीओआर (बेड ऑक्युपेंसी रेट) में मई में रिकॉर्ड सुधार हुआ है। इस पर जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बच्चों को केंद्र में भर्ती कराने में योगदान देने वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और बेहतर इलाज और देखरेख के लिए केंद्र के स्टाफ को सम्मानित करने की बात कही है।

# भाला मारकर हत्या करने का जुर्म साबित 10 साल की कैद

**बरेली, अमृत विचार :** मामूली कहासुनी में भाला मारकर युवक की हत्या के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश ज्ञानेन्द्र त्रिपाठी ने सिरौली धनौरा गौरी निवासी सुनील को गैर इरादतन हत्या का दोषी पाते हुए 10 वर्ष सश्रम कारावास और 10 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई।

सरकारी वकील सुनील कुमार पांडेय ने बताया कि सुनील ने थाना सिरौली में तहरीर देकर बताया कि चार जुलाई 2022 को सुबह 7 बजे पिता रामपाल खेत से चारा काटकर घर ला रहे थे, तभी गांव के सुनील ने उन्हें अपने घर के सामने टोका और मजाक किया। पिता ने सुनील से कुछ कह दिया। इसपर सुनील ने उनके पिता की कमर में भाला मार दिया, जिससे उनकी मौके पर मौत हो गई।

# आरपीएफ को निर्देश, अपराधों के साथ चेन पुलिंग की घटनाओं भी हो रोकथाम

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर के प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त तारिक अहमद सोमवार को इज्जतनगर रेल मंडल का दौरा करने पहुंचे। सबसे पहले उन्होंने बरेली सिटी स्टेशन का निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने इज्जतनगर डीआरएम कार्यालय परिसर स्थित मंडल सुरक्षा आयुक्त कार्यालय का जायजा लिया।

सुबह आरपीएफ पोस्ट बरेली सिटी का निरीक्षण करने पहुंचे प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त तारिक अहमद को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस दौरान इज्जतनगर मंडल सुरक्षा आयुक्त पवन कुमार, सहायक मंडल सुरक्षा आयुक्त शारिक खान, आरपीएफ प्रभारी निरीक्षक नरेश कुमार मीणा आदि मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त ने ट्रेनों और स्टेशन पर होने वाले अपराधों पर चर्चा की। यात्री संबंधी अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए निर्देशित किया। उन्होंने रेलवे सुरक्षा बल के सदस्यों से उनके परिवादों के बारे में जाना। रेलवे एक्ट, आरपीयूपी एक्ट के रजिस्टर चेक किए। चेनपुलिंग की घटनाओं पर लगाम कसने को कहा। इज्जतनगर मंडल सुरक्षा आयुक्त कार्यालय में रिकॉर्ड चेक किए। उन्होंने मंडल रेल प्रबंधक रेखा यादव के साथ भी समन्वय बैठक की।



मंडल सुरक्षा आयुक्त कार्यालय का निरीक्षण करते मुख्य सुरक्षा आयुक्त तारिक अहमद।

- प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त ने सिटी स्टेशन आरपीएफ पोस्ट और कमांडेंट कार्यालय का किया निरीक्षण

# पुलिस कर्मी की बेटी के साथ मारपीट और अभद्रता



आरोपी पर चप्पल से हमला करती पीड़िता की बहन।



दोनों पक्षों के बीच बचाव करती पुलिस। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार :** मां बेटे ने एक पार्क में पुलिस कर्मी की बेटी के साथ मारपीट की। विरोध पर उसे बाल पकड़कर घसीटा। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर युवक को हिरासत में ले लिया है। कोतवाली परिसर में रहने वाली एक युवती ने बताया कि सोमवार को वह अग्रसेन पार्क में घूमने गई थी। वहां पर सौरभ सिंह और उनकी मां प्रेमवती ने मारपीट की। जबरन गाड़ी से खींचकर घसीटा। आरोप है कि इस दौरान उसके साथ अभद्रता की गई। सूचना मिलने पर युवती की बहन भी वहां पहुंच गई। वह चप्पल लेकर मां और बेटे से भिड़ गई। पुलिस ने किसी तरह समझाकर शांत कराया। पुलिस आरोपी युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। दूसरी तरफ चर्चा है कि युवक और युवती के बीच प्रेम चल रहा है। दोनों मिलने के लिए पार्क में पहुंचे थे। जहां युवक व युवती की मां भी पहुंच गईं और दोनों को लताड़ लगाई। कोतवाली प्रभारी दिनेश शर्मा ने बताया कि दोनों एक दूसरे के पहले से जानकार हैं। फिलहाल रिपोर्ट दर्ज कर युवक को हिरासत में लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# इलाज के दौरान घायल ने दम तोड़ा

**बरेली, अमृत विचार :** सड़क हादसे में घायल हुए व्यक्ति की इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई। मामले में अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

फरीदपुर थाना क्षेत्र के रहने वाले आसिफ अली 27 मई को पिता सितार शाह के साथ बरेली से घर आ रहे थे। ट्रांसपोर्ट नगर के पास तेज रफ्तार स्कूटी ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में सितार शाह गंभीर रूप से घायल हो गए। जबकि आसिफ अली को मामूली चोटें आईं। पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जिला अस्पताल से सितार शाह को दिल्ली रेफर कर दिया। घटना के एक सप्ताह के बाद दिल्ली के निजी अस्पताल में रविवार को सितार शाह की मौत हो गई।

# कृषि विभाग ने चलाया बीज शोधन अभियान

**बहेड़ी, अमृत विचार :** कृषि विभाग के अनुभाग कृषि पादप रक्षा विभाग की ओर से बीज शोधन अभियान की शुरुआत की गई, जिसमें तहसील क्षेत्र के सभी तीनों बहेड़ी, शेरगढ़ और दमखोदा विकास खंड के बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे। कृषि रक्षा इकाई के प्रभारी इंद्रपाल सिंह ने किसानों को बीज शोधन करने का औचित्य और उससे होने वाले फायदे बताते हुए कहा कि शोधित बीजों की बुवाई करने से एक तो जमाव बहुत अच्छा होता है साथ ही बीज जनित रोगों से भी बचाव हो जाता है। दमखोदा इकाई प्रभारी राणा प्रताप सिंह बीजों में पैदा होने वाली बीमारियों की जानकारी देते हुए कहा कि बीज को ट्राइकोडर्मा हरजेनियम 2 फीसदी डब्ल्यू पी बायोपेस्टीसाइड से उपचारित करना चाहिए। शेरगढ़ इकाई के प्रभारी इंद्रपाल सिंह ने धान की नर्सरी को अच्छे तरीके से तैयार करने की विधि समझाई।

## सार-संक्षेप

### असिस्टेंट बिलिंग व्यवस्था प्रभावित, एप पर लोड नहीं डाटा

**बरेली, अमृत विचार :** एप पर डाटा अपलोड न होने के कारण असिस्टेंट बिलिंग व्यवस्था प्रभावित हुई। इससे जुड़ी शिकायतें अफसरों के पास दिनभर पहुंचती रहीं। दरअसल, मीटर रीडर मनमानी रीडिंग दर्ज कर गलत बिल बना देते हैं। बिल में सुधार के लिए उपभोक्ताओं को अफसरों के चक्कर काटने पड़ते हैं। उपभोक्ताओं को सही बिल मिलें, इसके लिए पावर कार्पोरेशन ने इसी महीने से असिस्टेंट बिलिंग व्यवस्था को शुरू करने के निर्देश दिए थे। इसमें प्रत्येक मीटर रीडर के साथ एक बिजली कर्मी उपभोक्ता के घर जाकर बिलिंग को नोट कर अधिकारियों को रिपोर्ट करेगा और एप पर डाटा अपलोड करेगा। सोमवार को सुबह दस बजे असिस्टेंट बिलिंग एप में तकनीकी खराबी आ गई। इस वजह से एप पर डाटा अपलोड नहीं हो सका। कर्मचारियों के अनुसार एप में तकनीकी समस्या के चलते शहर और ग्रामीण क्षेत्र के कई इलाकों में असिस्टेंट बिलिंग का काम प्रभावित हुआ है।

### अनस की मां ने दर्ज कराई हत्या की रिपोर्ट

**बरेली, अमृत विचार :** किला क्षेत्र के रेलवे लाइन पर हत्या कर फेंके गए शव की तीसरे दिन पहचान हुई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया तो रस्सी से गला कस कर हत्या करने पुष्टि हुई। मृतक की पहचान मोहल्ला कटघर हरी मीनार के रहने वाले अनस (20) के रूप में हुई। अनस की मां की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ हत्या की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। शबनम बी ने बताया कि उनका बेटा अनस सहारा बुटीक पास काम करता था। एक जून को वह शाम तक घर नहीं लौटा। थाना प्रभारी किला हरेंद्र सिंह ने बताया कि शनिवार रात किला निवासी छोटेलाल ने नवदिया फाटक के पास युवक की लाश पड़ी होने की सूचना दी थी। बताया कि अनस तीन साल से कोतवाली क्षेत्र के पास एक बुटीक पर काम करता था। अनस की कॉल डिटेल निकाल रही है।

### पत्नी को पीटकर घर से निकाला

**बरेली, अमृत विचार :** एक व्यक्ति ने पत्नी को पीटकर घर से निकाल दिया। एसएसपी के आदेश पर किला थाना पुलिस ने पति समेत तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। मोहल्ला बाकरगंज निवासी मुस्कान फातिमा के अनुसार आठ साल पहले उसकी शादी मलूकपुर निवासी फैजान से हुई थी। शादी के बाद से ही फैजान प्रताड़ित करने लगा। सोमवार को इसका विरोध किया तो मारपीट कर घर से निकाल दिया। सूचना पर जब मायके वाले ससुराल पहुंचे तो पति उनके साथ भी मारपीट की।

### दबंग ने एक परिवार को दी जान से मारने की धमकी

**सीबीगंज, अमृत विचार :** सीबीगंज थाना क्षेत्र में दबंग ने फोन कर एक परिवार को जान से मारने की धमकी दी है। शिकायत पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। थाना क्षेत्र के अटरिया निवासी माधुरी अवस्थी के अनुसार कॉलोनी के सुभाष लोधी ने उसके खिलाफ पुलिस से शिकायत करने पर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी है। सुभाष पर पहले से ही कई मुकदमे दर्ज हैं। माधुरी का आरोप है कि सोमवार को पुत्र रितिक के फोन सुभाष ने कॉल की और गालीगलौज करने लगा। विरोध करने पर कहता है कि परिवार में किसी को जिंदा नहीं छोड़ूंगा। घर में घुसकर मारपीट करने की धमकी देता है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने सुभाष समेत चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### एटीएम बदलकर 75 हजार रुपये निकाले वाले पर रिपोर्ट

**भोजीपुरा, अमृत विचार :** एटीएम से रुपये निकालने गए एक युवक से शातिर ने एटीएम बदलकर 75 हजार रुपये निकाल लिए और फरार हो गया। पीड़ित ने मामले की शिकायत एसएसपी से की। पुलिस ने आरोपी अजीत कुमार के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। भोजीपुरा के गांव दोपहरिया पचदौरा निवासी मुस्ताक अहमद का बैंक आफ बड़ौदा की शाखा भोजीपुरा में खाता है। वह 30 अप्रैल को एटीएम से रुपये निकालने गया था। एटीएम बूथ के पास में एक युवक खड़ा था। युवक ने बहाने से अपना कार्ड मुस्ताक को दे दिया और मुस्ताक का एटीएम ले लिया। एटीएम बदलने के बाद जालसाज युवक ने मुस्ताक के डेबिट कार्ड से 75 हजार रुपये निकाल लिए और उसका डेबिट कार्ड लेकर फरार हो गया।

# माता पिता का पता नहीं चलने पर चाइल्ड लाइन टीम ने तीन बच्चों को रामपुर के बाल शिशु गृह भेजा

**बरेली, अमृत विचार :** माता पिता का पता नहीं चलने पर चाइल्ड लाइन ने तीन बच्चों को रामपुर स्थित बाल शिशु गृह भेज दिया। पिछले वर्ष अगस्त में चाइल्ड लाइन को छह वर्षीया आफिया, नवंबर में ग्लोरी और जनवरी में पांच वर्षीय अयान मिला था। ये बच्चे अलग अलग थानों ने चाइल्ड लाइन को सौंपे थे। तमाम कोशिश के बाद इन बच्चों के माता पिता की जानकारी नहीं हो सकी। बाल कल्याण समिति के आदेश के बाद इन बच्चों को रविवार को बाल शिशु गृह भेज दिया गया। बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष दिनेश चंद्रा ने बताया बॉर्न बेबी फोल्ड का पंजीकरण समाप्त होने वाला है। दोबारा नवीनीकरण न हो पाने के कारण यहां बच्चों को अधिक समय तक नहीं रखा जा सकता। बॉर्न बेबी फोल्ड की अधीक्षिका ने बताया कि समिति के आदेश पर बच्चों को बाल शिशु गृह भेजा है।

### भमोरा में सट्टे का विरोध करने पर युवक को पीटा

**भमोरा, अमृत विचार :** गांव में सट्टा खिलाने का विरोध करने पर आरोपी ने युवक के साथ मारपीट की, पीड़ित ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। भमोरा के गांव बल्लिया निवासी संजीव ने बताया कि सोमवार सुबह लगभग 10 :00 बजे वह मोहल्ले में जा रहा था तभी गांव का एक युवक जो लंबे समय से सट्टे का कारोबार कर रहा है, उसकी वजह से मोहल्ले में अजनबी लोगों का आना– जाना होता हैं। वे लोग अभद्र भाषा का इस्तेमाल करते हैं, जिससे महिलाओं को दिक्कत होती है। जिसका उसने विरोध किया तो आरोपी आग बबूला हो घर से रॉड से हमला करके उसे घायल कर दिया। पुलिस ने घायल का मेडिकल कराने के बाद आगे की कार्रवाई कर रही हैं।

### बरेली जंक्शन से गुमशुदा महिला भोपाल में बच्चा चुराते पकड़ी गई

**बरेली, अमृत विचार :** जीआरपी बरेली जंक्शन पुलिस जिस महिला को चार दिन से तलाश रही थी, वह भोपाल में बच्चा चुराते हुए पकड़ी गई। महिला के पति ने जीआरपी को बताया कि उसकी पत्नी मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। जीआरपी प्रभारी निरीक्षक अजीत प्रताप सिंह के मुताबिक 30 मई को महिला के पति कफील निवासी थाना देवरनिया रिछा कस्बा ने जीआरपी को जानकारी दी कि 26 मई को वह पत्नी के साथ किशनगंज स्थित उसके मायके जाने के लिए बरेली जंक्शन पहुंचे थे। इस बीच उनकी किशनगंज की ट्रेन छूट गई। साथ ही पत्नी भी उनसे बिछड़ गई। जीआरपी पुलिस महिला की तलाश में जुट गई। सोमवार को महिला के पति को जीआरपी भोपाल रेलवे स्टेशन ने जानकारी दी कि उनकी पत्नी असमतून खातून डेढ़ साल का बच्चा चुराकर भाग रही थी। रेलवे स्टेशन पर उसको जीआरपी पकड़ लिया। जीआरपी प्रभारी निरीक्षक अजीत प्रताप सिंह ने बताया कि महिला को भोपाल जीआरपी ने जेल भेज दिया है।

प्रवेश प्रारम्भ
BIU College of Pharmacy, BIUCOP Bareilly, Towards Professional Excellence
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
- एम.एच.ए. (2 वर्षीय)
- एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

प्रवेश प्रारम्भ
Faculty of Paramedical Sciences, FOPS Bareilly, Towards Professional Excellence
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज -------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 प्रतिशत अधिक रेट वर्ग सेमी.
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

## एक नजर

### सर्पदंश से किसान की मौत

बरेली, अमृत विचार : सर्पदंश से एक किसान की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बिथरी चैनपुर थाना के गांव तय्यतपुर निवासी किसान मदन लाल रविवार को खेत पर गए थे। उन्हें सांप ने डस लिया। उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया रविवार देर रात मौत हो गई।

### घर में घुसकर की मारपीट

फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार : दबंगों ने घर में घुसकर महिला से मारपीट की, लड़की को खींचने की कोशिश की, पीड़िता ने थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई पुलिस जांच में जुटी हैं। महिला ने बताया कि गांव के पकंज, सोनू, अशोक, राजू और लाखन रात में 10 बजे मेरे घर घुस आए और मारपीट करने लगे। मेरी बेटी को पकड़ कर खींच लिया, कह रहे थे कि तेरा बेटा मेरी बेटी से फोन पर बात करता है। अब हम तेरी बेटी को बेइज्जत करेंगे। शोर सुनकर मोहल्ले के लोग आ गए तो जान से मारने की धमकी देकर चले गए।

### दबंगों ने पूरे परिवार को पीटा

मीरगंज, अमृत विचार : दबंगों ने रंजिशन घर में घुसकर परिवार के साथ मारपीट की। पीड़िता ने आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई। मीरगंज थाना क्षेत्र के गांव धंतिया निवासी प्रीति ने बताया कि रविवार को वह घर पर थी। इसी दौरान गांव के ही दो-तीन लोग उसके घर आए और गाली देने लगे, विरोध करने पर उसे धक्का देकर गिरा दिया, उसकी चीख सुनकर उसका भाई कुंवर पाल और पिता मोहनलाल बचाने आए तो आरोपियों ने उन लोगों से मारपीट की, पड़ोसियों ने उन्हें बचाया। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर राम अवतार, यादराम और ओमकार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली हैं।

### युवती का किया शोषण

बहेड़ी, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के एक गांव में युवक ने शादी का झांसा देकर युवती से संबंध बनाए और बाद में अपने वादे से मुकर गया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। युवती के अनुसार, उसका गांव के ही एक युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा था। युवक ने शादी करन का भरोसा देकर कई बार उससे शारीरिक संबंध बनाए और जब शादी के लिए दबाव बनाया तो वह मुकर गया। पीड़िता ने मामले की शिकायत पुलिस से की। पुलिस ने आरोपी जाहिद के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि युवक और युवती साल भर से लिव इन रिलेशनशिप में थे।

### जेठ ने की छेड़खानी, रिपार्ट

देवरनियां, अमृत विचार : देवरनियां कोतवाली क्षेत्र की रहने वाली महिला ने अपनी तहरीर में बताया कि 31 मई की रात दस बजे वह घर में बच्चों के साथ अकेली थी। इसी दौरान उसके जेठ घर में घुस आए और उससे छेड़खानी करने लगे। जब उसने विरोध किया तो वह मारपीट करने लगे। इसी दौरान उसकी सात वर्ष की बेटी जाग गई और रोने लगी तो आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देते हुए चला गया। महिला ने जेठ पर कार्रवाई की मांग की है। इंस्पेक्टर देवेंद्र सिंह धामा ने बताया कि महिला की तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके जांच की जा रही है।

### हादसे चार लोग घायल

खीरी टाउन : सराय गांव के पास दो बाइकों में आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में चार लोग घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। कस्बा खीरी के निकट महमदपुर गांव के पास नोगजे पीर बाबा का मेला लगा है, जिसे देखने के लिए कुमार निवासी डिम्हौरा और राजू निवासी कैमहरा बाइक से जा रहे थे। सराय गांव के पास सामने से आ रही बाइक से टक्कर हो गई। हादसे में चार लोग घायल हुए हैं। जिन्हें राजापुर चौकी पुलिस ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

### खराब पड़े हैंडपंप को ठीक कराने की मांग

बिशारतगंज, अमृत विचार : कई साल से खराब पड़े हैंडपंप की शिकायत जिलाधिकारी के शिकायती नंबर पर की गई। बेहटा बुजुर्ग गांव निवासी हारून खां ने बताया कि उनके मोहल्ले में एक ही सरकारी नल है जो कई साल से खराब है । लोग देसी नलों का खराब पानी पीने को मजबूर हैं। जिसकी शिकायत उसने प्रधान पति से लगातार कर रहे हैं लेकिन अब तक सरकारी नल ठीक नहीं कराया गया जिसकी शिकायत उन्होंने जिलाधिकारी बरेली की ओर से जारी किए गए शिकायती नंबर पर की है।

# सेमीखेड़ा में गंदे पानी की सप्लाई, लोग परेशान

संवाददाता, देवरनियां



पेयजल समस्या को लेकर आक्रोश जताते ग्रामीण। ● अमृत विचार

- सरकारी हैंडपंपों का 250 फुट बोर कराने की मुख्यमंत्री से मांग
- टंकियों से दो साल से नहीं आ रहा पानी, गंदा पानी पी रहे लोग
- नलों का पानी दूषित होने कारण कुछ देर बाद हो जाता है पीला

अमृत विचार : नगर पंचायत देवरनियां का हिस्सा सेमीखेड़ा के लोग इन दिनों दूषित पानी पीने को मजबूर हैं। बोरिंग की गहराई कम होने की वजह से नलों से गंदा पानी आ रहा है जो थोड़ी देर बाद पीला पड़ जाता हैं। स्थानीय लोगों ने मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजकर सरकारी हैंडपंपों का रिबोर 250 फीट कराने की मांग की।

शिकायती पत्र में लोगों ने बताया कि दो साल से टंकियों में पानी नहीं आ रहा है, इसके अलावा नगर पंचायत देवरनियां की तरफ से लगाए गए सरकारी हैंडपंप का बोर पहले 160 फीट था, बाद में रिबोर करके 180 कर दिया गया। किसान सहकारी चीनी मिल के कारण क्षेत्र का भूजल 180 फीट तक दूषित हो गया है। इस पानी को पीने से लोग कई बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि चेयरमैन से शिकायत की गई तो उन्होंने भी अनसुना कर दिया।

ज्ञापन भेजने वालों में बजंरग दल पदाधिकारी आशीष गंगवार, अमित कुमार, राजेन्द्र प्रसाद, छेदालाल, हरीशंकर, सतेन्द्र कुमार, जयपाल, हरीश कुमार, धर्मवीर, रामाशंकर, सत्यपाल गंगवार आदि का नाम शामिल हैं। पूर्व सभासद सत्यपाल गंगवार का कहना है कि हमारे धर्म स्थानों पर फ्रीजर भी नहीं लगे हैं, जबकि आने वाले श्रद्धालुओं को पानी न मिलने के कारण अत्यधिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। प्राचीन शिव मंदिर सेमीखेड़ा पर दो हैंडपंप हैं जिसमे एक खराब है और दूसरे का पानी पीने योग नही है, जबकि कई वर्षों से टंकियों में भी पानी नहीं आ रहा है। चेयरमैन मोहम्मद कलीम अंसारी का कहना है कि सेमीखेड़ा में पानी समस्या का स्थाई समाधान तलाशा जा रहा है।

# श्रद्धालुओं की ट्रॉली पर गिरा बिजली का तार

## ऊपर तिरपाल लगा होने से बचा हादसा, मनौना में दर्शन कर लौट रहे थे 40 श्रद्धालु

संवाददाता, आंवला



टक्कर के बाद ट्रैक्टर ट्रॉली पर गिरा बिजली का पोल। ● अमृत विचार

अमृत विचार : श्री खाटूश्यामजी के दर्शन कर घर लौट रहे 40 श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली एक बिजली के खंभे से टकरा गई। पोल टूटकर ट्रॉली पर गिर गया। सप्लाई चालू रहने से तारों से चिंगारियां निकलने लगीं। ट्रॉली में बैठे बच्चे और महिलाओं में चीख पुकार के साथ भगदड़ मच गई। आनन-फानन में सप्लाई बंद कराई गई और सभी श्रद्धालुओं को सुरक्षित बचा लिया गया।

बहेड़ी के भूड़ा बहादुरपुर निवासी अरविंद कुमार ने बताया कि वह अपने ट्रैक्टर से परिवार और रिस्तेदारों के साथ रविवार दोपहर मनौना श्री खाटूश्यामजी के दर्शन करने चला था। सोमवार को दर्शन करके दोपहर करीब एक बजे घर लौट रहे थे। आंवला-भमोरा रोड के मोतीपुरा गांव की ईंट फैक्ट्री के पास सामने से अचानक एक तेज वाहन आ गया। उसे बचाने के लिए उसने ट्रैक्टर एक साइड की ओर काट दिया। इसी बीच ट्रॉली की चपेट में आने से बिजली का खंभा टूटकर ट्रॉली के ऊपर गिर गया। सप्लाई चालू होने और तार टूटने से चिंगारियां निकलने लगीं। ट्रॉली में बैठे करीब 40 श्रद्धालुओं में भगदड़ मच गई। महिलाएं बच्चे ट्रॉली से कूदकर भागने लगे। चिंगारी और भगदड़ मचने पर सड़क पर वाहनों का जाम लग गया। ग्रामीणों ने आनन फानन में सप्लाई बंद कराई और सभी को सुरक्षित बाहर निकाला। करीब आधा घंटे तक लगे जाम के बाद ग्रामीणों ने प्रयास कर जाम खुलवाया। ग्रामीणों ने ट्रैक्टर लाकर पोल को खींचकर ट्रॉली से हटाया और श्रद्धालुओं को रवाना किया। ग्रामीणों ने बताया यदि ट्रॉली से लोग नहीं कूदते और समय रहते सप्लाई बंद नहीं होती तो बडा हादसा हो सकता था।

- तार से चिंगारी निकलती देख मची चीख-पुकार, सप्लाई कराई बंद

### सड़क दुर्घटना में बिजली कर्मचारी की मौत

भोजीपुरा, अमृत विचार : ड्यूटी कर साइकिल से घर लौट रहे बिजली कर्मचारी को नैनीताल मार्ग पर अभयपुर गांव के पास बेकाबू ट्रक ने टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने मेडिकल कॉलेज भेजा, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। भोजीपुरा के गांव सागलपुर निवासी प्यारे (55) बैकुंठपुर पावर हाउस पर तैनात थे। वह सोमवार शाम साढ़े छह बजे पावर हाउस से साइकिल से अपने गांव वापस आ रहे थे। नैनीताल मार्ग पर गांव अभयपुर गांव के पास बेकाबू ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस से मेडिकल कॉलेज भेज, जहां डाक्टरों ने देखते ही मृतक घोषित कर दिया। पुलिस ने शव मेडिकल कालेज की मोर्चरी में रखवा दिया है। पुलिस ने टक्कर मारने वाले ट्रक को कब्जे में ले लिया है। चालक मौके से फरार हो गया।

## खेत की तारकशी में दौड़ रहे करंट से किसान की मौत

आंवला, अमृत विचार : एक खेत मालिक ने फसल की सुरक्षा के लिए तारकशी करके उसमें करंट दौड़ा दिया हैं, तार के सम्पर्क में आने से पड़ोसी किसान की मौत हो गई। दिगोई गांव निवासी ओमपाल ने बताया कि उसके भतीजे विक्रम (33) ने रात में फसल में सिंचाई की थी। सोमवार सुबह मैंथा की फसल देखने जा रहा था। रास्ते में एक खेत में फसल की सुरक्षा को लगी तारकशी में दौड़ रहे करंट के संपर्क में आने से उसकी मौत हो गई। सुबह किसान वहां से गुजरे तो वह खेत की मेढ़ के पास वह मृत मिला। परिजनों ने बताया कि विक्रम दो भाईयों में सबसे बड़ा था, उसके परिवार में उसकी पत्नी सुनीता, एक बेटा और पांच बेटियां हैं। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। वहीं इस मामले में आंवला इंस्पेक्टर वीरेश कुमार ने बताया कि खेत की तारकशी में दौड़ रहा करंट लगने से किसान की मौत हो गई है। तहरीर नहीं मिली है।

## सार-संक्षेप

### दबंगों के डर से परिवार गांव छोड़ने की तैयारी में

मीरगंज, अमृत विचार : दस दिन पहले एसएसपी के आदेश पर मुकदमा लिखाने के बावजूद इन्साफ नहीं मिलने पर क्षेत्र के एक गांव का परिवार गांव छोड़ने को मजबूर हैं। गांव नंदगांव निवासी देवदत्त ने सोमवार को सीओ को शिकायती पत्र सौंपा जिसमें उन्होंने कहा कि एसएसपी के आदेशानुसार गांव के ही सुरेश मौर्य, टिंकू और लालता प्रसाद के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई हैं। बावजूद इसके तीनों आरोपी खुलेआम घूम रहें हैं। उस पर समझौते का दबाव बना रहें हैं। आरोप लगाया कि सुरेश मौर्य और सुनील मौर्य की दबंगई से तंग आकर उनकी बेटी स्कूल जाना भी छोड़ चुकी हैं। पुलिस इस मामले में जांच कर रही है।

### नौकरी लगवाने के नाम पर प्रबंधक ने डेढ़ लाख ठगे

शाहजहांपुर, अमृत विचार : कांट में कॉलेज के प्रबंधक ने एक युवक की पत्नी की कॉलेज में नौकरी लगवाने के नाम पर डेढ़ लाख रुपये ठग लिए। आरोपी तीन साल से नौकरी लगवाने का आश्वासन दे रहा था। अब रुपये वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी दी है। तिलहर थाना क्षेत्र के मोहल्ला कुंवरगंज निवासी संदीप शर्मा ने बताया कि उसके घर से आठ किमी दूर ताराचंद्र मेमोरियल इंटर कॉलेज फाजुल्लागंज थाना कांट में संचालित है। जिसके प्रबंधक मिथलेश कुमार है। पांच साल पूर्व संदीप की पत्नी लक्ष्मी से प्रबंधक की साली निशा वर्मा निवासी सरेली अंग्रेजी का विषय पढ़ने आती थी। उसने लक्ष्मी से कहा कि उसके जीजा मिथलेश कुमार का स्कूल चल रहा है और उनसे बात कर लो, कॉलेज में नियुक्ति हो सकती है। संदीप ने मिथलेश से बात की। उसने कहा कि स्कूल के एडेड होने की कार्रवाई चल रही है और नौकरी के लिए डेढ़ लाख रुपये दे दो। उन्होंने निशा के सामने प्रबंधक को नौकरी लगवाने के नाम पर डेढ़ लाख रुपये दे दिए।

### मिनी स्टेडियम से दरवाजे खिड़की निकाल ले गए चोर

शेरगढ़, अमृत विचार : शेरगढ़ की ग्राम पंचायत ब्योंधा स्थित मिनी स्टेडियम से रविवार रात चोरों ने 11 दरवाजे, खिड़की और छत पर रखे पानी के दो टैंक चोरी कर लिए। सोमवार सुबह दौड़ने पहुंचे युवा दरवाजे – खिड़की गायब देख हैरत में पड़ गए। प्रधान ने इसकी सूचना थाने के साथ ही बीडीओ को दी। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। शेरगढ़ के गांव ब्योंधा में मिनी स्टेडियम बनवाया गया है। यहां रविवार की रात्र चोरों ने बेखौफ होकर चोरी की वारदात को अंजाम दे डाला। मामले से खंड विकास अधिकारी सीपी पांडेय को भी अवगत कराया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### मंदिर में हुआ यज्ञ, दीं आहुतियां



बरेली, अमृत विचार : एग्जिट पोल से उत्साहित धर्म प्रेमियों ने सोमवार को श्री शिरडी साईं सर्वदेव मंदिर में हवन किया, जिसमें संस्कृत महाविद्यालय के छात्रों और धर्माचार्यों ने आहुति दीं। पं. सुशील पाठक, आचार्य महेश, अभिषेक शर्मा, राघव पाठक, अर्श मिश्रा, प्रभाकर पाराशरी, पवन मिश्रा, रामजी मिश्रा, शशांक तिवारी आदि मौजूद रहे।

### किराना व्यापारी से लूट के मामले में पुलिस खाली हाथ

क्योलड़िया, अमृत विचार : दुकान बंदकर घर लौट रहे किराना व्यापारी से लूट के एक सप्ताह बाद भी पुलिस अभी तक खाली हाथ है। चार बाइक सवार बदमाशों ने गांव से कुछ दूर पहले तमंचे के बल पर किराना व्यापारी से बीस हजार नकदी, दो मोबाइल और मोटरसाइकिल लूट कर भाग गए थे, व्यापारी को बंधक बनाकर खेत में डाल दिया था। अगले दिन पीड़ित ने थाने पहुंचकर शिकायत की, लेकिन पुलिस इसे संदिग्ध मानते हुए कोई कार्रवाई नहीं की थी। उच्च अधिकारियों से शिकायत के बाद पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की थी, लेकिन अभी तक उसके हाथ खाली है। पीड़ित व्यापारी का आरोप है कि पुलिस ने बयान दर्ज करने के बाद भी अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की।

### बच्चों के झगड़े के बाद महिला के घर में किया पथराव

फरीदपुर अमृत विचार : खेलने के दौरान एक बच्चा गिरकर घायल हो गया, इसके बाद घायल बच्चे के पिता ने दूसरे बच्चे के घर जाकर गाली गलौज की, इसके बाद उसके घर में पथराव कर दिया। इसके बाद महिला ने थाने पहुंचकर आरोपी के खिलाफ नामजद तहरीर दी। फरीदपुर के एक गांव निवासी महिला ने बताया कि उसका पति बाहर मजदूरी करने गया है। सोमवार को उसके बच्चे के साथ पड़ोस का बच्चा खेल रहा था, वह गिरकर घायल हो गया, इस पर बच्चे के पिता ने उसके घर पहुंचकर बच्चे के इलाज के लिए पैसे मांगे तो उसने देने से मना कर दिया। इसके बाद आरोपी उसे गाली देने लगा, इसके बाद पथराव कर दिया, जिससे वह घायल हो गई। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पुलिस को कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### पड़ोसी कर रहा है महिला के पेड़ काटने की कोशिश

देवरनियां, अमृत विचार : मकसूदपुर गांव निवासी रामेंद्र सिंह ने बताया कि उसकी मां किशन देवी के नाम जमीन है उनके खेत के बराबर में कौशलेंद्र सिंह उर्फ सुखबीर सिंह का खेत है। उन्होंने अपने खेत की मेढ़ पर पॉपुलर के पेड़ लगाए है। रविंद्र सिंह ने आरोप लगाया कि उनका पड़ोसी खेत की मेढ़ से छेड़खानी करता हैं। अब वह उन पेड़ों पर कब्जा करना चाहता है, धमकी दे रहा है कि पेड़ मेरे खेत में है मैं बेचूंगा। रामेंद्र ने पुलिस से भूमि की पैमाइश कराकार सीधी मेढ़ डलवाने की मांग की है। इंस्पेक्टर देवेंद्र सिंह धामा ने बताया कि युवक की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# बैंक से रुपये निकालने गए बुजुर्ग से ठगे पचास हजार

संवाददाता, फतेहगंज पश्चिमी

- आरोपी सीसीटीवी कैमरे में कैद तलाश में जुटी पुलिस

अमृत विचार : कस्बा की बैंक से रुपये निकालने गए बुजुर्ग को दो ठगों ने गुमराह करके पचास हजार रुपये की ठगी कर ली। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से ठगों की तलाश कर रही है। तेजेन्द्र स्वरुप निवासी ग्राम पन्थरा थाना शाही फतेहगंज पश्चिमी कस्बे में जगह लेकर मकान का निर्माण कर रहे है।

सामान खरीदने के लिए वह सोमवार को दोपहर 2 बजे बैंक ऑफ बड़ौदा से पैसे निकालने गए थे। चेक देकर उन्होंने बैंक से पचास हजार रुपये निकाले। बैंक के अंदर ही उन्हें दो ठग मिल गए। उन्हें एक घंटे तक अपनी बातों में उलझाए रखा और गुमराह कर दिया। कहने लगे तुम अपने पैसे मुझे दे दो और हमारे एक लाख रुपये आप अपना पेन कार्ड लगाकर बैंक में जमा कर दो। इसके बदले में तुम्हे रुपये दे दूंगा। हमारे पास पेनकार्ड नहीं है, बिना पेनकार्ड के एक लाख रुपये जमा नही होंगे। उनकी बातों में आकर उन्होंने अपने पचास हजार रुपये उन्हें दे दिये। इसके बाद ठगों ने एक रूमाल में खाली कागज लपेट कर दे दिए और वह वहां से भाग गए। कुछ देर बाद रूमाल को खोल कर देखा तो उसमें खाली कागज थे।उसके बाद उन्होंने 112 नंबर पर फोन कर पुलिस को सूचना दी एवं थाना पुलिस को बताया। घटना के बाद एसआई पुष्पेंद्र सिंह पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए।उन्होंने बैंक में लगे सीसीटीवी फुटेज चेक किये तो सारी घटना सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर लेकर सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से ठगों की तलाश शुरू कर दी है।

## युवती को बहलाकर भगा ले गया प्रेमी

नवाबगंज, अमृत विचार : क्षेत्र के एक गांव की युवती नजदीकी गांव स्थित एक नर्सिंग होम पर कार्य करती थी, जहां दो बच्चों के पिता से उसका प्रेम प्रसंग हो गया 31 मई को युवती का परिवार टनकपुर गया था। युवती की मां का आरोप है कि नर्सिंग होम पर काम करने वाली दूसरी महिला की मदद से उसका प्रेमी उसे बहलाकर ले गया, वह अपने साथ घर में रखी 15 हजार की नकदी और छोटे भाई का मोबाइल ले गई । युवती की मां ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपी के साथ ही साथ देने वाली महिला के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

## एक सप्ताह में तीसरे घर को चोरों ने बनाया निशाना, नकदी-जेवर ले गए

संवाददाता, बिशारतगंज

अमृत विचार : क्षेत्र में चोरों के हौंसले बुलंद है एक सप्ताह में तीन घरों को निशाना बना चुके हैं। रविवार रात थाना क्षेत्र के रघुवीरपुर गांव निवासी नरेंद्र सिंह के घर से नकदी और जेवर चुराकर ले गए। नीलम सिंह ने दी हुई तहरीर में बताया कि रविवार की रात गर्मी की वजह से सभी लोग छत पर सोए थे, रात में चोर दीवार कूदकर घर में घुसे और संदूक में रखे जेवर और तीस हजार की नकदी चुरा ले गए। सुबह चोरी की जानकारी होने पर उसने डायल 112 पुलिस को फोन किया किंतु संपर्क नहीं हो सका। पीड़िता नीलम सिंह ने थाने पहुंचकर चोरों के खिलाफ तहरीर दी। इसी सप्ताह भिंडौरा और चुराह गांव में नकब लगाकर चोर नकदी और जेवर चुरा चुके हैं। इसके अलावा भिंडौरा गांव के ट्यूबेलो में भी कई बार चोरियां हो चुकी हैं। हफ्ता भर में तीन बड़ी चोरियों की घटना से क्षेत्र में दहशत है। पुलिस ने चुराह गांव निवासी मोमिन खा की तहरीर पर चोरी की एक रिपोर्ट दर्ज कर ली हैं।

### डायल 112 पर हमला करने वाले छह आरोपी गिरफ्तार



फरीदपुर अमृत विचार : प्लाट पर कब्जे के विवाद की सूचना पर पहुंचे डायल 112 पुलिस कर्मियों से मारपीट और वाहन को नुकसान पहुंचाने वाले छह आरोपियों को फरीदपुर पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया ।इस दौरान एक आरोपी की बीपी कम होने से तबीयत खराब हो गई, जिसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां हालत में सुधार होने पर उसे भी जेल भेज दिया। फरीदपुर प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में रोहिताश, राजपाल, विनोद, अवधेश, विवेक, विजय निवासी कीरतपुर परेवा थाना फरीदपुर को गिरफ्तार कर लिया ।पुलिस हिरासत में आरोपी रोहताश की हालत बिगड़ने लगी उसे सांस लेने में दिक्कत हो रही थी और उसका बीपी कम हो गया जिसे पुलिस ने आनन फानन में फरीदपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां देर शाम उसका स्वास्थ्य में सुधार होने पर पुलिस ने उसे जेल भेज दिया।

### लगातार भैंस चोरी से ग्रामीणों में दहशत

भमोरा, अमृत विचार : क्षेत्र में एक सप्ताह से हो रही लगातार भैंस चोरी की घटना से ग्रामीणों में दहशत हैं, पशुपालक भैंसों की रखवाली के लिए पशुशाला में ही सो रहे हैं। ग्राम बिछुरईया निवासी चन्द्रपाल ने बताया कि रविवार को घर के बाहर बनी पशु शाला में भैंस बांधकर मैं सो रहा था। रात में चोरों ने उसकी 80 हजार रुपये की भैंस चुरा ली, काफी खोजबीन के बाद भी पता नहीं चला, वही पड़ोसी गांव फिरोजपुर निवासी राजीव पाठक की 6 दिन पूर्व घर में बंधी भैंस को चोरी हो गई थी, सुबह उठने पर देखा की भैंस गायब है तलाश करने पर भैंस के पैरों के निशान देखते हुए आगे गए तो गांव के बाहर गाड़ी के टायर के निशान मिले। वहीं मिलक मझारा निवासी रामकुमार ने बताया की बुधवार रात परिवार वाले जब सोए हुए थे रात लगभग 1:00 बजे चोरों घर में बंधी भैंस चोरी कर ली, जिसकी कीमत 45 हजार रुपये थी पीड़ितों ने पुलिस को तहरीर दी।

### आंवला में दबोचे बदायूं के दो मोबाइल लुटेरे

आंवला, अमृत विचार : बाइक की किस्त और जेब खर्च के लिए बदायूं के दो युवकों ने बाइक सवार को रोककर मोबाइल लूट लिया। उसने हिम्मत कर दोनों की बाइक पकड़ ली और शोर मचा दिया। शोर सुनकर पहुंचे लोगों ने दोनों को पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया। मनौना गांव निवासी लेखराज ने बताया कि रविवार रात आंवला से गांव बाइक से जा रहा था। पीछे से आए बाइक पर सवार युवकों ने उसकी बाइक के आगे बाइक लगाकर रोक ली। एक ने उसका मोबाइल छीन लिया। वह लोग रुपयों के बारे में पूछने लगे। इसी दौरान बाइक पर बैठे युवक ने आवाज लगाकर उसे बुलाया। वह दोनों भाग रहे थे। इसी दौरान उसने दौड़कर उनकी बाइक पकड़ ली। इसी दौरान ग्रामीण आ गए सभी ने दोनों को दबोच कर बाइक समेत पुलिस को सौंप दिया। आरोपियों ने अपने नाम प्रमेन्द्र और अमित निवासी ग्राम ओया थाना बिल्सी जनपद बदायूं बताया है।

## किस्त जमा नहीं की, चेक भी बाउंस ट्रक मालिक पर धोखाधड़ी का केस

भोजीपुरा, अमृत विचार : फाइनेंस पर लिए गए ट्रक की किस्त जमा न करने और विक्रेता को दिया चेक बाउंस होने पर पुलिस ने एसएसपी के आदेश पर ट्रक क्रेता के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है।

भोजीपुरा के गांव भीकमपुर पचदौरा कला निवासी फरमान हुसैन ने ट्रक छह अप्रैल 2024 बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र के गांव मानपुर अहियापुर निवासी अवधेश कुमार को बेचा था। ट्रक पर फाइनेंस था, फरमान ने लिखित में तय किया कि 42280 की 39 किस्तें अवधेश को जमा करना होंगी। दो लाख साठ हजार रुपये फरमान के लिए देना तय हुए। अवधेश ने एक लाख साठ हजार रुपये दे दिए, एक लाख का चेक दिया। चेक जमा करने पर बाउंस हो गया। आरोप है कि अवधेश कुमार ने ट्रक की किस्तें भी जमा नहीं की गई। जब ट्रक विक्रेता फरमान ने अवधेश से किस्तें जमा करने और चेक बाउंस होने के संबंध कहा तो अवधेश ने किस्तें जमा करने और एक लाख रुपये देने से इन्कार कर दिया। फरमान का आरोप है कि झूठे मुकदमे में फंसाने व जान से मारने की धमकी दी गई है। पीड़ित ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने कप्तान के आदेश पर अवधेश कुमार निवासी मानपुर अहियापुर थाना बिथरी चैनपुर के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है।

### बंदूक के जोर पर जमीन पर कब्जे की कोशिश

क्योलड़िया, अमृत विचार : बंदूक के दम पर जमीन पर कब्जे की कोशिश, पीड़ित ने की शिकायत। क्योलड़िया के गांव भौआ बाजार निवासी भानमती देवी का बहन किशोरी देवी निवासी बरखेड़ा पीलीभीत से जमीन बंटवारे का विवाद न्यायालय में विचाराधीन है। किशोरी देवी ने 28 मई 2024 को भूमाफिया को जमीन बेंच दी। तीन दिन पहले भू माफिया साथियों के साथ बंदूकें लेकर खेत पर कब्जा करने पहुंच गया। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी युवा मोर्चा सूरज राठौर का ननिहाल की संपत्ति को लेकर मौसी से विवाद चल रहा है। दरोगा पर भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि सोमवार को उसे फोन आया और बिना अपना परिचय दिए अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए कहने लगे जमीन पर कब्जा कर रखा है, कल तक थाने आ जाना । मैंने पूछा कौन बोल रहे हो अपना नाम केबल सिंह दरोगा बताया। इसके बाद भाजपा नेता ने चुनाव में व्यस्तता का हवाला देते हुए कोर्ट के कागज भिजवाने की बात कही। पीड़ित ने सोमवार को एसएसपी बरेली और डीजीपी को एक्स पर पोस्ट करने के साथ ही, पार्टी जिला अध्यक्ष और नवाबगंज विधायक से शिकायत कर अपने परिवार कि जान माल की भू माफिया से सुरक्षा की मांग। इस विषय में दरोगा केबल सिंह ने बताया कि इनकी मौसी किशोरी देवी ने एसएसपी के यहां जमीन संबंधित शिकायत कि थी, इसी मामले में फोन कर थाने बुलाया था, मैंने अभद्र भाषा का प्रयोग नहीं किया।

### व्यापारी को करानी होगी शोरूम के सामने नाले की सफाई

नवाबगंज, अमृत विचार : नवाबगंज के बाईपास मार्ग पर नाले की सफाई के दौरान एक साड़ी शो रूम मालिक से हुई तकरार के बाद सफाई कर्मी काम बंद कर हड़ताल पर चले गए थे। अपने शोरूम के आगे का नाले की सफाई स्वयं कराए जाने की शर्त पर मामला निपट गया ।नगर परिषद इन दिनों नाला सफाई का अभियान चला रहा हैं। रविवार को बाई पास स्थित साड़ी शोरूम के आगे नाले पर पड़े लिंटर के कारण सफाई कार्य बाधित होने पर सफाई कर्मियों और शोरूम मालिक के बीच तकरार हो गई थी। जिसके बाद सफाई कर्मियों ने शोरूम स्वामी पर अभद्रता करने और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी थी और रिपोर्ट न लिखे जाने पर सफाई कार्य ठप कर दिया ।पालिकाध्यक्ष पति नीरेन्द्र सिंह राठौर ने ये स्पष्ट किए जाने कि यदि नाले के ऊपर का लिंटर बचाना है तो शोरूम मालिक को नाले की सफाई स्वयं करानी होगी ।जिस पर शोरूम मालिक सहमत हो गए श्री राठौर की मध्यस्थता में हुई वार्ता के बाद मामला सुलझ गया और सफाई कर्मी काम पर लौट आए ।

### तारीख पर आए पूर्व फौजी की काटी जेब, एक हिरासत में

बरेली, अमृत विचार : आंवला क्षेत्र के रहने वाले रिटायर्ड फौजी गोपाल सिंह सोमवार को एक केस की तारीख पर बरेली कोर्ट आए थे। कलेक्ट्रेट से कुछ दूरी पर उच्चकों ने उनकी जेब काट ली। इस दौरान सिपाही संदीप ने तीन में से एक को दबोच लिया। पकड़ा गया युवक कमाल फर्रुखाबाद का बताया जा रहा है। गोपाल सिंह ने बताया कि जेब में पांच हजार रुपये थे। जिनमें से 16 सौ रुपये गायब हैं।






अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**

हमने अपने पुत्र सौरभ उर्फ ईलू, उम्र 21 वर्ष को उसके गलत आचरण व दुर्व्यवहार के कारण तंग आकर अपने समस्त सम्बन्ध विच्छेद कर करते हुए अपनी समस्त सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। ये अपने कृत्यों व लेनदेन का स्वयं जिम्मेदार होगा। हमारा व हमारे परिवार का कोई वास्ता न होगा। **श्रीमती किरण देवी पत्नी संजय सिंह एवं संजय सिंह पुत्र हीरा सिंह, निवासी खुर्रम गौटिया, टाटा टावर वाली गली, थाना बारादरी, जिला बरेली**

**सूचना**

मैंने अपने छोटे पुत्र इमरान अख्तर व पुत्रवधु शाहजहाँ को उनके गलत आचरण व दुर्व्यवहार के कारण तंग होकर अपने समस्त सम्बन्ध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। ये अपने कृत्यों व लेनदेन के स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता न होगा। **इकरार अहमद पुत्र वली मोहम्मद, निवासी-ग्राम लाड़पुर, थाना भोजीपुरा, जिला बरेली**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 25.12.2023 को मेरी बी.ए. की डिग्री रोल नं. 203307 पूरनपुर में कहीं खो गई है जो काफी तलाश करने के बाद भी नहीं मिली है। **सुमन रानी पत्नी भीम सेन निवासी मोहल्ला चुन्नी खुरजा गेट चंदौसी जिला सम्भल।**

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र राजीव कुमार उम्र 24 वर्ष, व पुत्रवधु निकिता को उनके गलत आचरण व दुर्व्यवहार के कारण तंग आकर अपने समस्त सम्बन्ध विच्छेद कर करते हुए अपनी समस्त सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। ये अपने कृत्यों व लेनदेन के स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता न होगा। **बाबूलाल पुत्र जग्गू, निवासी मनीषा गैस गोदाम के पास, नेकपुर, थाना सुभाष नगर, जिला बरेली**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी की फर्म मैसर्स शहंशाह इंडस्ट्रीस पता प्लाट नं. 25, पीलीभीत रोड ग्राम डंडी हमीर, रिच्छा, बहेड़ी, जिला बरेली उत्तर प्रदेश 243201 जिसकी पंजीकरण सं.-BAR/0008330 है, यह उपरोक्त फर्म दिनांक 01.04.2018 से निरन्तर सुचारू रूप से कार्य कर रही है। उपरोक्त फर्म से साझेदार दो साझेदार मो. नासिर पुत्र श्री व मो. नाजिर पुत्रगण श्री मो. इशहाक निवासीगण वार्ड नं. 10 मोहल्ला गौटिया कस्बा रिच्छा बहेड़ी जिला बरेली उत्तर प्रदेश 243201 दिनांक 01.04.2023 को स्वेच्छा से रिटायर/सेवानिवृत्त हो रहे हैं उपरोक्त फर्म में वर्तमान में कुल दो साझेदार हैं क्रमशः 1 मो. इशाक पुत्र श्री मो. अब्बास 2. मो. इरशाद पुत्र श्री मो. अब्बास साझेदार हैं। एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त साझेदारी के संशोधन के सम्बन्ध में समस्त विधिक औपचारिकताएं मेरे द्वार पूर्ण कर ली गई। **मोहम्मद इशाक साझेदार**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमने अपने पुत्र राहुल साह उर्फ दीपू एवं पुत्रवधू श्रीमती रेनू पत्नी राहुल साह उर्फ दीपू को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। हम व हमारे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **राजेन्द्र साह पुत्र राम बचन सिंह एवं श्रीमती सीपती पत्नी राजेन्द्र साह निवासी एल-17, डी साउथ रेलवे कालोनी, निकट बरेली जंक्शन थाना सुभाष नगर जिला बरेली।**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे मकान की पुरानी रजिस्ट्री जिसकी रजिस्ट्री दिनांक 15/12/2014 को हुई थी जिसकी बही सं. 1, जिल्द सं. 6916 के पृष्ठ सं. 397 से 410 क्रमांक 14853 कार्यालय सब रजिस्ट्रार साहब, बरेली में हुई वास्तव में कहीं खो गई है। जिसका उपयोग गैरकानूनी होगा **सोनी पत्नी भीमसेन, ग्राम नरियावल, जिला बरेली**

## सार-संक्षेप

### बरेली को 21-01 से गौतमबुद्ध नगर ने हराया

**पीलीभीत, अमृत विचार :** बेनहर पब्लिक स्कूल में आयोजित द्वितीय जूनियर बालक एवं बालिका राज्य स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में रविवार रात और सोमवार को कई मैच खेले गए। इन मैचों का दर्शकों ने खूब आनंद उठाया। रविवार रात को पहला मैच बालिका वर्ग में बरेली और गौतम बुद्ध नगर के बीच खेला गया। इसमें गौतम बुद्ध नगर 21-01 से जीता। दूसरा मैच बालक वर्ग में अमरोहा और अयोध्या के बीच खेला गया, जिसमें अयोध्या ने 17-12 से जीत दर्ज की। तीसरा मैच बालक वर्ग में बागपत और बरेली के बीच हुआ, जिसमें बागपत 20-10 से विजयी रहा। बालक वर्ग में चौथा मैच बिजनौर और बुलंदशहर के बीच खेला गया, इसमें बुलंदशहर 20-10 से विजयी रहा। बालिका वर्ग में पांचवां मैच मुरादाबाद और पीलीभीत के बीच हुआ, इसमें मुरादाबाद ने 17-05 से जीत हासिल की। बालक वर्ग के छठे मैच में गौतम बुद्ध नगर ने 21-09 से गाजियाबाद को हराया।

### ट्रेन से कटकर मगरमच्छ की मौत



**कछला, अमृत विचार :** कोतवाली उझानी क्षेत्र में कछला हाल्ट के पास रेलवे लाइन पर मगरमच्छ का क्षत विक्षत शव मिला। माना जा रहा है कि ट्रेन की चपेट में आने से मगरमच्छ की मौत हुई होगी। लोगों की सूचना पर पुलिस और वन विभाग की टीम पहुंची। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने शव का पोस्टमार्टम किया। मगरमच्छ के शव का आरबोरेटम में अंतिम संस्कार किया गया। ग्रामीणों ने सोमवार सुबह कछला रेलवे हाल्ट के पास मगरमच्छ का शव देखा। पहले तो वे डर गए। हरकत न आने पर पास जाने पर देखा कि मगरमच्छ का क्षतविक्षत शव पड़ा है। पुलिस और वन विभाग के उपनिरीक्षक नरेश कुमार मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि गंगा पास में हैं। मगरमच्छ गंगा से निकलकर रेलवे लाइन पर आ गया होगा और रविवार रात ट्रेन से कटकर मौत हो गई होगी।

### कार्यकत्री ने जाली अंकपत्र से हथियाई नौकरी

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार।** खमरिया थाना क्षेत्र के गांव दिलावरपुर के मजरा लालपुर में आंगनबाड़ी कार्यकत्री पर वरीयता क्रम में आने के लिए हाईस्कूल प्रथम श्रेणी का फर्जी अंकपत्र लगाकर नौकरी हथियाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि नौकरी लगने के कुछ समय बाद आरोपी ने हाईस्कूल द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण अपना अंक पत्र व सह पत्र लगाया है। थाना ईसानगर पुलिस ने सीजेएम कोर्ट के आदेश पर आरोपी आंगनबाड़ी कार्यकत्री के खिलाफ धोखाधड़ी समेत कई धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। थाना खमरिया के गांव दिलावरपुर निवासी आरटीआई कार्यकर्ता श्याम किशोर मौर्य ने दर्ज कराई गई रिपोर्ट में कहा है कि उन्होंने नवंबर 2015 से 22 अप्रैल 2016 के बीच गांव लालपुर के आंगनबाड़ी केंद्र से 7 माह से 3 साल तक के बच्चों, गर्भवती व धात्री पोषाहार वितरण का अवलोकन करने के लिए आवेदन किया था। इस पर आंगनबाड़ी कार्यकत्री पूनम देवी दिलावरपुर व ममता देवी लालपुर को पोषाहार वितरण रजिस्टर सहित 30 मई 2017 को विकासखंड कार्यालय ईसानगर में तलब किया गया था, लेकिन जब वह कार्यालय पहुंचे तो पूनम देवी व ममता देवी निवासी लालपुर मजरा दिलावरपुर ने गाली-गलौज की।

### पंचमुखी हनुमान मंदिर से 100 घंटे चोरी

**रौसर कोठी, अमृत विचार :** रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के गांव रौसर कोठी लालबाग़ चौराहे पर स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर का ताला तोड़कर चोरों ने 12 किलो पीतल का घंटा समेत छोटे-बड़े करीब 100 घंटे चोरी कर लिए। दान पात्र का ताला तोड़कर रुपये चुरा लिए। दानपात्र करीब छह सात माह से नहीं खुला था। घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई है। रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई है। बता दें कि शनिवार रात चोरों ने तिलहर क्षेत्र के एक मंदिर से भी कई घंटे चोरी कर लिए थे। रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के गांव रौसर कोठी निवासी राधेश्याम बाबा चौराहे पर स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर में सेवादार हैं। पुलिस को दी तहरीर में उन्होंने बताया कि रविवार को रात 11 बजे वह मंदिर में ताला लगातार घर चले गए थे। सोमवार को सुबह करीब 4 :30 बजे आए तो देखा कि मुख्य द्वार का ताला टूटा हुआ था।

### फर्जी कॉल सेंटर चलाने वाले 9 लोग पकड़े गए

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** बेरोजगारों को नौकरी लगवाने का झांसा देकर ठगी करने वाले 9 शातिर अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनमें कोशेंद्र, अमित, टिंकू, पिंटू, अर्जुन, अनुज, अंकित व अनुज पुत्र राम औतार और शमशाद हैं। इसमें अंकित, अनुज और अमित सगे भाई हैं। इन सभी के पास से 2 लैपटाप, 10 सिम कार्ड, 12 आधार कार्ड, 8 पैन कार्ड, 11 डेबिट कार्ड, 2 ड्राइविंग लाइसेंस, 3 मतदाता पहचान पत्र, 3 बैंक पास बुक, 11 मोबाइल फोन और 24,980 रुपये बरामद किए हैं। साथ ही नियुक्ति पत्र (फर्जी) और बैंक स्टेटमेंट बरामद किया है। इस कार्रवाई में थाना कोतवाली नगर पुलिस, एसओजी व सर्विलांस की संयुक्त टीमों ने सफलता पाई है।

# 22 लाख रूपयों से भरा एटीएम उखाड़ कर ले गए बदमाश

## पुलिस ने टुकड़ों में किया बरामद, दूसरा एटीएम उखाड़ नहीं सके

संवाददाता सीतापुर

**अमृत विचार :** दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों से नकाबपोश बदमाश एटीएम उखाड़ कर ले गए। वे 22 लाख रूपयों से अधिक कैश से भरा एक एटीएम मशीन को तो अपने साथ ले जाने में सफल रहे, लेकिन दूसरे एटीएम का शीशा टूटने की आवाज सुनकर स्थानीय लोगों के जगने पर बदमाश एटीएम को मौके पर ही छोड़कर फरार हो गए।

बैंक के कंट्रोल रूम से मिली सूचना पर पहुंची पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों की तलाश कर रही है। एक ही रात में भारतीय स्टेट बैंक के दो एटीएम मशीनों को लूटने



की वारदातों ने पुलिस की नींद उड़ा दी है। एटीएम उखाड़कर ले जाने की पहली वारदात लहरपुर कोतवाली इलाके की है। यहां लहरपुर तंबौर मार्ग पर स्थित ग्राम गौरिया प्रहलादपुर में भारतीय स्टेट बैंक शाखा के समीप लगे स्टेट बैंक एटीएम मशीन के शटर का ताला तोड़कर रविवार देर रात अज्ञात बदमाश एटीएम को उखाड़ कर उसे लेकर रफूचक्कर हो गये। पुलिस ने गहन छानबीन के बाद एटीएम मशीन को टुकड़ों में धोंधी इलाके के किसान पुतान के खेत में बरामद किया। एटीएम मशीन को उखाड़ने की दूसरी वारदात सदरपुर थाना इलाके की है। यहां गोड़ैचा चौराहे पर पुलिस चौकी से चंद कदमों की दूरी पर रविवार देर स्थित स्टेट बैंक के एटीएम को अज्ञात बदमाश पिकअप के सहारे बांधकर उखाड़ने का प्रयास किया जिसमें वह सफल नहीं हुए। लहरपुर शाखा प्रबंधक रजनीश कुमार सिंह ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि एटीएम मशीन में 22 लाख 30 हजार 500 रूपये नकद कैश था। पुलिस ने शाखा प्रबंधक की तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## दबंगों ने ग्रामीण की पिटाई कर नाक काटी

**बहराइच, अमृत विचार:** जिले के गुलहरिया गाजीपुर गांव निवासी एक राजगीर ने बाइक निकालने के लिए रास्ते की मांग की तो दबंगों ने पहले पिटाई की। इसके बाद चाकू से नाक काट दी। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अभी पुलिस ने केस दर्ज नहीं किया है। हुजूरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम गुलहरिया गाजीपुर गांव निवासी श्याम लाल पुत्र शिव प्रसाद ने थाने में तहरीर दी है। उनका कहना है कि प्रार्थी के रिश्तेदार राजगीर मिस्त्री हैं। ग्रामीण के रिश्तेदार विक्रम पुत्र हंस राम निवासी रायगढ़ बेहडा रविवार को श्याम लाल के यहां आए। मकान निर्माण बंद होने पर राजगीर घर जानकारी लेने आए थे। गांव निवासी ननकू और अन्य ठेलिया लेकर रास्ते में खड़ा किए थे। रिश्तेदार ने ठेलिया हटाकर बाइक निकलने के लिए साइड मांगा तो दबंग नाराज हो गया। राजगीर ने रास्ता बंद करने का विरोध किया तो दबंगों ने लाठी डंडे से मारा।

# आगजनी के मामले में सपा विधायक समेत पांच दोषी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- 7 जून को सुनाई जाएगी सजा
- परिजनों ने किया हंगामा
- पुलिस से झड़प



इरफान सोलंकी।

**अमृत विचार :** आगजनी मामले में सोमवार रात सीसामऊ के सपा विधायक इरफान सोलंकी, उसके भाई रिजवान सोलंकी समेत पांच आरोपियों को कोर्ट ने दोषी करार दिया। एडीजीसी ने बताया कि दोषियों को 10 साल से लेकर आजीवन कारावास तक की सजा हो सकती है।

कोर्ट सात जून को सजा पर फैसला सुनाएगी। फैसला आते ही दोषी इजरायल आटेवाला की पत्नी गश खाकर गिर पड़ी। दोषियों के परिजनों ने जिला प्रशासन पर फर्जी फंसाने का आरोप लगाते हुए हंगामा कर दिया। पुलिस से उनकी तीखी झड़प हुई। सात नवंबर 2022 को जाजमऊ डिफेंस कॉलोनी निवासी नजीर फातिमा की झोपड़ी में आग लगा दी गई थी। फातिमा ने आठ नवंबर 2022 को जाजमऊ थाने में सीसामऊ से सपा विधायक इरफान सोलंकी, उसके भाई रिजवान सोलंकी, शौकत अली, इजरायल आटेवाला व मुरसलीन खान उर्फ भोलू, अज्जन उर्फ एजाज समेत अन्य आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

जिसके बाद से सपा विधायक महाराजगंज जेल में और बाकी अन्य आरोपी कानपुर जेल में बंद हैं। केवल एक आरोपी मो. शरीफ को जमानत मिली है।

## पंपसेट में फंसी स्कर्ट, नौ साल की बालिका की मौत

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- खेत में चल रहे पंपसेट पर पानी पीने गई थी कामिनी

**अमृत विचार :** थाना सुन्नगढ़ी के गांव शहवाजपुर में पंपसेट पर पानी पीने गई नौ वर्षीय बालिका की स्कर्ट पंप की चपेट में आ गई। बालिका की पंप में फंसकर मौत हो गई। गांव शहवाजपुर निवासी दीन मोहम्मद पुत्र लाल मोहम्मद के खेत में पंपसेट से सिंचाई की जा रही थी।

गांव के बृजेश की नौ वर्षीया पुत्री कामिनी पंपसेट पर पानी पीने गई। वह पानी पी ही रही थी कि उसकी स्कर्ट पंपसेट के पट्टे में फंस गई और कामिनी पंपसेट में उलझती चली गई। पंपसेट को बंद किया गया तब तक गंभीर चोट आ जाने के कारण कामिनी की मौत हो चुकी थी। बृजेश और परिजन मौके पर पहुंचे और शव को देखकर विलाप करने लगे। बड़ी संख्या में ग्रामीण भी एकत्र हो गए। थाना प्रभारी सरिता तोमर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचीं। उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण किया। थानाध्यक्ष का कहना है कि अभी इस मामले में तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# ट्रक ने बाइक में मारी टक्कर, दंपती समेत तीन लोगों की जान गई

संवाददाता, बुरावली (अमरोहा)



नरोत्तम



अंकुश देवी



कोमल

- तेरहवीं में जा रहे थे परिजन, चार वर्षीय बेटा गंभीर रूप से घायल

**अमृत विचार :** बाइक पर सवार होकर तेरहवीं में शामिल होने जा रहे दंपति और उनकी बेटी की उस समय मौत हो गई जब ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी।

हादसे में उनका चार वर्षीय बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गांव हथियाखेड़ा निवासी नरोत्तम सिंह (35) सोमवार सुबह साढ़े नौ बजे पत्नी अंकुश देवी (33), दो वर्षीय बेटी कोमल व चार साल के बेटे प्रिंस के साथ बाइक से अपनी ससुराल गांव उकावली जा रहे थे। 10 दिन पहले उनके ससुर का निधन हो गया था। सोमवार को उनकी तेरहवीं थी। जैसे ही वे रहरा मार्ग पर गंगवार गांव के पास पहुंचे, सामने से आ रहे ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में कोमल की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि नरोत्तम, पत्नी और बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए। मेरठ ले जाते समय पति-पत्नी ने भी दम तोड़ दिया।

## गर्मी को देखते हुए पेड़ों की कटाई पर लगाई रोक

**विधि संवाददाता,प्रयागराज:** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सड़क चौड़ीकरण के कारण निरंतर होने वाली पेड़ों की कटाई के संबंध में दाखिल याचिका पर प्रदेश सरकार से जवाब मांगा था, जिस पर सरकार ने आश्वासन दिया कि जून और जुलाई के महीने में प्रयागराज में पेड़ों की कटाई नहीं की जाएगी। अत्यधिक गर्मी को देखते हुए पेड़ों की कटाई को कुछ समय के लिए टाल दिया गया है। कोर्ट ने उक्त जनहित याचिका पर जुलाई के तीसरे सप्ताह में सुनवाई सुनिश्चित की है। याचिका में आरोप लगाया गया था कि सड़कों के चौड़ीकरण के नाम पर राज्य सरकार द्वारा पेड़ों की अंधाधुंध कटाई की जा रही है। अधिवक्ता कुणाल रवि सिंह ने सरकार की ओर से अदालत को आश्वस्त किया कि जून और जुलाई के महीने में पेड़ों की कटाई नहीं की जाएगी और जुलाई महीने में वनीकरण के बाद कटाई का काम दोबारा शुरू होगा।

# बरेली के जालसाज ने 1.80 लाख ठगे

संवाददाता, पीलीभीत

- असलियत खुलने के बाद कोर्ट के आदेश पर नामजद रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार:** बरेली के एक जालसाज ने पत्नी और साथियों की मदद से अधिवक्ता के 1.80 लाख रुपये ठग लिए।

डी-फार्मा डिप्लोमा दिलाने के नाम पर उससे रुपये लिए और परीक्षाओं दिलाने के बहाने कई जगह भेजा। मगर जब डिप्लोमा देने का वक्त आया तो टालमटोल करने लगा। इसके बाद मोबाइल स्विच ऑफ कर लिया। कोतवाली पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर नामजद रिपोर्ट दर्ज की है। कोतवाली में दर्ज की गई रिपोर्ट के अनुसार टैगोर नगर आवास विकास कॉलोनी निवासी आलोक मिश्र एडवोकेट ने पुलिस को बताया कि अगस्त 2020 में उनका संपर्क बरेली जनपद के थाना कैंट क्षेत्र के लता दीप कॉलोनी के धर्मेंद्र शर्मा उर्फ डीके से हुआ। उसने खुद को नेशनल पैरामेडिकल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन एंड साइंस चंदौली का संचालक बताया। आलोक को उसने डी-फार्मा डिप्लोमा दिलाने का आश्वासन दिया था। 31 अगस्त 2020 को धर्मेंद्र पीलीभीत वादी के आवास पर आया और 64 हजार रुपये ले गया। इसके बाद आलोक आरोपी के बताए अनुसार उज्जैन, ग्वालियर आदि स्थानों पर आयोजित परीक्षाओं में सम्मिलित हुआ। आलोक के अनुसार उन्होंने वर्ष 2020 से 12 जुलाई 2022 तक करीब 1.80 लाख रुपये का भुगतान पीलीभीत की बैंक व नेट द्वारा धर्मेंद्र को किया।

## विजय गुप्ता हत्याकांड में अधिकारी समेत छह हत्यारों को उम्रकैद

**अयोध्या, अमृत विचार :** विजय कुमार गुप्ता हत्याकांड में कलेक्ट्रेट के अधिकारी रामकृष्ण तिवारी समेत छह हत्यारों को कोर्ट ने आजीवन कठोर कारावास की सजा सुनाई है। फैसला सोमवार को विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर कोर्ट के जज मोहिंदर कुमार की अदालत से हुआ। वारदात 25 अप्रैल 2000 की है। साहबगंज मोहल्ला निवासी श्यामसुंदर गुप्ता के भतीजे विश्वनाथ और गगन उर्फ गोगा श्रीवास्तव के बीच पान खाकर थूकने के मामले को लेकर विवाद हो गया। गोगा ने यह बात जाकर अपने घर बताई। वहां से श्रीकृष्ण तिवारी, रामकृष्ण तिवारी जो अब कलेक्ट्रेट में प्रशासनिक अधिकारी हैं, गगन उर्फ गोगा, साजिद व अजय कुमार आदि घटनास्थल पर पहुंचे और फायरिंग कर श्याम सुंदर के पुत्र विजय गुप्ता व उनके पिता अयोध्या कुमार गुप्ता को घायल कर दिया। अस्पताल में विजय कुमार ने दम तोड़ दिया।

**इश्तहार मुजरिया**

न्यायालय श्रीमान सिविल जज (सी.डि.) महोदय, पीलीभीत उत्तराधिकार वाद संख्या-117 सन् 2024 सोहन लाल आयु करीब 52 वर्ष पुत्र स्व. बाबूराम निवासी ग्राम पिपरा खास परगना तहसील बीसलपुर जिला पीलीभीत प्रार्थी बनाम 1. विद्या देवी आयु करीब 70 वर्ष पत्नी स्व. बाबूराम 2. सुरेश कुमार आयु करीब 48 वर्ष पुत्र स्व. बाबूराम 3. रमेश कुमार आयु करीब 44 वर्ष पुत्र स्व. बाबूराम 4. राजेश कुमार आयु करीब 41 वर्ष पुत्र स्व. बाबूराम निवासीगण ग्राम पिपराखास परगना व तहसील बीसलपुर जिला पीलीभीत। 5. गायत्री देवी आयु करीब 43 वर्ष पुत्री स्व. बाबूराम पत्नी श्री कृष्ण बहादुर निवासी ग्राम इमलिया परगना तहसील बीसलपुर जिला पीलीभीत 6. सुनीता देवी आयु करीब 40 वर्ष पुत्री स्व. बाबूराम पत्नी श्री उमेश चन्द्र निवासी ग्राम बेनीपुर परगना तहसील नवाबगंज जिला बरेली 7. गुड्डी गंगवार आयु करीब 45 वर्ष पुत्री स्व. बाबूराम पत्नी श्री राकेश निवासी ग्राम डंडिया वीरम नगला परगना तहसील नवाबगंज जिला बरेली 8. गीता गंगवार आयु करीब 32 वर्ष पुत्री स्व. बाबूराम पत्नी श्री तेजप्रताप निवासी ग्राम उल्लिका परगना तहसील बीसलपुर जिला पीलीभीत....प्रतिवादीगण हरगाह मुसम्मी सोहन लाल आयु करीब 52 वर्ष पुत्र स्व. बाबूराम निवासी ग्राम पिपरा खास परगना तहसील बीसलपुर जिला पीलीभीत में दरख्वास्त हुसूल सर्टिफिकेट और तारीख वास्ते समायत दरख्वास्त हाजा के मुकर्रर को है लिहाजा इश्तहार जारी किया जाता है कि मृतक स्व. बाबूराम पुत्र श्री बेनीराम निवासी ग्राम पिपरा खास परगना तहसील बीसलपुर जिला पीलीभीत के सम्बन्ध में जिस किसी भी दरख्वास्त हाजा के निसवत कोई उजर हो असालतन या वकालतन बतारीख 25.7.24 पेश होकर दरख्वास्त हाजा की निसवत उजर पेश करे दरसूरत इनकाये तारीख मुकर्रर कोई उजर निसवत दरख्वास्त सुना नहीं जायेगा और मुनासिब हुक्म निसवत दरख्वास्त हाजा सादिर होगा। आज तारीख 29.5.24 मेरे दरख्वास्त व मोहर अदालत से जारी किया गया।

सिविल जज, (सी.डि.) पीलीभीत

## उत्तराखंड

## ट्रांजिट कैंप में कुत्ते को पीट-पीटकर मार डाला

**रुद्रपुर, अमृत विचार:** थाना ट्रांजिट कैंप इलाके में एक व्यक्ति द्वारा कुत्ते को पीट-पीटकर मार डालने का मामला सामने आया है। महिला ने पड़ोसी के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने घटना की जानकारी लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

थाना ट्रांजिट कैंप के आजाद नगर की रहने वाली रिंकू देवी ने बताया कि रविवार की दोपहर को उसका पालतू कुत्ता घर के बाहर खड़ा था कि उसका कुत्ता दूसरे कुत्ते को देख कर भौंकने लगा। आरोप था कि इसे देखकर पड़ोसी को गुस्सा आ गया और उसने कुत्ते को डंडे से पीटना शुरू कर दिया। आरोप था कि जब उसके बेटे विक्रम ने पिटाई का विरोध किया तो आरोपी पड़ोसी ने जोर से पुनः कुत्ते के सिर पर डंडा मार दिया।

# पागल कुत्ते के काटने के बाद किशोर ने परिजनों को काटा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- 12 वर्षीय किशोर को 10 दिन पहले काटा था पागल कुत्ते ने
- मोहल्ले वालों को दौड़ाया अस्पताल में तोड़ा दम

**अमृत विचार :** 12 वर्षीय किशोर को पागल कुत्ते ने काट लिया। रैबीज का असर हुआ तो उसने परिवार के लोगों को काटना शुरू कर दिया। जिसके बाद परिजन उसे उपचार के लिए अस्पताल ले गए, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

रुद्रपुर में वार्ड नंबर तीन संजयनगर निवासी गोविंद सरकार मजदूरी करता है। वह मां, पत्नी और तीन लड़कों के साथ रहता है। उसके 12 वर्षीय बड़े पुत्र विक्की को पागल कुत्ते ने काट लिया था, लेकिन परिवार इस बात से अंजान था। रविवार की सुबह से ही विक्की लोगों को काटने के लिए दौड़ने लगा। विक्की ने अपने पिता गोविंद की उंगुली में काट लिया। इसके बाद विक्की ने अपने दोनों छोटे भाइयों को भी काट लिया। बेकाबू विक्की घर से बाहर निकल कर मोहल्ले वालों को भी काटने की कोशिश की। बाद में परिजन उसे किसी तरह काबू कर अस्पताल लेकर पहुंचे। विक्की के मुंह से लगातार लार निकल रही थी, वह कुत्ते की तरह हरकतें कर रहा था। जिला अस्पताल रुद्रपुर में हालत नाजुक होने पर चिकित्सकों ने उसे हल्द्वानी डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय रेफर कर दिया। यहां दो घंटे उपचार के बाद उसकी मौत हो गई। चिकित्सकों ने गोविंद को हिदायत दी कि वह खुद और दोनों बच्चों को भी रैबीज के इंजेक्शन लगवाए।

## ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**खटीमा, अमृत विचार :** मुडेली रेलवे गेट पर पीलीभीत से टनकपुर जा रही ट्रेन की चपेट में आने से बिजली फिटिंग का काम करने वाले युवक की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। रघुलिया निवासी धर्मेंद्र सिंह उर्फ सोनू (24) पुत्र सतनाम सिंह बिजली फिटिंग काम करता था। वह सोमवार को दोपहर दो बजे काम से मुडेली रेलवे फाटक संख्या 26 जा रहा था कि पीलीभीत से टनकपुर जा रही ट्रेन की चपेट में आ गया। इससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों ने घटना की सूचना स्टेशन मास्टर कौशल कुमार को दी। इस पर स्टेशन मास्टर ने घटना की सूचना रेलवे पुलिस और कोतवाली पुलिस को दी। सूचना मिलने पर रेलवे पुलिस के एएसआई कृष्ण प्रताप सिंह घटना स्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया। बाद में मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। धर्मेंद्र की मौत की सूचना मिलने पर उसके घर में कोहराम मच गया। मृतक के पिता सतनाम सिंह ने बताया कि धर्मेंद्र चार पुत्रों में सबसे छोटा था।

### चेक बाउंस में आरोपी को 3 माह की सजा

**काशीपुर :** चेक बाउंस के एक मामले में कोर्ट ने दोषी को तीन माह के कारावास और 2.40 लाख रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई है। अनिल कुमार ने एक भूखंड का सौदा किया था। बाद में खरीददार ने सौदा निरस्त करते हुए उन्हें कुछ रकम लौटा दी। बाकी रकम का चेक दिया जो खाते में लगाने पर बाउंस हो गया।

**किसान सहकारी चीनी मिल्स लि०, सम्पूर्णानगर, जिला-खीरी**

**ई-निविदा सूचना**

मिल समिति में वर्ष 2024-25 में विभिन्न सामानों की आपूर्ति एवं जॉब कार्यों से सम्बन्धित ई-बिड निविदायें दिनांक 05.06.2024 से दिनांक 05.07.2024 को सायंकाल 6:55 बजे तक आमंत्रित की गयी है। उक्त निविदायें **www.etender.up.nic.in** एवं **www.upsugarfed.org** पर देखी जा सकती है।

प्रधान प्रबन्धक

**क्षेत्रीय कार्यालय सहायक रजिस्ट्रार, फर्म्स, सोसाइटीज तथा चिट्स**
193-ए, सिविल लाइन्स, बरेली मण्डल, बरेली

पत्रांक: 3275/पंजी. 2024-25/बरेली दिनांक: 25.05.2024

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पंकज गिरी द्वारा शिवजी महाराज विराजमान मंदिर समिति, ग्राम जिरौली पो. बसोमा तहसील व जिला बदायूं के प्रबंधक की हैसियत से पंजीकरण हेतु सोसा. रजि. अधि. 1860 के अन्तर्गत ऑनलाईन पंजीकरण शुल्क व प्रपत्र प्रस्तुत किये गये है। उक्त संस्था के स्मृति पत्र व नियमावली में निम्नलिखित पदाधिकारी व सदस्य दर्शाये गये है:-

| क्र.सं. | नाम/पिता/पति का नाम | पद |
|---|---|---|
| 1 | सुनील कुमार पुत्र श्री बाबूराम | अध्यक्ष |
| 2 | श्री अशोक कुमार पुत्र श्री भूरेलाल | उपाध्यक्ष |
| 3 | श्री पंकज गिरी पुत्र श्री परमसुख गिरी | प्रबन्धक |
| 4 | श्री नेम सिंह पुत्र श्री प्रेमराज | कोषाध्यक्ष |
| 5 | श्री लालजीत पुत्र श्री प्रेमराज | सदस्य |
| 6 | श्री दोदराम पुत्र श्री प्रेमराज | सदस्य |
| 7 | श्री महेन्द्रपाल पुत्र श्री प्रेमराज | सदस्य |
| 8 | श्रीमती अन्नू पत्नी श्री पंकज गिरी | सदस्य |

उपरोक्त संस्था के पंजीकरण किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर इस कार्यालय को दस्तावेजी साक्ष्यों एवं फोटो युक्त नोटरी शपथ पत्र सहित आपत्ति पत्र प्रस्तुत किया जा सकता है। उपरोक्त सार्वजनिक सूचना/नोटिस सोसा.रजि. अधि. 1860 की धारा 3(1) के ''परन्तुक'' के अन्तर्गत जारी की जा रही है।

सहायक रजिस्ट्रार, बरेली

**पब्लिक नोटिस**

मेरे मुवक्किल GRIHUM HOUSING FINANCE LIMITED शाखा पीलीभीत की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि गुरमीत दुग्गल पुत्र श्री ओम प्रकाश निवासी ग्राम बिलसण्डा रोड बण्डा तहसील पुवायां जिला शाहजहांपुर के हैं वह एक किता आराजी रकबा 152.00 वर्गमी गाटा सं. 302 मि. का भाग ग्राम बण्डा तहसील पुवायां जिला शाहजहांपुर में स्थित है को राम स्वरूप पुत्र श्री हरवंश लाल से खरीद करने के उपरांत मेरे मुवक्किल से ऋण ले रहे हैं। उपरोक्त जगह का एक किता बैनामा दिनांक 11.07.2014 बही नं. 1 जिल्द 6312 पेज 01 से 34 दस्तावेज नं. 10777 जोकि रामस्वरूप के हक में था वास्तव में कहीं खो गया है। बैनामा खोने के सम्बन्ध में दिनांक 23.05.2024 को प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करा दी है। इस सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/संस्था/बैंक को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर समस्त दस्तावेजों के साथ मेरे या GRIHUM HOUSING FINANCE LIMITED शाखा पीलीभीत के कार्यालय में प्रस्तुत की जा सकती है। उक्त काल में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होती है तो यह मानते हुये कि इस विषय में कोई आपत्ति किसी व्यक्ति को नहीं है उक्त ऋण गुरमीत दुग्गल पुत्र श्री ओम प्रकाश निवासी ग्राम बिलसण्डा रोड बण्डा तहसील पुवायां जिला शाहजहांपुर को प्रदान कर दिया जायेगा।

सुशान्त सिंह एड्वोकेट
पैनल एडवोकेट
बगिया कोर्ट कम्पाउण्ड, बरेली।
मो. 9837205613

# नैनीताल में जाम, 30 मिनट के सफर में लगे तीन घंटे

संवाददाता, नैनीताल

- तल्लीताल से सूखाताल तक दिनभर रेंगे वाहन

**अमृत विचार :** तल्लीताल से सूखाताल तक सोमवार को लोग दिनभर जाम में फंसे रहे। गाड़ियां रेंगती रहीं, जिसके चलते लोगों को घंटों जाम में फंसने पर मजबूर होना पड़ा। लोगों को जाम में फंसकर 30 मिनट का सफर पूरा करने में तीन-तीन घंटे लगे। पर्यटकों के साथ ही स्थानीय लोग भी जाम में फंसकर पूरे दिन परेशान दिखाई दिए।

वहीं दो बजे स्कूलों की छुट्टी होने के बाद अमूमन तीन बजे तक घर पहुंच जाने वाले बच्चे सोमवार को चार बजे तक ही घर पहुंचे, हालांकि पुलिस का कहना है कि नगर में जाम की समस्या उत्पन्न ना हो इसके लिए नगर में 20 मिनट के अंतराल पर वाहनों को प्रवेश दिया जा रहा। उसके बावजूद नगर में जाम की इतनी विकराल स्तिथि बनी हुई है। बता दें कि जून का माह शुरू होते ही पर्यटन सीजन भी अपने चरम सीमा पर पहुंच चुका है। हर रोज हजारों पर्यटकों के क्षेत्रों में पहुंचने के कारण अब पूरे क्षेत्र में वाहनों के लंबे जाम से लोगों को फजीहत उठानी पड़ रही। स्कूली बच्चों सहित भवाली व हल्द्वानी से नैनीताल कार्यालय आने वाले लोग ना तो समय पर सुबह कार्यालय व ना शाम को समय पर घर पहुंच पा रहे हैं।



मल्लीताल रिक्शा स्टैंड पर अवैध रूप से खड़े वाहनों के कारण लगा जाम।

**पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय पीलीभीत**
टनकपुर रोड, निकट जिला अस्पताल, पीलीभीत (उ.प्र.)-262001
ई-मेल : kvpilibhit2008@gmail.com वेबसाइट : https://pilibhit.kvs.ac.in दूरभाष : 05882-253319

**कक्षा-11 के लिए प्रवेश-सूचना (गैर के.वि. छात्र/छात्राओं हेतु) : सत्र 2024-25**

पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय पीलीभीत में कक्षा-11 (विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय) में कुछ स्थान रिक्त हैं। प्रवेश के लिए इच्छुक छात्र/छात्राएं दिनांक 05.06.2024 तक (प्रातः 10 बजे से दोपहर 02 बजे तक) विद्यालय में आफलाइन माध्यम द्वारा पंजीकरण करा सकते हैं। पंजीकरण फार्म डाउनलोड करने एवं अधिक जानकारी हेतु विद्यालय की वेबसाइट https://pilibhit.kvs.ac.in देखें।

**Admission Notice for Class-11 (For Non-KV Students) Session 2024-25**

There are few vacant seats for admission in Class-11 (Science & Commerce Streams) in PM Shri Kendriya Vidyalaya Pilibhit. Interested candidates may register in Vidyalaya through offline mode till 05.06.2024 (From 10 AM to 2 PM) To download the Registration Form and for more information, please visit Vidyalaya website https://pilibhit.kvs.ac.in.

प्राचार्य/Principal

## नए सिरे से नीट-यूजी की परीक्षा को याचिका दायर

- 5 मई को हुई थी परीक्षा, प्रश्नपत्र लीक होने को लेकर दायर की याचिका

**नई दिल्ली।** प्रश्नपत्र लीक होने की खबरों के बीच अभ्यर्थियों के एक समूह ने नए सिरे से नीट-यूजी 2024 परीक्षा कराने की मांग करते हुए उच्चतम न्यायालय का रुख किया है। स्नातक स्तरीय राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) पांच मई को आयोजित की गई थी। देशभर के सरकारी और निजी संस्थानों में एमबीबीएस, बीडीएस और आयुष तथा अन्य संबंधित पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा नीट-यूजी का आयोजन किया जाता है। शिवांगी मिश्रा और अन्य द्वारा दायर याचिका में एनटीए को पक्षकार बनाया गया है और नए सिरे से परीक्षा आयोजित करने का निर्देश दिए जाने का आग्रह करते हुए प्रश्नपत्र लीक होने एवं परीक्षा की शुचिता का मुद्दा उठाया गया है। याचिका में आरोप लगाया गया कि पांच मई को आयोजित नीट-यूजी परीक्षा में कदाचार हुआ और याचिकाकर्ताओं के संज्ञान में प्रश्नपत्र लीक होने के विभिन्न मामले सामने आए। वकील उषा नंदिनी वी के जरिए एक जून को दायर की गई याचिका इस सप्ताह अवकाशकालीन पीठ के समक्ष सूचीबद्ध की जा सकती है।

## हिमाचल में उत्तर प्रदेश की दो पर्यटक ब्यास नदी में डूबीं

**मनाली (हिमाचल प्रदेश)।** हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले में मनाली के निकट ब्यास नदी में सोमवार को उत्तर प्रदेश की दो पर्यटक डूब गईं। पर्यटक तस्वीरें लेते समय फिसल कर नदी में गिर गईं। अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आंचल (17) और मीनू (24) अपने परिवार के साथ मनाली घूमने के लिए आई थीं( मनाली से करीब दो किलोमीटर दूर वशिष्ठ मोड़ में एक चट्टान पर फोटो खींचते समय वे दुर्घटनावश नदी में गिर गईं। पुलिस ने बताया कि उत्तर प्रदेश के बागपत निवासी आंचल का शव दुर्घटनास्थल से कुछ दूरी पर मिला और उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस उपायुक्त (डीएसपी) मनाली केडी शर्मा ने बताया कि मनाली से एक पुलिस दल घटनास्थल पर है और दूसरी युवती का पता लगाने के लिए खोज एवं बचाव अभियान जारी है। ऐसी ही घटना में मनाली से 4 किलोमीटर दूर नेहरू कुंड के पास 26 मई को मध्य प्रदेश और तेलंगाना के दो पर्यटक डूब गए थे, क्योंकि सेल्फी लेते समय महिला का पैर फिसल गया था जबकि उसे बचाने के दौरान लड़का भी गिर गया था।

## मुंबई में केबल कटने से लोकल ट्रेन सेवा बाधित, 11 घंटे बाद हुई दुरुस्त

मुंबई, एजेंसी

- यात्रियों की भीड़ से निपटने के लिए अतिरिक्त मेट्रो सेवाओं का संचालन किया गया, कई ट्रेनें रहीं लेट

मुंबई के बोरिवली स्टेशन पर एक केबल कटने के बाद तकनीकी कारणों से पश्चिम रेलवे नेटवर्क पर सोमवार को लोकल ट्रेन सेवाएं बाधित रही। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। कई उपनगरीय सेवाओं को रद किया गया और यात्रियों ने इस मार्ग पर ट्रेन के देरी से चलने की शिकायत की। अधिकारियों के अनुसार, देर रात करीब दो बजे आई दिक्कत को 11 घंटे बाद ठीक कर दिया गया।

उन्होंने बताया कि पश्चिमी रेलवे नेटवर्क पर लोकल ट्रेन के परिचालन में विलंब के कारण यात्रियों की भीड़ से निपटने के लिए अतिरिक्त मेट्रो सेवाओं का संचालन किया गया। बोरिवली से बड़ी संख्या में यात्री और कार्य स्थलों पर जाने वाले लोग लोकल ट्रेन का इस्तेमाल करते हैं। पश्चिम रेलवे के अधिकारियों ने सुबह बताया कि तकनीकी खामी देर रात करीब दो बजे हुई और केबल कटने के कारण बोरिवली स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या एक और दो से लोकल ट्रेन नहीं चल रही हैं। उन्होंने बताया कि स्टेशन के बाकी प्लेटफॉर्म - तीन से लेकर आठ पर ट्रेन का परिचालन हो रहा है। पश्चिम रेलवे ने दोपहर को एक बयान में बताया कि समस्या के कारण करीब 40 उपनगरीय रेल सेवाओं को रद किया गया। अधिकारियों ने बताया कि केबल कटने के कारण प्रभावित हुए चार ट्रैक चेंजिंग बिन्दुओं को बहाल कर दिया गया है। बयान में कहा गया है कि सभी बिन्दुओं को बहाल कर दिया गया और बोरिवली स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या एक से ट्रेन की आवाजाही अपराह्न 12 बजकर पांच मिनट पर बहाल कर दी गयी। बहरहाल, कुछ यात्रियों ने शिकायत की है कि पश्चिम रेलवे मार्ग पर लोकल ट्रेन 15 से 20 मिनट की देरी से चल रही हैं।

## रेव पार्टी मामले में तेलुगु फिल्म अभिनेत्री हेमा गिरफ्तार

**बेंगलुरु।** रेव पार्टी मामले की जांच कर रही केंद्रीय अपराध शाखा (सीसीबी) ने सोमवार को तेलुगु फिल्म अभिनेत्री हेमा से पूछताछ के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया। इस पार्टी का आयोजन इलेक्ट्रॉनिक सिटी के निकट एक फार्म हाउस में 19 मई को किया गया था।

सीसीबी ने हेमा को सोमवार को अपने दफ्तर बुलाया था। उनका जवाब संतोषजनक नहीं रहने के कारण उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। सीसीबी सूत्रों के अनुसार, जन्मदिन के बहाने इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया था, जिसमें ज्यादातर लोग आंध्र प्रदेश और तेलंगाना से आये थे। कुछ लोग बेंगलुरू से भी थे। पुलिस सूत्रों ने बताया कि रक्त जांच रिपोर्ट में हेमा सहित 86 लोगों के मादक पदार्थों का सेवन किये होने की पुष्टि हुई।

## एसआईटी की रिपोर्ट पर करेंगे मंत्री को हटाने पर फैसला

बेंगलुरु, एजेंसी

- अवैध धनांतरण मामले में मुख्यमंत्री सिद्धरमैया बोले-अभी नहीं मांगा मंत्री बी. नागेंद्र का इस्तीफा

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने सोमवार को कहा कि उन्होंने मंत्री बी. नागेंद्र का इस्तीफा नहीं मांगा है तथा इस संबंध में एसआईटी की रिपोर्ट के आधार पर कोई फैसला किया जाएगा। नागेंद्र एक सरकारी निगम से अवैध तरीके से धन स्थानांतरण के आरोपों का सामना कर रहे हैं।

भाजपा ने सरकार को छह जून तक नागेंद्र का इस्तीफा लेने और ऐसा न करने पर राज्यभर में प्रदर्शन करने की धमकी दी है। भाजपा ने कर्नाटक महर्षि वाल्मीकि अनुसूचित जनजाति विकास निगम लिमिटेड से जुड़े कथित अवैध धनांतरण मामले की सीबीआई जांच और नागेंद्र को मंत्री पद से तत्काल बर्खास्त करने की मांग की है। मुख्यमंत्री ने कहा, मैंने नागेंद्र का इस्तीफा नहीं मांगा है। एसआईटी की रिपोर्ट अभी नहीं आई है, जब वे अपनी रिपोर्ट दे देंगे तो हम निर्णय लेंगे। सिद्धरमैया और उपमुख्यमंत्री डी.के शिवकुमार ने शनिवार को कहा कि सरकार इस मामले में किसी को नहीं बचाएगी, कानून के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। अवैध धनांतरण का मामला तब प्रकाश में आया जब निगम के लेखा अधीक्षक चंद्रशेखर पी. ने 26 मई को आत्महत्या कर ली। उन्होंने खुदकुशी करने से पहले एक पत्र लिखा था। पत्र में उन्होंने कुछ लोगों के नाम लिखे थे और कहा था कि मंत्री ने धनांतरण के लिए मौखिक आदेश दिए थे।

### एक नजर

### पत्नी से विवाद के बाद खंभे पर चढ़ा युवक, करंट लगने से झुलसा

**नोएडा।** नोएडा में पत्नी से विवाद के बाद बिजली के खंभे पर चढ़ा युवक करंट लगने से बुरी तरह झुलस गया। पुलिस ने बताया कि घटना रविवार रात हाजीपुर गांव की है। सेक्टर-39 के प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि अमित शर्मा (25) का उसकी पत्नी से विवाद हो गया जिसके बाद शराब के नशे में वह बिजली के हाईटेंशन तार वाले खंभे पर चढ़ गया। करंट लगने से वह नीचे गिर गया। घायल को दिल्ली के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### रिश्वतखोरी मामले में आरएसआरडीसी के दो अधिकारी गिरफ्तार

**जयपुर।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने 1.20 लाख रुपये की रिश्वतखोरी के मामले में राजस्थान राज्य सड़क विकास निगम (आरएसआरडीसी) के दो परियोजना निदेशक तथा एक सेवानिवृत्त सहायक लेखाधिकारी को गिरफ्तार किया है। एसीबी के महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि निगम के अधिशासी अभियंता और परियोजना निदेशक (धौलपुर) सियाराम चन्द्रावत, अधिशासी अभियंता व परियोजना निदेशक (भरतपुर) लक्ष्मण सिंह तथा सेवानिवृत्त सहायक लेखाधिकारी व निगम के मुख्य प्रबंधक के सलाहकार महेश चंद गुप्ता को 1.20 लाख रुपये रिश्वत राशि लेते गिरफ्तार किया गया है। आरोपी सहायक लेखाधिकारी के घर से 92 लाख एवं एक परियोजना निदेशक के घर से 32 लाख रुपये बरामद किए।

### हिरासत में आरोपी की मौत, थाना प्रभारी समेत 8 पर मामला दर्ज

**जयपुर।** राजस्थान के झुंझुनूं के मंड्रेला थाने में दुष्कर्म के आरोपी की मौत के मामले में थाना प्रभारी सहित आठ पुलिसकर्मियों पर हत्या का मामला दर्ज किया गया है। थाना प्रभारी को निलंबित कर दिया गया है। कोटपूतली निवासी गौरव शर्मा को मंड्रेला थाना पुलिस ने 24 मई को जयपुर से गिरफ्तार किया था। अगले दिन अदालत ने आरोपी को पांच दिन के रिमांड पर पुलिस को सौंप दिया था। 29 मई को आरोपी की तबीयत बिगड़ने पर उसे झुंझुनूं रेफर किया गया था, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई थी। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र सिंह राठौड़ ने बताया कि मामला दर्ज किया गया।

# अधिकारियों और मालिकों ने बरती लापरवाही : एसआईटी

## गुजरात गेम जोन अग्निकांड में 27 लोगों की हो गई थी मौत

अहमदाबाद, एजेंसी

राजकोट के टीआरपी गेम जोन में 25 मई को लगी भीषण आग के लिए इसके संचालकों के साथ-साथ राजकोट नगर निगम (आरएमसी), शहर पुलिस और सड़क एवं भवन विभाग के अधिकारियों की गंभीर लापरवाही जिम्मेदार थी। गुजरात सरकार द्वारा इस त्रासदी की जांच के लिए गठित विशेष जांच टीम (एसआईटी) ने यह जानकारी दी। इस हादसे में 27 लोगों की मौत हो गई थी।

एसआईटी ने अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट में कहा कि टीआरपी गेम जोन के संचालकों ने यह जानते हुए भी कि निर्माण सामग्री अत्यधिक ज्वलनशील है, वहां प्रस्तावित स्नो पार्क के निर्माण के लिए वेल्डिंग का काम किया। एसआईटी की यह रिपोर्ट सोमवार को राज्य सरकार ने उस जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान दाखिल हलफनामे में संलग्न की है। गुजरात उच्च न्यायालय पूरे प्रकरण पर स्वतः संज्ञान लेकर जनहित याचिका पर सुनवाई कर रहा है। एसआईटी ने 27 मई को गुजरात सरकार को सौंपी गई अपनी रिपोर्ट में कहा कि गेमिंग जोन का बुनियादी ढांचा आग की आपात स्थितियों से निपटने के लिए तैयार नहीं था। एसआईटी रिपोर्ट में बताया गया है कि अलग-अलग प्रवेश और निकास मार्गों के बजाय, दोनों के लिए केवल एक ही रास्ता था और आपातकालीन निकास के लिए कोई अलग व्यवस्था नहीं थी। सरकार ने अपर पुलिस महानिदेशक सुभाष त्रिवेदी की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय एसआईटी का गठन किया था और उसे घटना के 72 घंटे के भीतर अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया था। इसमें कहा गया है, यह जानते हुए भी कि गेमिंग जोन के निर्माण में प्रयुक्त सामग्री अत्यधिक ज्वलनशील है, बिना किसी सुरक्षा एहतियात के, वेल्डिंग का काम (प्रस्तावित स्नो पार्क के लिए) चल रहा था।

### अग्नि अनापत्ति प्रमाण पत्र का सत्यापन नहीं किया

एसआईटी ने गुजरात पुलिस अधिनियम के तहत गेमिंग जोन को लाइसेंस जारी करने में पुलिस अधिकारियों की ओर से गंभीर लापरवाही को भी उजागर किया, जिन्हें निलंबित कर दिया गया है। एसआईटी ने कहा कि पुलिस अधिकारियों ने अग्नि अनापत्ति प्रमाण पत्र का सत्यापन नहीं किया। एसआईटी ने कहा कि राजकोट नगर निगम का नगर नियोजन और अग्निशमन विभाग इस घटना से सीधे तौर पर जुड़ा है। एसआईटी ने कहा, टीआरपी गेम जोन तीन साल से अधिक समय से चल रहा था और इसमें पक्का निर्माण भी हुआ था, लेकिन इसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। रिपोर्ट में कहा गया, चूंकि यह स्थान गैर-कृषि भूमि है, इसलिए इस पर गेमिंग जोन जैसी व्यावसायिक गतिविधियां नहीं की जा सकतीं। इसके बावजूद स्थानीय सहायक नगर नियोजन अधिकारी और सहायक अभियंता ने अपने कर्तव्यों के निर्वहन में गंभीर लापरवाही बरती। सरकार ने एसआईटी की प्रारंभिक रिपोर्ट के आधार पर सात अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। पुलिस ने अब तक इस मामले में 11 लोगों को आरोपी बनाया है, जिनमें गेम जोन के छह साझेदार और अन्य लोग शामिल हैं। इनमें से नौ को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि एक आरोपी प्रकाश हिरन उसी आग में मृत पाया गया।

## विज्ञापनदाताओं को देना होगा भ्रामक दावा संबंधी स्व-घोषणा पत्र

**नई दिल्ली।** सरकार ने सोमवार को सभी विज्ञापनदाताओं और विज्ञापन एजेंसियों से स्व-घोषणा प्रमाणपत्र जमा करने को कहा, जिससे यह स्पष्ट हो सके कि विज्ञापन में भ्रामक दावे नहीं किए गए हैं और यह नियामकीय दिशानिर्देशों का पालन करता है। उच्चतम न्यायालय की तरफ से पिछले महीने जारी निर्देशों के मुताबिक, सभी नए प्रिंट, डिजिटल, टेलीविजन और रेडियो विज्ञापनों के लिए स्व-घोषणा देना जरूरी होगा। सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने बयान में कहा कि उच्चतम न्यायालय का निर्देश पारदर्शिता, उपभोक्ता संरक्षण और जिम्मेदार विज्ञापन व्यवहार को सुनिश्चित करने की दिशा में एक कदम है। टीवी और रेडियो विज्ञापनों के मामले में स्व-घोषणा प्रमाणपत्र को ब्रॉडकास्ट सेवा' पोर्टल पर और प्रिंट, डिजिटल और इंटरनेट विज्ञापनों के लिए भारतीय प्रेस परिषद (पीसीआई) की वेबसाइट पर डालना होगा। इस स्व-घोषणा प्रमाणपत्र पर विज्ञापनदाता या विज्ञापन एजेंसी के अधिकृत प्रतिनिधि के हस्ताक्षर भी होने चाहिए। सभी विज्ञापनदाताओं और विज्ञापन एजेंसियों को 18 जून, 2024 या उसके बाद जारी/ प्रसारित/ प्रकाशित होने वाले सभी नए विज्ञापनों के लिए यह प्रमाणपत्र हासिल करना जरूरी है।

## चेक बाउंस के मामले में सुनवाई के लिए स्थानीय अदालत सक्षम

विधि संवाददाता, प्रयागराज

- इलाहाबाद हाईकोर्ट ने नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट एक्ट के मामले में सुनवाई के दौरान की टिप्पणी

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट एक्ट के तहत दर्ज एक मामले पर सुनवाई करते हुए कहा कि उक्त अधिनियम की धारा 138 के तहत किसी अपराध की जांच और परीक्षण केवल उस न्यायालय द्वारा किया जा सकता है, जिसके स्थानीय क्षेत्राधिकार में चेक वसूली के लिए प्रस्तुत किया गया हो और चेक बाउंस हो गया हो। ऐसे मामले में शिकायत दर्ज करने का स्थान महत्व नहीं रखता है, जैसा कि वर्तमान मामले में हुआ।

इसके साथ ही कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के फैसलों का हवाला देते हुए कहा कि स्थानांतरित न्यायालय शिकायत को नए सिरे से सुनने के बजाय उस चरण से आगे बढ़ना जारी रखेगा, जहां पर पूर्व न्यायालय ने मामले को छोड़ा है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति अरुण कुमार सिंह देशवाल की एकलपीठ ने इंद्रवीर सिंह और अन्य की याचिका को खारिज करते हुए पारित किया। दरअसल याचियों ने वर्तमान याचिका में नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट एक्ट की धारा 138 के तहत पुलिस स्टेशन कोतवाली उरई, जिला जालौन में दर्ज संपूर्ण आपराधिक कार्यवाही को निरस्त करने की मांग की गई थी। याचिका में न्यायिक मजिस्ट्रेट, जालौन के न्यायालय में लंबित मामले को उरई अदालत में स्थानांतरित करने का अनुरोध किया गया था जबकि उरई न्यायालय के पास संबंधित क्षेत्राधिकार नहीं है। स्थानांतरण आवेदन इस आधार पर किया गया था कि विवादित चेक भारतीय स्टेट बैंक, जालौन में भुगतान के लिए प्रस्तुत किया गया था, लेकिन शिकायत उरई में दर्ज की गई थी। अतः याचियों का अनुरोध था कि मामले पर उरई की अदालत में सुनवाई होनी चाहिए। वहीं दूसरी तरफ शिकायतकर्ता के अधिवक्ता ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला देते हुए कहा कि क्षेत्राधिकार न रखने वाले न्यायालय द्वारा सद्भावपूर्वक संज्ञान लिया गया है तो संज्ञान आदेश को रद्द नहीं किया जा सकता क्योंकि ऐसी अनियमितता कार्यवाही को प्रभावित नहीं करेगी। अंत में कोर्ट ने स्पष्ट किया कि चेक भुगतान के लिए जहां प्रस्तुत किया जाता है, वहीं की स्थानीय अदालत में उससे संबंधित कार्यवाही हो सकती है।

## नाबालिग की मां के रक्त के नमूने लिए

**पोर्श मामला**

**पुणे।** पुणे में 19 मई की पोर्श कार से हुई दुर्घटना में कथित रूप से शामिल किशोर की मां के रक्त के नमूने डीएनए जांच के वास्ते लिए गए।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि जांच के जरिए इस बात की पुष्टि की जानी है कि क्या गिरफ्तार की गई महिला के नमूने आरोपी नाबालिग के नमूनों के स्थान पर इस्तेमाल किए गए। इससे पहले ससून जनरल अस्पताल में आरोपी के नमूने लिए गए थे और इस बात की जांच की जानी थी कि क्या उसने घटना के वक्त शराब पी हुई थी। पुलिस ने ससून के फोरेंसिक मेडिसिन विभाग के प्रमुख डॉ. अजय तावरे और मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. श्रीहरि हल्नोर के साथ-साथ एक अन्य कर्मचारी को गिरफ्तार किया था। अपराध शाखा के अधिकारी ने कहा, आज महिला के नमूने एकत्र कर डीएनए परीक्षण के लिए एफएसएल भेज दिया है। वहीं पोर्श कार दुर्घटना पर क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय ने भी अपनी रिपोर्ट पुलिस सौंप दी है। पुणे क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी संजीव भोर ने कहा कि हमने दुर्घटना से संबंधित रिपोर्ट जांच अधिकारी को सौंप दी है। सूत्रों के अनुसार बेंगलुरु से मार्च में कार खरीदी गई थी। इसे अस्थायी पंजीकरण के लिए महाराष्ट्र भेजा गया था।


## वकील के माध्यम से अभियुक्त की उपस्थिति हिरासत के रूप में मान्य

विधि संवाददाता, प्रयागराज

- इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जमानत से जुड़े मामले में की टिप्पणी

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अग्रिम जमानत से जुड़े एक मामले में अपनी महत्वपूर्ण टिप्पणी में कहा कि अगर एक अभियुक्त जमानत के लिए अपने वकील के माध्यम से ट्रायल कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत होता है तो उसे अदालत की हिरासत में ही माना जाएगा।

सीआरपीसी की धारा 439 के तहत दर्ज मामलों में जमानत के लिए दाखिल आवेदन को इस आधार पर खारिज नहीं किया जा सकता है कि अभियुक्त ने खुद को अदालत की हिरासत में प्रस्तुत नहीं किया या उसे जांच अधिकारी द्वारा आरोप-पत्र प्रस्तुत करते समय गिरफ्तार नहीं किया गया है। कोर्ट ने कहा कि कोर्ट के समक्ष वकील के माध्यम से अभियुक्त की उपस्थिति हमेशा हिरासत ही मानी जाती है। यह आवश्यक नहीं है कि उसे शारीरिक तौर पर हिरासत में रखा जाए। उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति शेखर कुमार यादव की एकलपीठ ने वीर सिंह और तीन अन्य की द्वितीय अग्रिम जमानत को स्वीकार करते हुए की। मालूम हो कि अभियुक्तों के खिलाफ थाना कोतवाली कालपी, जालौन, उरई में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी।



जम्मू-कश्मीर के बडगाम जिले के दूधपथरी में एक पर्यटक स्थल पर बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंच रहे हैं। प्राकृतिक नजारों का आनंद लेने के लिए रविवार को पहुंचे पर्यटकों को दुर्गम रास्ते से होकर गुजरना पड़ा। • एजेंसी

## 30 जून तक संपत्ति का ब्योरा पोर्टल पर कर सकेंगे दर्ज

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार:शासन ने राज्य के उन पीसीएस अधिकारियों को अपनी चल-अचल संपत्ति का ब्योरा पोर्टल पर दर्ज कराने का अंतिम अवसर दिया है जिन्होंने बीती 28 फरवरी तक यह विवरण दर्ज नहीं कराया है। शासन ने ऐसे अधिकारियों के लिए समय सीमा बढ़ाकर 30 जून कर दी है जिसमें उन्हें 31 दिसंबर 2023 तक अर्जित संपत्ति की जानकारी देनी होगी। शासन ने हर हाल में उक्त तारीख तक पीसीएस अधिकारियों से अपनी चल-अचल संपत्ति का ब्योरा ऑनलाइन दर्ज कराने की उम्मीद की है।

साथ ही शासन ने सोमवार को जारी एक पत्र में चेतावनी भी दी कि यह व्यवस्था इसी साल के लिए है। आगामी वर्ष एक जनवरी से 31 जनवरी तक संपत्ति का ब्योरा ऑनलाइन दर्ज न कराने पर लापरवाह सिविल सेवा के अधिकारियों के खिलाफ विभागीय व अनुशासनिक कार्रवाई की जाएगी।

## सूरत से कांग्रेस प्रत्याशी का नामांकन खारिज होने पर याचिका दायर

अहमदाबाद, एजेंसी

- तीन मतदाताओं ने हाईकोर्ट में दायर की याचिका, निर्वाचन अधिकारी के फैसले पर उठाया सवाल

सूरत लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार नीलेश कुंभानी का नामांकन खारिज करने के निर्वाचन अधिकारी के फैसले की वैधता को चुनौती देने वाली एक याचिका सोमवार को गुजरात उच्च न्यायालय में दायर की गई।

कुंभानी का नामांकन खारिज होने और अन्य उम्मीदवारों के चुनाव से हटने के बाद भाजपा के उम्मीदवार मुकेश दलाल को निर्विरोध विजेता घोषित किया गया। याचिकाकर्ताओं के वकील पीएस चंपानेरी ने बताया कि चुनाव याचिका सूरत संसदीय क्षेत्र के तीन मतदाताओं ने दायर की है और नामांकन फॉर्म की जांच से संबंधित जनप्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 36 के तहत निर्वाचन अधिकारी के फैसले पर सवाल उठाया है। उन्होंने कहा, जनप्रतिनिधित्व अधिनियम में प्रावधान है कि जब भी कोई चुनाव याचिका दायर की जाती है, तो कार्यालय मामले को सुनवाई के लिए उच्च न्यायालय के किसी भी न्यायाधीश को सौंपने के लिए इसे मुख्य न्यायाधीश के समक्ष रखेगा। इसके बाद सुनवाई शुरू होगी और अदालत जीतने वाले उम्मीदवार को समन जारी कर सकती है। मुख्य न्यायाधीश सुनीता अग्रवाल और न्यायमूर्ति अनुरुद्ध पी. माई की खंडपीठ ने एक मई को दलाल की निर्विरोध जीत से संबंधित जनहित याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया था और याचिकाकर्ता के वकील को निर्देश दिया था कि वह इस मामले को जनहित याचिका के बजाय चुनाव याचिका के माध्यम से चुनौती दें।

## जम्मू में मादक पदार्थ सरगना की संपत्तियां की गईं जब्त

**जम्मू।** जम्मू में एक कुख्यात अपराधी को कड़े जन सुरक्षा अधिनियम (पीएसए) के तहत हिरासत में लिया गया है और साथ ही मादक पदार्थ तस्करी गिरोह के एक सरगना की तीन संपत्तियां सोमवार को कुर्क कर ली गईं।

पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि मीरां साहिब निवासी कुलबीर भगत उर्फ रिंकू कुमार पर संगठित तरीके से आपराधिक गतिविधियों में लगातार शामिल रहने और सार्वजनिक शांति एवं व्यवस्था के लिए खतरा पैदा करने के आरोप में जम्मू के जिलाधिकारी के आदेश पर पीएसए के तहत मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने कहा कि आरोपी के खिलाफ आर एस पुरा के विभिन्न थानों में कई प्राथमिकियां दर्ज हैं लेकिन इसके बावजूद आरोपी ने अपने आचरण में कोई बदलाव नहीं किया। पुलिस ने इस खूंखार अपराधी को गिरफ्तार किया था।

## कमजोर हो रहा अल नीनो, ला नीना देगा गर्मी से राहत

नई दिल्ली, एजेंसी



- डब्ल्यूएमओ के अनुसार ला नीना के चलते मानसून के दौरान भरपूर बारिश होती है
- जुलाई से सिंबर के बीच अल नीनो के ला नीना में परिवर्तित होने की 60% संभावना

दुनिया भर में रिकॉर्ड तोड़ गर्मी और खराब मौसम के लिए जिम्मेदार 2023-24 अल नीनो के इस साल के अंत में ला नीना स्थिति में परिवर्तित होने का अनुमान है। यह जानकारी विश्व मौसम विज्ञान संगठन (डब्ल्यूएमओ) ने दी।

डब्ल्यूएमओ के अनुसार, दुनिया भर में लोगों ने अप्रैल का महीना अब तक का सबसे गर्म महीना और इस वर्ष लगातार ग्यारहवें महीने रिकॉर्ड-उच्च तापमान का अनुभव किया। संगठन ने कहा कि ऐसा प्राकृतिक रूप से होने वाले अल नीनो-मध्य और पूर्वी प्रशांत महासागर में पानी के असामान्य रूप से गर्म होने तथा मानवीय गतिविधियों से उत्पन्न ग्रीनहाउस गैस द्वारा वायुमंडल और महासागर में फंसी अतिरिक्त ऊर्जा के कारण होता है। अल नीनो का प्रभाव बना हुआ है लेकिन यह कमजोर हो रहा है। इसके प्रभाव के चलते भारत और पाकिस्तान सहित दक्षिण एशिया में लोगों ने अप्रैल और मई में भीषण गर्मी का सामना किया।

डब्ल्यूएमओ के ग्लोबल प्रोड्यूसिंग सेंटर्स ऑफ लॉन्ग-रेंज फोरकास्ट के नवीनतम पूर्वानुमानों में जून-अगस्त के दौरान तटस्थ स्थितियां या ला नीना में परिवर्तित होने की समान संभावनाएं 50 प्रतिशत बताई गई हैं। ला नीना स्थितियों की जुलाई से सितंबर के दौरान संभावना 60 प्रतिशत तथा अगस्त से नवंबर के दौरान 70 प्रतिशत तक बढ़ जाती है। अल नीनो भारत में कमजोर मानसूनी हवाओं और शुष्क परिस्थितियों से जुड़ा है, जबकि अल नीनो के विरोधी ला नीना के चलते मानसून के दौरान भरपूर बारिश होती है। पिछले महीने, भारत मौसम विज्ञान विभाग ने भारत में मानसून के मौसम में सामान्य से अधिक बारिश का अनुमान जताया था और अगस्त-सितंबर तक अनुकूल ला नीना स्थितियां बनने की उम्मीद है। भारत के कृषि परिदृश्य के लिए मानसून महत्वपूर्ण है क्योंकि 52 प्रतिशत खेती योग्य क्षेत्र इस पर निर्भर है। यह देश भर में बिजली उत्पादन के अलावा पेयजल के लिए जलाशयों को फिर से भरने में भी महत्वपूर्ण है। डब्ल्यूएमओ की उपमहासचिव को बैरेट ने कहा, जून 2023 से हर महीने तापमान का नया रिकॉर्ड बना है और 2023 अब तक का सबसे गर्म साल रहा है।

### पिछले नौ साल रिकार्ड गर्म रहे

अल नीनो के खत्म होने का मतलब यह नहीं है कि लंबे समय तक जलवायु परिवर्तन रुक जाएगा क्योंकि हमारा ग्रह गर्मी को रोकने वाली ग्रीनहाउस गैस के कारण गर्म होता रहेगा। अगले महीनों के दौरान असाधारण रूप से उच्च समुद्री सतह का तापमान महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहेगा। पिछले नौ साल रिकॉर्ड पर सबसे गर्म रहे हैं। अल नीनो दिसंबर 2023 में चरम पर था। डब्ल्यूएमओ के अनुसार, भूमध्यरेखीय पूर्वी प्रशांत महासागर के बाहर सभी क्षेत्रों में सामान्य से अधिक समुद्री सतह का तापमान बने रहने की उम्मीद है।

## आयोग द्वारा आरोप के संबंध में प्रमाण मांगना समझ से परे : गहलोत

**जयपुर।** राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा है कि चुनाव आयोग का कांग्रेस नेता जयराम रमेश से उनके आरोप के संबंध में प्रमाण मांगना समझ से परे है।

गहलोत ने सोमवार रात अपने बयान में यह बात कही। उन्होंने कहा कि किसी भी राजनीतिक दल के नेता को जो फीडबैक मिलता है उसके आधार पर आरोप लगाये जाते हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकरण में कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने अपने फीडबैक के आधार पर सीधे केन्द्रीय गृह मंत्री पर आरोप लगाया है। यदि यह आरोप झूठा है तो गृह मंत्री को स्वयं इसका खण्डन करना चाहिए था, इसकी बजाय चुनाव आयोग द्वारा श्री रमेश से प्रमाण मांगना एक नई परिपाटी की शुरूआत है जो दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि गृह मंत्री इस मसले पर चुप हैं इसका मतलब उनकी मौन स्वीकृति है।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

यस्य कृत्यं न जानन्ति मन्त्रं वा मन्त्रितं परे।
कृतमेवास्य जानन्ति स वै पण्डित उच्यते॥

दूसरे लोग जिसके कार्य, व्यवहार, गोपनीयता, सलाह और विचार को कार्य पूरा हो जाने के बाद ही जान पाते हैं, वही व्यक्ति ज्ञानी कहलाता है।

## संपादकीय

# चुनाव आयोग की सीख

विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में इस बार लोकसभा चुनाव में 31.2 करोड़ महिलाओं समेत 64.2 करोड़ मतदाताओं की भागीदारी के साथ विश्व रिकॉर्ड बनाया है। झुलसाती गर्मी व तूफान के बावजूद सात चरणों वाले लंबे चुनाव अभियान में मतदाताओं का उत्साह दुनिया को भारतीय लोकतंत्र की ताकत दिखाता है। दुनिया की सबसे बड़ी मतदान प्रक्रिया में 68,000 से अधिक निगरानी दल और डेढ़ करोड़ से अधिक मतदान तथा सुरक्षा कर्मी शामिल रहे। इस दृष्टि से लोकसभा चुनाव 2024 विश्व के लोकतांत्रिक इतिहास में भारत का कीर्तिमान कहा जा रहा है। महत्वपूर्ण है कि तमाम सांस्कृतिक, भौगोलिक व राजनीतिक रूझान में विविधताओं वाले इस देश में चवालीस दिन की सबसे लंबी अवधि वाले आम चुनाव की प्रक्रिया विश्वसनीय मानी जाती है। लोकतंत्र के इस उत्सव में चुनाव आयोग से जो अपेक्षाएं थीं, उन पर खरा उतरने के लिए तैयारियां भी की गईं थी। परंतु भारतीय चुनावों की प्रणाली ऐसी है कि इसमें चुनाव के बाद भी जांच की गुंजाइश होती है। इस बात को मुख्य चुनाव आयुक्त ने भी स्वीकार किया है। इसलिए आयोग के कामकाज को लेकर शिकायतें भी रहीं। आम चुनावों में ईवीएम को लेकर भी कई सवाल उठे।

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफार्म्स (एडीआए) और कॉमन कॉज नाम की दो संस्थाओं ने अदालत में एक आवेदन देकर इस बार के चुनावों में मतदान प्रतिशत के आंकड़े सार्वजनिक करने की मांग उठाई। ऐसे में चुनाव आयोग ने देश में चुनाव प्रक्रिया की शुद्धता, पारदर्शिता और निष्पक्षता को सुनिश्चित करने के लिए आयोग द्वारा की गई व्यवस्थाओं को सोमवार को पुनः रेखांकित करते हुए कहा कि चुनाव के बारे में अनर्गल बातें फैलाने का बाजार एक बड़ा खतरा बन गया है और इसके खिलाफ सावधानी बढ़ाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि चुनाव को लेकर झूठी अफवाहों से निपटने के लिए बहुत तत्पर रहने की जरूरत है। इस चुनाव की कुछ महत्वपूर्ण सीख हैं, एक तो हमें भीषण गर्मी को देखते हुए यह चुनाव एक माह पहले पूरा करा लेना चाहिए था। दूसरी सीख है, (आयोग की व्यवस्थाओं के बारे में) अनर्गल प्रचार से निपटने की जरूरत का सबक। उन्होंने कहा कि इन चुनाव को संपन्न कराने में पूरी निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ काम किया गया है और आयोग ने विभिन्न प्रतिनिधिमंडलों की ओर से आए सुझावों को माना है। क्योंकि ऐसा संदेश नहीं जाना चाहिए कि आयोग सत्तारूढ़ दल के प्रति उदार रुख दिखा रहा है। ध्यान रहे निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव के जरिए ही देश में लोकतंत्र सुरक्षित रखा जा सकता है। ऐसे में निश्चित रूप से चुनाव आयोग के लिए सुगम मतदान की व्यवस्था करना चुनौतीपूर्ण कार्य था।

# गप्प सुनो भाई सप्प नाव में नदिया डूबी जाय


डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

> भाषण देने वाले नेता लोग प्रायः अपनी महानता की गप्पों के साथ विपक्षियों के प्रति नफरत की गप्पें हांकते रहते हैं। गप्पें बोई जाती हैं,उनका अंकुरण होता है,उनको सींचा जाता है,उनका पल्लवन होता है और देखते देखते गप्प का वटवृक्ष बन जाता है। गप्पों के जंगल बन जाते हैं।

लोकसाहित्य में गप्प भी एक महत्वपूर्ण विधा है और गप्पों की उपेक्षा नहीं की जानी चाहिए। यह सच है कि लोग मिलते हैं तो जैसे किस्सा - कहानी कहते हैं,वैसे ही गप्पें भी हांकते हैं, गप्पें सुनते भी हैं और उनसे मनोविनोद भी करते हैं। गप्पें लोगों को जोड़ती भी हैं,गप्पों में लोगों का मन लग जाता है। गप्पों का अध्ययन भी किया जा सकता है। गप्पें हांकना हर एक आदमी के वश की बात नहीं है।

कुछ लोग तो गप्पों के एक्सपर्ट होते हैं। गप्पें मनोरंजन तो करती ही हैं,लोगों को उत्तेजित भी कर देती हैं। आकर्षित भी करती हैं। कभी-कभी आत्मविज्ञापन के लिए गप्पें हांकी जाती हैं तो कभी प्रतिद्वंद्वी को पछाड़ने के लिए गप्पों का उपयोग किया जाता है,लेकिन कुछ गप्पी बहुत कमाल के होते हैं,वे ऐसी गप्पें हांकते हैं कि बहुत दिनों तक उनकी सच्चाई सामने नहीं आती और लोग उनकी गप्पों को प्रामाणिक तथ्य मान लेते हैं तथा दूसरों से भी आग्रह करते हैं कि वे भी उन गप्पों को ऐतिहासिक सच के रूप में ग्रहण करें। ऐतिहासिक, राजनैतिक,धार्मिक,सामाजिक, आर्थिक-व्यापारिक, सांस्कृतिक, भौगोलिक आदि वर्गों में गप्पों का वर्गीकरण किया जा सकता है।

भाषण देने वाले नेता लोग प्रायः अपनी महानता की गप्पों के साथ विपक्षियों के प्रति नफरत की गप्पें हांकते रहते हैं। गप्पें बोई जाती हैं,उनका अंकुरण होता है,उनको सींचा जाता है,उनका पल्लवन होता है और देखते देखते गप्प का वटवृक्ष बन जाता है। गप्पों के जंगल बन जाते हैं। गप्पों पर कितनी ही फिल्में बन चुकी हैं,अब भी बनाई जा रही हैं ताकि पब्लिक का दिल बहला रहे। एक दिन एक गप्प फिल्म का प्रोग्राम सुन रहा था। हालांकि वे इसे इतिहास बतला रहे थे तो कोई बात नहीं इतिहास को अब गप्प का ही एक दूसरा नाम समझा जाना चाहिए। इधर देश में राजनैतिक क्षेत्र की गप्पों का चलन बढ़ गया है। व्यापारिक गप्पें उत्पादों को लेकर हांकी जाती हैं। इस उत्पाद को खरीद लोगे तो घर में स्वर्ग ही आ जाएगा। धार्मिक मत के प्रचारक लोग अपने संप्रदाय अथवा पंथ की महिमा के लिए इतनी गप्पें हांकते हैं कि उन पर पूरी पुस्तक लिखी जा सकती है। मध्यकाल के भक्त कवियों के संबंध में भी ऐसी गप्पें प्रचलित हैं,वहां प्रोफेसर लोग इन गप्पों का उपयोग करते हैं और आग्रह करते हैं कि यह गप्प नहीं,ऐतिहासिक सच है। गप्प का एक नाम इतिहास भी है। अब इतिहासकार भी गप्प सामग्री का प्रचुर उपयोग करने लगे हैं। ऐसी गप्प,जो इतिहास बन गया या बना दिया गया। इतिहास की गप्प कहो या गप्पों का इतिहास कहो। गूगल, वाट्सऐप,फेसबुक आदि पर गप्पों के विश्वकोष मिल सकते हैं,लेकिन लोकजीवन की गप्पें बड़ी सरल होती हैं,क्यों कि वे गप्प की तरह ही पेश आती हैं,धोखा देने का उनका इरादा नहीं होता। देहाती भाषा में इसे टल्ल भी कहते हैं।

> इतिहास? वह तो घंटाघर की सुई की तरह है। राजा बारह बजे नगर यात्रा पर निकलेगा,क्योंकि राजा समय का पक्का है,जब वह निकलेगा तभी बारह बजेंगे। जब निकलता है तभी बारह बजते हैं। इतिहास का काम है राजा को देखना घड़ी की सुई को पकड़ कर खींचना और बारह बजाना। राजाओं की नजरों के अर्थ को समझना।

इतिहास के नाम पर अपने-अपने हिसाब चुकता किए जा रहे हैं,कोई किसी से दुश्मनी निकाल रहा है,कोई किसी से। सबके अपने अपने इतिहास हैं। जनता का इतिहास तो अभी तक किसी ने लिखा ही नहीं है,जो है वह सत्ता का इतिहास है। भारतीय साहित्य में आर्य शब्द कम से कम दो हजार साल पुराना तो है ही, आज तक कोई ऐसा इतिहासकार नहीं हुआ, जो जाति या प्रजाति के अर्थ में आर्य शब्द का एक भी प्रयोग प्रमाणित रूप से बतला सके,लेकिन लिखे जा रहे हैं। आज भी फेसबुक पर ऐसा ही प्रकरण देखा था। सर्वे पंडित मानिनः। गप्प का एक नाम इतिहास भी है। गप्प भी कैसी जिसमें अपने स्वार्थ और मतलब छिपे हैं,अपने-अपने वैमनस्य और वैर भाव छिपे हैं। अपने-अपने मन की ग्रंथियां हैं,कुंठा हैं,जो मन इतिहास ग्रस्त हो चुके हैं,वे इतिहास को जीवनभर ढोते रहने को विवश और बाध्य हैं। संसार के इतिहास में क्रूरता की कहानियां भी हैं,संसार के इतिहास में घृणा की कहानियां भी हैं। भारत के इतिहास में किसी ने बाहर से आए लोगों को खोजा,किसी ने वर्ण को खोजा,किसी ने वर्ग को खोजा,किसी ने युद्ध को खोजा,किसी ने राजा-रानी को खोजा, किसी ने धर्म को खोजा, सामान्य मनुष्य अथवा लोकजीवन को किसने खोजा? वे इतिहासकार,जो सत्ता से ही पुरस्कृत और प्रेरित होते हैं,सत्ता के गीत गाते हैं,उन्हें जनता के इतिहास का क्या करना है? मुगल-दरबार के इतिहासकारों ने मुगलों का जयजयकार किया,ब्रिटिश-इतिहासकारों ने कहा कि आर्य बाहर से आए थे,यदि हम भी बाहर से आ गए तो इसमें नया क्या है?


इतिहास? वह तो घंटाघर की सुईं की तरह है। राजा बारह बजे नगर यात्रा पर निकलेगा,क्योंकि राजा समय का पक्का है,जब वह निकलेगा तभी बारह बजेंगे। जब निकलता है तभी बारह बजते हैं। इतिहास का काम है राजा को देखना घड़ी की सुई को पकड़ कर खींचना और बारह बजाना। राजाओं की नजरों के अर्थ को समझना। राजा सबेरे सात बजे निकले तो भी बारह ही बजने हैं,शाम के छह बजे निकले तो भी बारह ही बजने हैं,क्योंकि राजा समय का पक्का है। सत्ता कुचक्री होती है। भेदभाव को स्थायी बनाने के लिए सत्ता इतिहास की ऐसी व्याख्या को प्रोत्साहित करती है,जिसे पढ़कर कच्चा मन एक दूसरी जाति से नफरत करे। लोकजीवन की एकता को खंड-खंड करना उसका अभीष्ट होता है,सत्ता को जनता की एकता से डर लगता है इसके लिए सत्ता जनता को विभक्त करती है,बांटती है। इस कार्य में मदद करने के लिए वह विद्वानों को उपकृत करती है,अलंकारों से सम्मानित करती है। सत्ता के हजार हाथ हैं।

कहानी है तूने न सही तेरे बाप ने पानी जूठा किया होगा? अब इसी का आधार बनाकर उन्होंने इतिहास रच दिया। हिटलर के जमाने में शारीरिक मानव शास्त्रियों ने नस्ली- निर्णायकवाद का प्रतिपादन किया था कि मानवजीवन का निर्णायक तत्व नस्ल ही होता है। महायुद्ध के बाद सांस्कृतिक मानवशास्त्र आया। यही काम भारत में इतिहास ने किया, कल भी और आज भी, वर्तमान से ध्यान हटाने के लिए आज हम इतिहास में शत्रुताओं को खोज रहे हैं ताकि घृणा-विद्वेष का प्रसार किया जा सके। जातियों को जातियों से और मजहब को मजहब से लड़ाया जा सके। कल की ही तो बात है,जब कबीर और तुलसी को जाति के आधार पर बांटा गया। कोई इतिहास अंतिम नहीं है,इतिहास की व्याख्या हर युग में होती रही है और होती रहेगी। इतिहासकारों ने इतिहास लिखे हैं,अपने-अपने दृष्टिकोण से लिखे हैं,लोक के साथ आज भी कितने हैं? किस इतिहासकार ने लोक जीवन में पैठ कर के इतिहास लिखा है। वह इतिहास तो तुम्हारे वर्ग की चीज है। तुम्हारे हितों से प्रेरित है। तुम लोकमन को नहीं समझ सके। तुमने अपने को लोकमन से ऊपर मान लिया,तुम पढ़े-लिखे हो न? तुम्हारा इतिहास लोकमन से अपरिचित है। तुम आसमान में रहते हो और लोक जीवन धरती पर रहता है। इसीलिए हिन्दू मन, मुस्लिम मन, धार्मिक मन और धर्मनिरपेक्ष मन, ब्राह्मण मन,शूद्र मन जैसे भेद-विभेद पैदा होते हैं। देश के भिन्न-भिन्न जनसमूहों और जनपदों को न देखा और न जाना और आप भारत के इतिहास पर फतवे सुना रहे हैं? इतिहास के दस फीसदी तथ्य भी हमारे सामने नहीं है और आप ने फैसला भी सुना दिया? इतिहास में दायरे खोजने से दायरे ही मिलने थे। सामान्य मनुष्य की सामान्यता दायरों से बाहर है। धर्म,वर्ग,वर्ण,ऊंच-नीच,राजा-रंक ऊपर के छिलके हैं,उपाधियां हैं। उनके भीतर जो मनुष्य है,आप यों कहें कि मनुष्य के भीतर का मनुष्य। राजनैतिक मतवाद की पुष्टि करने के लिए इतिहास के खेत में जाति और मजहब- वैमनस्य के जहर की खेती की।

सचमुच इतिहास बहुत निष्ठुर है। फिर भी यह सच है कि वह इतिहास हमारी सामूहिक चेतना में विद्यमान है। मनुष्य की प्रेरणा भी तो उसी इतिहास में निहित है। यदि इतिहास हमें बदला लेने के लिए कहता है तो सचमुच वह इतिहास मनुष्य के लिए दुर्भाग्य का हेतु ही सिद्ध होगा। हां ,यदि वह समन्वय सिखाता है तो वह अवश्य ही मनुष्य जीवन को गतिशील बना सकता है। इतिहास को हम इसलिए पढ़ें,इसलिए रचें,इसलिए उसकी व्याख्या करें कि वर्तमान को शक्ति मिले,भविष्य उज्ज्वल हो, इतिहास में जाकर शत्रुताओं को खोजना ,शत्रुताएं सामने खड़ी करना सामाजिक विवेक कैसे कहा जाएगा? वह इतिहास,जो बदला लेने को प्रवृत्त करता है, बदला लेने की भावना जगाता है,पैरों की बेड़ी की तरह है,वह एक बंधन है। बदले का कहीं भी अंत नहीं हो सकता।

## प्रसंगवश

# राजधर्म और धर्मदंड


डॉ. चन्द्रविजय चतुर्वेदी
प्रयागराज

सभ्यता संस्कृति के विकास क्रम में पहले मानव समुदाय बना फिर मानव समाज। समाज से राष्ट्र बनने के संबंध में मनुस्मृति के सप्तम अध्याय के श्लोक दो में कहा गया है कि जगत में राजा न होने से सब भय व्याकुल होते हैं। इसलिए समाज की रक्षा के लिए ईश्वर ने राजा उत्पन्न किया। राजा का अर्थ राज्य अथवा स्टेट से है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में भी लोक रूपी जनार्दन जो जनता है वह राज्य-स्टेट स्थापित करता है। लोकतांत्रिक अवधारण का एक मूल तत्व है कि जैसे-जैसे लोकतंत्र सुदृढ़ होता जाएगा, लोक और जनार्दन का शासन होगा। मानव समाज में राज्य बनने की प्रक्रिया वैदिक काल में लोकतांत्रिक ही रही है। अथर्ववेद में कहा गया है कि हे राजा राज्य के लिए जनता तुम्हें वरण करती है अर्थात् राजा का बेटा ही राजा नहीं होता। आगे कहा गया है कि राज्य राजा की संपत्ति नहीं होती,बल्कि प्रजाजनों के कल्याण के लिए होती है। मनुस्मृति में ही राज्य धर्म और धर्म दंड की व्याख्या करते हुए कहा गया है कि राजा के हित के लिए ईश्वर ने पहले से ही प्राणियों का रक्षक धर्म रूप और ब्रह्मतेज रूप अपने पुत्र दंड को उत्पन्न किया है। देशकाल, शक्ति व शास्त्र को भली-भांति देखकर अन्याय करने वाले को यथा योग्य दंड राजा को देना चाहिए। वस्तुतः दंड ही राजा,दंड ही पुरुष,दंड ही राज्य का नेता और शिक्षक है। ऋषियों ने दंड को ही चारो आश्रमों के धर्म का साक्षी कहा है। दंड सब प्राणियों पर राज्य करता है और दंड ही सब प्राणियों की रक्षा करता है। जब सब लोग सो जाते हैं तो दंड ही जगाता रहता है,पंडित लोग दंड को ही धर्म कहते हैं। वह दंड यदि पूर्ण रीति से विचार कर दिया जाए तो सब प्राणी सुखी रहते हैं और बिना विचारे देने से सबका विनाश हो जाता है। वैदिक काल के राज्य और आधुनिक युग के लोकतांत्रिक राज्य जो ईश्वर और जनार्दन द्वारा बनाए गए उसके बीच में अनेक अन्य प्रकार के ईश्वर भी गढ़े गए। सत्ता की लिप्सा का ईश्वर,युद्ध की हिंसा के प्रभुत्व का ईश्वर,कुटनीतिक चालों का ईश्वर,जाति-धर्म और संप्रदाय के उन्माद का ईश्वर जैसे तमाम ईश्वर पुराण इतिहास में बने और उन्होंने अपने आत्मजों को राजा बनाया जिनका धर्म दंड उनके अंहकार और उनकी इच्छा की सीमा में ही बंधे रहे।

# अधर में लटकी जमरानी बांध परियोजना


दीपक नौगांई
शिक्षक, नैनीताल

> स्थानीय लोग बताते हैं कि 1993 तक बांध स्थल पर थोड़ी बहुत चहल-पहल जरूर नजर आती थी,पर कई सालों से बांध स्थल के पास निर्माण संबंधित कोई कार्य होता नजर नहीं आ रहा।

उत्तराखंड में कुमाऊं के तराई भावर क्षेत्र तथा हल्द्वानी नगर को पेयजल और सिंचाई हेतु जल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लंबे समय से गौला नदी पर जमरानी बांध बनाने की मांग चली आ रही है। हर लोकसभा और विधानसभा चुनाव में जमरानी बांध एक प्रमुख मुद्दा बनकर उभरता है,लेकिन इसके बावजूद 48 साल से यह बहुउद्देशीय बांध परियोजना महज फाइलों में ही दौड़ रही है। कुमाऊं के प्रवेश द्वार काठगोदाम से लगभग 12 किलोमीटर दूर भीमताल क्षेत्र से आने वाली गौला नदी पर प्रस्तावित जमरानी बांध से हल्द्वानी व उत्तर प्रदेश के बरेली, मुरादाबाद और पीलीभीत की सैकड़ों हेक्टेयर कृषि भूमि पर सिंचाई तथा पेयजल व्यवस्था उपलब्ध कराने के साथ-साथ विद्युत उत्पादन का भी लक्ष्य रखा गया था।

26 फरवरी 1976 को केंद्र की कांग्रेस सरकार के तत्कालीन ऊर्जा मंत्री के.सी. पंत ने परियोजना का शिलान्यास किया था तथा उक्त अवसर पर आयोजित समारोह की अध्यक्षता उस समय उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे नारायण दत्त तिवारी ने की थी। इन दो दिग्गज नेताओं से जुड़े होने के बावजूद चार दशक में बांध के नाम पर काठगोदाम में बैराज,कुछ किमी लंबी नहरे, कॉलोनी तथा गेस्ट हाउस ही बन पाए। अधिकतर लोग और बांध स्थल के स्थानीय ग्रामीण यह मानते हैं कि जमरानी बांध के.सी. पंत और नारायण दत तिवारी की आपसी राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता की भेंट चढ़ गया था। शिलान्यास के बाद दोनों ही नेताओं ने बांध निर्माण में कोई ज्यादा रुचि नहीं दिखलाई, जबकि दोनों ही कांग्रेस सरकार में उच्च पदों पर रहे। हालांकि बाद में के.सी. पंत भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए थे। देखा जाए तो राजनीतिक उठापटक और सरकारी खामियों का जिंदा स्मारक बनकर रह गई है यह परियोजना। 1976 में यह तय हुआ था कि जमरानी बांध परियोजना का 75 प्रतिशत पैसा केंद्र सरकार और 25 प्रतिशत तत्कालीन उत्तर प्रदेश सरकार को देना था। अब तक के निर्माण की बात करें तो लगभग 24 करोड़ रुपए की धनराशि बैराज,नहरें तथा कॉलोनियों के निर्माण पर खर्च की गई है,लेकिन असल कार्य अर्थात् बांध का निर्माण प्रारंभ होना अभी तक शुरू नहीं हुआ है।

स्थानीय लोग बताते हैं कि 1993 तक बांध स्थल पर थोड़ी बहुत चहल-पहल जरूर नजर आती थी,पर कई सालों से बांध स्थल के पास निर्माण संबंधित कोई कार्य होता नजर नहीं आ रहा। चारों ओर सन्नाटा पसरा है,अगर शोर है तो उन डंपरों का जो बांध स्थल के पास बड़े पैमाने पर रेता-बजरी का खनन कर रहे हैं। पर्यावरण के जानकार बताते हैं कि नियमानुसार बांध स्थल पर खनन पर पाबंदी होनी चाहिए,लेकिन यहां ऐसा नहीं है। कई पर्यावरणविद और भू-वैज्ञानिक बांध निर्माण पर प्रश्न चिह्न भी लगाते हैं। उनका कहना है कि हिमालय के उच्च भूकंपीय जोन चार व जोन पांच के मध्य में आने वाले क्षेत्र में यह बांध बनाया जाना है। निचले हिमालय की यह पहाड़ियां कमजोर पहाड़ियां हैं,जो समय-समय दरकती रहती हैं। हालांकि 48 साल बाद ही सही,लेकिन अब लोगों में बांध बनाने को लेकर कुछ उम्मीद बंधी है।

पिछले साल 150.60 मीटर ऊंचे इस बांध निर्माण को केन्द्र सरकार ने अपनी मंजूरी दी और कहा कि मार्च 2028 तक इस परियोजनाओं को पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है,जिस पर 2584 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। इसमें 1557 करोड़ रुपए केंद्र सरकार व्यय करेगी। इस परियोजना के जरिए 57065 हेक्टेयर भूमि को सिंचाई के दायरे में लाया जाएगा। इसमें 9458 हेक्टेयर भूमि उत्तराखंड की और 47607 हेक्टेयर भूमि उत्तर प्रदेश की है। यह भी तय हुआ है कि काठगोदाम में पहले से मौजूद बैराज में दो नई नहरों का निर्माण किया जाएगा तथा 207 किलोमीटर लंबी मौजूदा नहरों का जीर्णोद्धार भी होगा। इस परियोजना से 14 मेगावाट की बिजली उत्पन्न की जाएगी तथा हल्द्वानी और आसपास के क्षेत्र को 42 मिलियन क्यूबिक मीटर पेयजल उपलब्ध होगा।

इन सबके बीच सबसे बड़ा मुद्दा बांध से प्रभावित गांवों के लोगों के पुनर्वास का भी है। इसके लिए टिहरी बांध प्रभावितों के पुनर्वास व विस्थापन के लिए वर्ष 2013 की नीति को आधार बनाया गया है। कई जगहों पर जमीन ढूंढने के बाद अंत में यह निर्णय हुआ कि विस्थापन के लिए उधमसिंह नगर जनपद में किच्छा के पास पराग फॉर्म की खाली पड़ी 300 एकड़ भूमि में बांध विस्थापितों का पुनर्वास किया जाएगा। बहरहाल अब देखना यह है कि क्या सरकार 2028 तक जमरानी बांध परियोजना को पूर्ण कर पाती है अथवा नहीं।

## सोशल फोरम

# नून और नोनिया


सचिदानंद सिंह
मुंबई

मध्य युग की शुरुआत में ही चीन में बारूद की खोज हो गई थी। चीनी बारूद में गंधक, पोटेशियम नाइट्रेट और कुछ वनस्पति रहते थे। बारूद का उपयोग सदियों से बस आतिशबाजी में होता रहा,पर नौवीं सदी आते-आते उसके सामरिक उपयोग शुरू हुए। चीनियों से बारूद के सामरिक प्रयोग मंगोल लोगों ने सीखा और मंगोल सेना के साथ बारूद मध्य एशिया और पश्चिम एशिया गया।

बारूद का एक महत्वपूर्ण घटक है पोटेशियम नाइट्रेट। इसका स्वाद तीखा, नमकीन होता है। फारसी लोगों ने इसे चीन के दलदल का नमक या नमक शूरा चीनी कहा है। शायद इसी शूरा से पोटेशियम नाइट्रेट को भारत में निमक-ए-शोरा या निमकी शोरा या बस शोरा कहा जाने लगा। शोरा यानी पोटेशियम नाइट्रेट रसायन विज्ञान की दृष्टि से एक नमक (सॉल्ट) है,किंतु इसकी संभावना कम है कि मध्य युग के कीमियागरों ने इसे नमक (सॉल्ट) समझा था। अधिकतर कीमियागर इसे क्षार मानते थे। इसे "निमकी शोरा" इसके स्वाद के चलते कहा जाने लगा। नमक को भारत में अनेक जगह नून कहा जाता है। यहां से शोरा का एक नाम नून आया और नून बनाने वाले लोग नोनिया कहलाने लगे। यह नून विशेष जगह की मिट्टी से बनता था। मिट्टी का काम करने वाले बेलदार जाति से आते थे। बिहार में सभी नोनिया बेलदार जाति से ही आए। वे कहलाते थे नोनिया, लेकिन उनकी जाति बेलदार ही थी।

बेलदारों का एक विशेष त्यौहार था लाढ़ा का पूजन। लाढ़ा लोहे का एक भारी दंड था जिससे पत्थर या पकी ईंटों को तोड़कर उनका चूर्ण बनते थे जिसे चूने के साथ मिलाकर मजबूत गारा/मसाला (मॉर्टर) बनता था। हाल तक सुर्खी-चूने के मसाले से ईंटें जोड़ी जाती रहीं। सुर्खी बनाना बेलदारों का काम था। एक रोचक तथ्य है कि शोरा जो विध्वंस का औजार बारूद बनाता था वही उर्वरक के रूप में फसलों की उपज भी बढ़ाता था।

**-फेसबुक वॉल से**

# चाह गई चिंता मिटी, मनुआ बेपरवाह


अनूप शुक्ल
कानपुर

> पुलिया पर बैठे हुए दो बुजुर्ग एक्जिट पोल की चर्चा करते हुए अपने जननायकों को ठेठ अंदाज में गरियाते हुए याद कर रहे थे। गाली निकालकर कुछ डायलॉग जो याद रह गए-अरे उसने पेंशन बंद करवा दी। अब तो मर गया वो। अरे ये भी जाएगा। मरेगा। दस साल से आंख मूंदे बैठा है। कुछ करना धरना नहीं बस झूठ बोलवा लेव।

आज सुबह टहलने निकले तो गेट के बाहर ही कुत्ते भौंकते दिखे। ऐसा लगा कि किसी बड़े चैनल में प्राइम टाइम बहस हो रही हो। थोड़ी देर में अपने आप शांत भी हो गए जैसे बहस के बीच कमर्शियल ब्रेक होने पर होता है। थोड़ा आगे सड़क पर पत्तियां बिखरी हुई थीं। मानों यूकेलिप्टिस के पेड़ ने हमारे रास्ते में पलक पांबड़े बिछा दिए हों। वीआईपी भाव ने मन पर कब्जा कर लिया।

एक मोर सड़क पर इतराता हुआ टहल रहा था। ऐसे जैसे सड़क रैंप हो और वह कोई सुंदर मॉडल। टहलते हुए मोड़ उचककर एक घर के अंदर टहलने लगा। पार्क के पास कुछ बच्चे नीचे उतरकर पोज देते हुए पालथी मारकर बैठे फोटो खिंचा रहे थे। टेढ़े होते हुए उंगली से वी बनाते हुए। फोटोबाजी के बाद बच्चे चले गए। टहलते हुए उस जगह से गुजरे जहां शाखा लगती है।

पुलिया पर बैठे हुए दो बुजुर्ग एक्जिट पोल की चर्चा करते हुए अपने जननायकों को ठेठ अंदाज में गरियाते हुए याद कर रहे थे। गाली निकालकर कुछ डायलॉग जो याद रह गए-अरे उसने पेंशन बंद करवा दी। अब तो मर गया वो। अरे ये भी जाएगा। मरेगा। दस साल से आंख मूंदे बैठा है। कुछ करना धरना नहीं बस झूठ बोलवा लेव। इसके बाद मुफ्त बंटने वाले अनाज की खराब क्वालिटी, महंगाई और दीगर समस्याओं का जिक्र करते हुए सरकार के प्रति मुक्तकंठ, सेंसर विहीन प्रेम प्रदर्शन करते रहे दोनों बुजुर्ग। अपन चुपचाप उनके द्वारा अभिव्यक्ति के अधिकार का उपयोग होते सुनते रहे। अपन तमाम सरकार समर्थक मित्रों की बातें भी इसी तरह सुनते रहते हैं। आजकल दुनिया में हर बात के समर्थन में अनगिनत रेडीमेड तर्क सर्वसुलभ हैं। हाल यह कि इंसान अपना कत्ल करने वाले के पक्ष में भी तर्क करते हुए अपनी गर्दन उसके सामने झुकाने में लिए तैयार रहता है-'ले भाई काट ले गर्दन मेरी बिना किसी संकोच के।'

शाखा में एक नए बुजुर्ग का स्वागत पहले से मौजूद बुजुर्गों ने 'युवा साथी' कहते हुए किया। मेसेजिंग घराने की बातचीत का पुराना चलन है यह। बिना 'बेबी' कहे लोगों को जवानी का एहसास नहीं होता। सारे 'बुजुर्ग बेबी' लोग आपस में मजे लेते हुए बतियाने लगे। अपन बाहर निकल आए। पार्क में कुछ बच्चे क्रिकेट खेलने के लिए टीम बना रहे थे। टीम बनाने के बाद बच्चों ने चंदा जमा करके 'दांव' लगाया। दस-दस, बीस-बीस रुपये इकट्ठा करके सौ रुपये का 'दांव' लगाया एक टीम ने। दूसरी ने उकसाते हुए कहा-'अरे, बढ़ा के दांव लगावो यार।'लेकिन शायद उस टीम के साथियों के पास और पैसा नहीं था इसलिए दांव आगे नहीं बढ़ा। खेल शुरू हुआ। ओपनिंग करने वाले बच्चे ने पहले ओवर में ही 20 रन बना डाले। बॉलर बिना विचलित हुए गेंद फेंकता रहा। ईंटों का विकेट था। एक बच्चा गेंदबाज के पास से अंपायरिंग कर रहा था। दूसरा अंपायर विकेट के पीछे फिसलपट्टी पर बैठा लेग अंपायर का रोल निभा रहा था। दूसरे ओवर की पहली गेंद टेढ़ी-मेढ़ी पड़ी। उस पर भी छक्का पड़ गया। कप्तान ने पहली गेंद के बाद ही बॉलर बदल दिया। खेल आगे बढ़ गया। अपन भी। रास्ते में यूट्यूब पर जस्टिस काटजू जी का इंटरव्यू सुनते गए। काटजू जी अपने अंदाज में बोल रहे थे। किसी सवाल के जवाब में एंकर को हड़का भी दे रहे थे-'आप सुनती तो हैं नहीं। हम जवाब दे तो रहे हैं।' काटजू जी के बेबाक इंटरव्यू के खत्म होने से पहले एंकर ने पूछा-'आप सरकार की इतनी खिलाफत करते हैं। कहीं आपके खिलाफ कोई कार्रवाई हो गई तो क्या होगा?' काटजू जी ने जवाब में दोहा सुनाया-चाह गई, मिटी, मनुआ बेपरवाह, जिनको कछू न चाहिए, वे शाहन के शाह। हमारा भी मन करता है कि अपन भी अपना यूट्यूब चैनल शुरू करें। रोजनामचा का वीडियो बनाया करें,लेकिन फिर सोचते हैं कि इतने यूट्यूब चैनल चल रहे हैं। एक ठो और चालू करके ध्वनि प्रदूषण फैलाने से क्या फायदा। लिखना होता रहे नियमित यही बहुत है। है कि नहीं?

# चुनावः सेटिंग या संयोग


रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

लोकसभा चुनाव संपन्न हो गए। ये पंक्तियां आप तक पहुंचने तक परिणाम धड़ाधड़ आ रहे होंगे। वही जनादेश होगा और तदानुसार सरकार का गठन होगा। हालांकि इस बीच यह देखने में आया है कि विपक्ष या अन्य स्वतंत्र संस्थाओं द्वारा पद्धति और व्यवस्था के प्रति जो भी आपत्तियां उठाईं गईं,उनमें एक भी मान्य नहीं हुई। फोरम कोई भी रहा हो। प्रारंभ में विपक्ष ईवीएम से चुनाव न कराकर बैलट से कराने की बात करता रहा है,जिसे सिरे से खारिज कर दिया गया। हालांकि साफ्टवेयर पद्धति है तो हैकिंग क्यों नहीं हो सकती है।

अमेरिका में बैलट से चुनाव होते हैं,जहां तकनीक अपनी उच्चतम स्थिति में है। पश्चात् यह बिंदु उठाया गया कि मशीनों से मतदान के बाद प्रदर्शित होने वाली वीवीपैट पर्चियों का कम से कम 50 प्रतिशत मिलान/गिनती करवा ली जाए,इससे ज्यादा पारदर्शिता आ जायगी। आखिर यह देश की सरकार बनाने का जनादेश है। यह विपक्षी प्रयास भी विफल रहा। विपक्ष ने एक छोटी सी यह मांग भी रखी कि गणना के समय पहले डाक मतपत्र गिनवा लिए जाए। इसे नहीं माना गया। हालांकि यह मांग चुनाव आयोग से फिर की जा रही हैं जिसके माने जाने की संभावना न के बराबर है। बताते चलें कि निर्वाचन आयोग गठन हेतु जो चयन समिति है,उसमें प्रधानमंत्री नामित उनकी कैबिनेट का एक मंत्री तथा लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष होता है। स्पष्ट है कि इसमें सत्तारूढ़ दल जो चाहेगा,वही होगा। यानी चुनाव आयोग और सरकार एक दूसरे के पर्यायवाची हो गए। कभी सुप्रीमकोर्ट ने कहा था कि जब तक चयन संबंधी कानून न बने, तब तक एक न्यायिक सदस्य भी इसमें रखा जाए। इसके बाद सरकार ने कानून बनाकर सुप्रीमकोर्ट की इस मंशा को विफल कर दिया और संप्रति यह समिति सरकार जैसी ही है। ऐसे में विपक्ष के प्रति चुनाव आयोग न्यायप्रिय कैसे होगा?

इस चुनाव आयोग ने संपन्न हुए चुनावों के शुरुवाती दो चरणों का मतदान प्रतिशत तत्काल कुछ और घोषित किया,लेकिन हफ्तों बाद लगभग पांच प्रतिशत की इसमें बढ़ोतरी करके आंकड़े बता दिए। यह सरासर संदेह उत्पन्न करने की स्थिति है। इससे एक करोड़ सात लाख मत ज्यादा पड़े बताए जा रहे हैं। इस बिंदु पर एक एनजीओ द्वारा सर्वोच्च न्यायालय में प्रार्थना की गई कि मतदान बाद तैयार किया गया फार्म 17 सी चुनाव आयोग अपनी वेब साइट पर शत प्रतिशत प्रख्यापित करे जिससे पारदर्शिता आ जाए,क्योंकि इस फार्म में किसी बूथ पर हुए मतदान की पूरी जन्म कुंडली रहती है। विपक्ष और लोकतांत्रिक संगठनों का दुर्भाग्य रहा कि उच्चतम न्यायालय ने यह प्रार्थना ठुकरा दी। कुल मिलाकर सांविधानिक मंचों पर सभी विपक्षी याचनाएं अमान्य ही रहीं। अब इसे प्रबल सत्ता पक्ष की जबरदस्त 'सेटिंग' कहा जाए या संयोग,यह तय करना बड़ा मुश्किल है। अनुमान जो जैसा लगावे। बहरहाल असहाय विपक्ष का दुर्भाग्य तो साफ नजर आ रहा है।

# बिजली की चार और उत्पादन इकाइयां ठप

## समय पर रखरखाव न होने से बंद हो रही इकाइयां, प्रदेश में संकट और गहराया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार :** प्रदेश में समय पर रखरखाव न होने से उत्पादन बिजली इकाइयां ठप हो रही हैं। अब तक करीब आधा दर्जन इकाइयां बंद होने से बिजली उत्पादन प्रभावित हो चुका है। कुछ इकाइयां अभी तक चालू नहीं हो पाई हैं। नतीजा यह है कि पावर कॉरपोरेशन को एनर्जी एक्सचेंज व अन्य स्रोतों से महंगी बिजली खरीदनी पड़ रही है। भविष्य में इसका असर उपभोक्ताओं की बिजली दरों पर पड़ना तय है।

बीते माह में भीषण गर्मी के कारण अब तक एनटीपीसी की ऊंचाहार इकाई के साथ ही, ओबरा, रोजा, ललितपुर, अनपरा, टांडा, बारा, जवाहरपुर व पारीछा की इकाइयों में उत्पादन ठप हो चुका है। सूत्रों के अनुसार राज्य विद्युत उत्पादन निगम के साथ ही केंद्रीय सेक्टर के बिजलीघरों का रखरखाव साल में एक बार होने का प्रावधान है, पर लगातर बिजली की मांग बने रहने व वित्तीय दिक्कतों के कारण इकाइयां का समुचित रखरखाव नहीं हो पा रहा है। स्थिति यह है कि उन्हीं इकाइयों का रखरखाव हो पा रहा है, जो इकाइयां तकनीकी कारणों से बंद हो जा रही हैं। इकाइयों के बंद होने पर उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन को एनर्जी एक्सचेंज से महंगी बिजली खरीदनी पड़ रही है। स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर के निदेशक अरुण कुमार मिश्रा ने बताया कि इकाइयों के लगातार बंद होने के बाद भी बिजली मांग के अनुसार लोगों को बिजली आपूर्ति मुहैया कराई जा रही है।

इधर, ललितपुर की छह सौ मेगावाट, रोजा की तीन सौ मेगावाट, अनपरा की पांच सौ मेगावाट व ओबरा सी की छह सौ मेगावाट क्षमता की इकाइयां बीती देर रात ठप हो गई। इससे प्रदेश में बिजली संकट बढ़ गया है। पिछले दिनों ठप हुई सिंगरौली की पांच सौ मेगावाट व अनपरा की पांच सौ मेगावाट की ठप इकाइयों को सोमवार को चालू करने के प्रयास जारी रहे। बिजली अभियंता रात में ही इन इकाइयों के चालू होने की उम्मीद जताते रहे, जबकि ओबरा सी के चार जून व अन्य इकाइयों के पांच जून को चालू होने की संभावना है।

### गर्मी को प्राकृतिक आपदा घोषित करे केंद्र सरकार: शैलेंद्र दुबे

बिजली की मांग को देखते हुए ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र भेजकर हीट वेव को प्राकृतिक आपदा घोषित करने की मांग की है। एआईपीईएफ के चेयरमैन शैलेंद्र दुबे ने पत्र की प्रति सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों को भी भेजी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश समेत उत्तर भारत में अत्यधिक गर्मी के कारण उत्तरी राज्यों में बिजली की मांग चरम पर है। 30 मई को उत्तरी क्षेत्र में रिकॉर्ड मांग 86.7 गीगावॉट पर पहुंच गई थी।

## ई-मंडी से 20,750 लाइसेंस जारी प्रक्रिया हुई आसान

**लखनऊ, अमृत विचार :** मंडियों में डिजिटल कारोबार के साथ लाइसेंस बनवाना भी आसान हो गया है। प्रदेश में ई-मंडी योजना से पिछले वर्ष 20,450 लाइसेंस जारी हुए हैं। इससे ऑनलाइन डिजिटल कारोबार को रफ्तार मिली है। ई-मंडी योजना के अंतर्गत डिजिटल कारोबार के लिए व्यापारियों के पास ई-लाइसेंस जरूरी है। इससे व्यापारी किसानों से ऑनलाइन कहीं से उनकी उपज खरीद सकते हैं। नई व्यवस्था लागू होने पर मंडी परिषद ने 2023-24 में 20,750 ई लाइसेंस बनाए हैं। इन लाइसेंस से कारोबारियों को बाहरी मंडियों से उपज खरीदने की सुविधा मिली है। जबकि पहले ऑफलाइन लाइसेंस जिला या स्थानीय मंडी स्तर तक होते थे। पिछले वर्ष समय की बचत के साथ ई-लाइसेंस से कारोबार बढ़ा है।

### इलाहाबाद हाईकोर्ट से

# जानकारी के अभाव में अंकों का गलत उल्लेख सेवा समाप्ति का आधार नहीं

विधि संवाददाता, प्रयागराज

- जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बदायूं के आदेश के बाद बर्खास्त किया गया था याची

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने चयन प्रक्रिया के मानदंड को स्पष्ट करते हुए कहा कि नियुक्ति की चयन प्रक्रिया में अगर किसी भी कारण से अंकों का गलत उल्लेख किया गया हो तो उम्मीदवारी रद की जा सकती है, लेकिन वर्तमान मामले में याची ने अंकों का सही उल्लेख किया है। अतः उसके चयन को रद करने का कोई आधार नहीं बनता है।

दरअसल वर्ष 2018 में प्राथमिक विद्यालयों में सहायक अध्यापकों के 69,000 पदों को भरने के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए। याची जनवरी 2019 में उक्त पद के लिए आयोजित लिखित परीक्षा में शामिल हुआ और 64.23 प्रतिशत अंकों के साथ सफल घोषित हुआ। वर्ष 2021 में उसने आवंटित संस्थान में अपनी सेवाएं देनी शुरू कर दीं। याची ने बताया कि हाईस्कूल के अंकों में उसे गणित में ग्रेस मार्क मिले थे, क्योंकि उसे यह नहीं पता था कि आवेदन करते समय प्राप्त कुल अंकों में ग्रेस मार्क नहीं जोड़ने हैं। अतः उसने ग्रेस मार्क्स को जोड़कर प्राप्त अंकों की गणना कर दी। इसी आधार पर याची के खिलाफ जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, बदायूं द्वारा आक्षेपित आदेश पारित किया गया, जिसके कारण वर्ष 2022 में उसे सेवा से बर्खास्त कर दिया गया। याची के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि आठ अनुग्रह अंकों की कटौती के बाद भी मेरिट सूची पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है, चूंकि याची के बाद चयनित उम्मीदवार ने केवल 63.93 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं, जबकि आठ अनुग्रह अंकों की कटौती के बावजूद याची ने 64.93 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। कोर्ट ने कहा कि जानकारी के अभाव में अंकों का गलत उल्लेख या निर्धारण किसी की सेवा समाप्ति का आधार नहीं हो सकता है।

कोर्ट ने याची को सहायक शिक्षक के पद पर नियमित करने की अनुमति देने के साथ ही संबंधित प्राधिकारी को उसके वेतन के भुगतान का निर्देश दिया।

# दुष्कर्म किया और खाते से निकाले 63.60 लाख

संवाददाता, अयोध्या

**अमृत विचार :** दुष्कर्म करने और पीड़िता व उसकी बहन के खाते से 63 लाख 60000 रुपये निकाल लेने के आरोपी को कोर्ट ने जमानत देने से इनकार कर दिया। यह आदेश विशेष न्यायाधीश एससी एसटी एक्ट शिवानी जायसवाल की अदालत से सोमवार को हुआ।

एससी एसटी एक्ट के विशेष लोक अभियोजक नरसिंह नारायण उपाध्याय ने बताया कि कैंट थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला एक शीतल पेय फैक्ट्री में काम करती है। उसके विभागाध्यक्ष श्रीकांत यादव ने 2 अक्टूबर 2019 को अपनी पत्नी की जन्मदिन पार्टी के बहाने से महिला को घर बुलाया और घर में पीने के पानी में कुछ मिलाकर पिला दिया। जिससे वह बेहोश हो गई। बेहोशी की हालत में श्रीकांत ने उसके साथ दुष्कर्म किया और अश्लील तस्वीरें खींच ली। होश में आने पर डराया धमकाया कि किसी से बताया तो अश्लील तस्वीरें पूरे शहर में पोस्टर बना कर लगा दूंगा। पीड़िता भयभीत हो गई। कुछ दिन बाद इसी फैक्ट्री में काम करने वाले श्रीकांत यादव के भतीजे शशिकांत यादव ने भी पीड़िता को अश्लील तस्वीरों के सहारे ब्लैकमेल करके उसके साथ दुष्कर्म किया। इस घटना के बाद तस्वीर वायरल करने की धमकी देते हुए वादिनी और उसकी जुड़वा बहन का एटीएम कार्ड जबरन लेकर 63 लाख 60 हजार रुपये भी निकाल लिए।

## खतौनी के काम में ढिलाई बरतने वालों पर होगी कार्रवाई

**लखनऊ, अमृत विचार :** मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने राजस्व विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए रियल टाइम खतौनी के काम में ढिलाई बरतने वालों पर कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। इस दौरान उन्होंने दस जिलों- शामली, फर्रुखाबाद, अमेठी, कुशीनगर, सुल्तानपुर, अमरोहा, मुरादाबाद, कासगंज, सिद्धार्थनगर व अम्बेडकर नगर में रियल टाइम खतौनी का कार्य पूरा होने पर प्रसन्नता भी प्रकट की। दरअसल, रियल टाइम खतौनी से भूमि संबंधी विवादों पर न केवल अंकुश लगेगा बल्कि जमीन बेचने वाले का नाम खारिज कर खरीददार का नाम तत्काल दर्ज होगा। तुरंत यह विवरण ऑनलाइन भी हो जाता है।

# मतगणना धीमी की जा सकती है, बत्ती हो सकती है गुल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- अखिलेश यादव ने मतगणना में धांधली की जतायी आशंका



**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने भाजपा पर आरोपों की झड़ी लगाते हुए मतगणना में धांधली की आशंका प्रकट की है। सोमवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक पत्रकार वार्ता में सपा प्रमुख ने कहा कि हो सकता है भाजपा कॉउंटिंग धीमी करवा दें और रात में बत्ती गुल करवा दें। उन्होंने कहा कि एग्जिट पोल करने वाली कंपनियों से यह सवाल पूछा जाना चाहिए कि क्या वे भाजपा के बूथ प्रबंधन का काम नहीं करती रही हैं? भाजपा पर तंज कसते हुए अखिलेश यादव ने अपनी बात की शुरुआत में कहा- जितनी ऊंचाई पर जाकर कटती है पतंग, उतना ही बड़ा होता है उसका पतन।

लोकसभा चुनाव-2024 के एग्जिट पोल सामने आने के बाद पहली बार पत्रकारों से बात कर रहे अखिलेश यादव ने दावा किया कि इंडी गठबंधन उप्र. में सबसे ज्यादा सीटें जीतेगा। उन्होंने कहा कि हमारे आंतरिक सर्वे में विपक्षी गठबंधन को आ रही सीटों का नंबर बहुत बड़ा है। अखिलेश यादव ने भाजपा पर सामाजिक सद्भाव बिगाड़ने, माब लिंचिंग, मुनाफ़खोरी को बढ़ावा देने, गलत वैक्सीन लगवाने जैसे तमाम आरोप लगाए।

## अफजाल अंसारी के मामले की सुनवाई अब 2 जुलाई को

**प्रयागराज, अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट में गाजीपुर सांसद अफजाल अंसारी के मामले में सोमवार को हुई सुनवाई के दौरान प्रदेश सरकार और बीजेपी के पूर्व विधायक कृष्णानंद राय के परिवार की अर्जियों पर औपचारिक तौर पर अपीलकर्ता अफजाल अंसारी के अधिवक्ताओं ने आपत्ति दाखिल की। अफजाल अंसारी ने रविवार को प्रयागराज जाकर हाईकोर्ट में जरूरी औपचारिकताएं पूरी कर दी थीं, जिससे सोमवार को सुनवाई में कोई समस्या न हो। अब इस मामले की सुनवाई 2 जुलाई को होगी। गाज़ीपुर एमपी/ एमएलए कोर्ट से पिछले साल गैंगस्टर एक्ट के तहत मिली 4 साल की सजा के आदेश को अफजाल अंसारी ने हाईकोर्ट में चुनौती दी है।

# पाक्सो एक्ट के तहत आरोपी प्रिंसिपल के मामले में सरकार से जवाब-तलब

विधि संवाददाता, प्रयागराज

- पीड़िता के पिता ने प्रधानाचार्य के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई थी

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पाक्सो एक्ट के तहत आरोपी एक प्रिंसिपल के मामले में सुनवाई करते हुए पीड़ित पक्ष को नोटिस जारी किया और सरकार को मामले में जवाबी हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की एकलपीठ के समक्ष हुई।

आरोपी प्रधानाचार्य डॉ. राजीव पांडेय के खिलाफ आईपीसी और पाक्सो एक्ट की धाराओं के तहत पुलिस स्टेशन- वेव सिटी, गाजियाबाद में 22 अगस्त 2023 को पीड़िता के पिता सुशील यादव द्वारा मामला पंजीकृत करवाया गया। प्राथमिकी में आरोप लगाया गया है कि किसान आदर्श हायर सेकेंडरी स्कूल, गाजियाबाद के प्रधानाचार्य किसी न किसी बहाने से पीड़िता को अपने ऑफिस में बुलाते थे और उसके साथ अश्लील हरकतें करते थे। जानकारी होने पर शिकायतकर्ता अपने वार्ड के पार्षद श्रीमती परमोश यादव के साथ स्कूल गए और वहां पर पार्षद ने स्कूल की अन्य छात्राओं से बात की तो पता चला कि अधिकांश छात्राएं पीड़ित हैं। कक्षा 7, 8, 9, 10 की छात्राओं ने स्वहस्ताक्षरित पत्र भी पार्षद जी को दिए, जो याचिका में संलग्न किए गए हैं। मामले की अगली सुनवाई आगामी 3 जुलाई 2024 को सुनिश्चित की गई है।

## धर्म दर्शन

# पौराणिक नदी सरयू



डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

अंग्रेजों की घाघरा या गोगरा, उत्तर प्रदेश के पश्चिमी भागों की शारदा, किंतु धर्मप्राण सनातनियों और बहुसंख्यक हिन्दुओं की परम पुनीत सरयू नदी को ही 'रामप्रिया' तथा 'देविका' नाम से भी संबोधित किया गया है। इसकी यशोगाथा के चतुर्दिक प्रचार में सराहनीय भूमिका निभाने वाले ब्राह्मणों का सम्मानित संबोध नहीं 'सरयूपारीण' बन गया है।

रामायण में राजा दशरथ की राजधानी तथा मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की जन्मस्थली अयोध्या की चरण पखारने वाली पवित्र नदी सरयू, श्रीराम के जन्म से लेकर उनके वनगमन, पुनरागमन और अंत में स्वयं में जलसमाधि के साथ, महाप्रयाण की साक्षी रही है। करोड़ों लोगों की आस्था का आकर्षण केन्द्र रही है, श्री राम की प्रिया 'रामप्रिया' सरयू या 'सरजूमाई'।

अयोध्या की युगयुगीन पहचान रही है। साधु-संतों तथा तपस्वियों की पूजनीय और असंख्य श्रद्धालुओं की पाप नाशिनी सरयू। चिकित्सा विज्ञान में भी सरयू के जल में औषधीय गुणों का समावेश वर्णित है। रामचरितमानस में महाकवि तुलसीदास ने स्वयं श्रीराम के मुख से अयोध्या पुरी तथा सरयू नदी की महिमा का बखान इस चौपाई में करा किया है- 'अवधपुरी मम पुरी सुहावनि। उत्तर दिशि बह सरयू पावनि।।' मानस का यह कथन, अथर्ववेद की उस उक्ति का स्मरण दिला देता है, जहां अयोध्या को 'ईश्वर पुरी' कहा गया है।

महाभारत के आदि पर्व (169/20-21) में सरयू की गणना हिमालय के स्वर्ण शिखर से निकलने वाली गंगा की सात धाराओं में की गई है और कहा गया है कि जो इसका जल पीते हैं, उनके पाप नष्ट हो जाते हैं। महाभारत के सभापर्व (8/22) में उनकी वरुण की सभा में उपस्थिति और वरुण की उपासना उल्लिखित है। पाण्डवों की राजधानी इन्द्रप्रस्थ से जरासंध की राजधानी गिरिव्रज को जाते समय श्री कृष्ण, अर्जुन तथा भीमसेन ने इसको पार किया था (सभा.20/28)। वनपर्व (222/22) में सरयू को अग्नि की उत्पत्ति का स्थान बताया गया है।

भीष्म पर्व (2/19) के अनुसार यह भारत की उन सात नदियों में एक है जिसका जल वहां की प्रजा पीती है। अनुशासन पर्व (155/23-24) में अंकित है कि वसिष्ठ जी कैलास की ओर जाती हुई गंगा को मानसरोवर लाए। यहां आते ही गंगा ने मानसरोवर का बांध तोड़ दिया था। सरोवर के भेदन से निकले जलस्रोत का नाम सरयू पड़ा। स्पष्ट है कि यहां मानसरोवर से गंगा की उत्पत्ति संकेतित है।

# बरगद की आराधना का पर्व



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

ज्येष्ठ माह के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि से अमावस्या तक उत्तर भारत और इसी माह के शुक्ल पक्ष में इन्हीं तिथियों में दक्षिण भारत में वट सावित्री का व्रत और पूजा आस्था के साथ सौभाग्यवती महिलाएं अपने अखंड और दीर्घकाल तक के सौभाग्य के लिए करती हैं।

वट प्रजाति के वृक्षों में बरगद के साथ पीपल, गूलर, पाकर, ढेसूर पेड़ शामिल हैं। अपनी टहनियों से स्वयं को वेष्टित (स्वयं को लपेट लेना) करने के कारण ये वटवृक्ष हैं। इसमें सबसे अधिक वेष्टन करने वाला वृक्ष बरगद ही है। ढेसूर तो चट्टानी पहाड़ों के पत्थरों पर उगता है, पीपल अहर्निश आक्सीजन देता है, लेकिन बरगद तो धरती को आग का गोला होने से बचाता है। केवल भारत में नहीं, बल्कि कई विकसित देशों में इन पेड़ों का नामकरण धर्म के साथ जोड़कर फाइबर रिलीजियस, फाइकस ग्लूमेरेटियस आदि से किया गया है। अरब देशों में भी भारत में पूजे जाने वाले अनेक वृक्षों को महत्व दिया जाता है। इस तरह के वृक्षों को आजाद-ए-दरख्त-ए-हिन्द कहा जाता है। वट-सावित्री व्रत के दौरान बरगद की विधिवत पूजा की जाती है। तीन दिन के व्रत में पहले दिन एक वक्त आहार (नक्तव्रत) लेकर व्रत का संकल्प, दूसरे दिन फलाहार और अंतिम दिन अमावस्या को पेय पदार्थो के साथ व्रत का विधान है।

तीन दिवसीय जितने व्रत हैं उसमें इन नियमों का पालन करने का विधान है। सबसे पहले विमाता सुरुचि के अपमान से आहत उत्तानपाद के पुत्र बालक ध्रुव ने 15-15 दिनों तक इस नियम का पालन किया था। जिस पर प्रसन्न होकर स्वयं नारायण को आना पड़ा था। इन व्रतों के माध्यम से मानव खुद को प्रकृति के साथ संघर्ष और तालमेल दोनों बनाता है। वटसावित्री व्रत की मान्यता तो सत्ययुग में पतिव्रता सावित्री द्वारा अपने पति को कठोर तपस्या के बल पर यमराज के बंधन से मुक्त कराने से जुड़ी है, लेकिन त्रेता में श्रीराम एवं द्वापर में योगेश्वर श्रीकृष्ण ने भी इन पेड़ों की पूजा की।


## वर्ग पहेली-90

**बाएं से दाएं**

1. बड़े पर्वत या पहाड़ के पास का भाग जहां से पहाड़ की चढ़ाई शुरू होती है, पहाड़ी।
5. 1. छोटे-छोटे कीड़े 2. कीटाणु समूह।
6. छोटी नालियों आदि को पार करने के लिए लोहे या लकड़ी से निर्मित छोटा पुल।
8. 1. परोसा हुआ भोजन 2. वह पत्तल जिसमें एक आदमी के खाने-भर का भोजन रखा गया हो।

**ऊपर से नीचे**

2. 1. वह व्यक्ति जो पुरुषों में श्रेष्ठ हो 2. परमात्मा 3. विष्णु।
3. ऐसी भूमि जो निश्चित और नियत रूप से ख़िराज देने की व्यवस्था के लिए अधिगृहीत की गई हो।
4. 1. मोटी
7. मज़बूत रबर की गेंद और जालीदार बल्ले (रैकिट) की सहायता से खेला जाने वाला एक प्रतियोगी खेल जिसमें दोनों तरफ़ एक-एक या दो-दो खिलाड़ी रहते हैं।



### वर्ग पहेली -89 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 मं | था | न | | 2 सं | पा | त |
| दि | | | | को | | |
| र | | | | च | | 3 गो |
| | 4 अ | पो | 5 ह | न | | टी |
| | भि | | म | | 6 ठे | |
| 7 ख | जा | | 8 पा | ठि | क | |
| | त | | या | | ना | |

## सुडोकू-3

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | | 6 | | | 7 | |
| | 3 | | | | 2 | 6 | | 9 |
| | 8 | 2 | | | | 1 | | |
| 2 | | 4 | | | 6 | | | |
| 8 | | 6 | 1 | | 9 | 4 | | 2 |
| | | | 7 | | | 8 | | 5 |
| | | 7 | | | | 3 | 4 | |
| 1 | | 3 | 5 | | | | 2 | |
| | 6 | | | 3 | | 5 | | |

### सुडोकू -2 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 8 | 2 | 3 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 8 | 2 | 1 | 9 | 3 |
| 1 | 3 | 5 | 7 | 4 | 9 | 6 | 8 | 2 |
| 3 | 7 | 9 | 6 | 5 | 4 | 2 | 1 | 8 |
| 6 | 5 | 8 | 1 | 2 | 3 | 7 | 4 | 9 |
| 2 | 4 | 1 | 8 | 9 | 7 | 5 | 3 | 6 |
| 5 | 9 | 6 | 4 | 1 | 8 | 3 | 2 | 7 |
| 4 | 2 | 3 | 9 | 7 | 5 | 8 | 6 | 1 |
| 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 6 | 9 | 5 | 4 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 4 जून मंगलवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-त्रयोदशी 22.01 तक तत्पश्चात चतुर्दशी।

**मेष:** आज आप लोगों से काफी अच्छी तरह से बात करेंगे जिससे लोग आपसे प्रभावित रहेंगे। स्वादिष्ट भोजन का आनंद ले सकते हैं। शेयर मार्केट में निवेश को लेकर उत्साहित रहेंगे। अपनी परिस्थितियों को लेकर के रोष समाप्त होगा। धन कमाने के नए मौके मिल सकते हैं।

**वृष:** आज दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने से पूर्व उसे अच्छी तरह से जांच लें। भविष्य को लेकर काफी आशान्वित रहेंगे। विदेशी भूमि से कारोबार अथवा नौकरी के ऑफर मिल सकते हैं। आपका धन काफी खर्च हो सकता है।

**मिथुन:** आज जॉब में आपकी पदोन्नति हो सकती है। विद्यार्थी पढ़ाई के साथ व्यवसाय को लेकर भी विचार कर सकते हैं। सहकर्मियों के ऊपर आपका प्रभाव बढ़ेगा। आप काफी प्रसन्न रहेंगे। दांपत्य संबंध काफी रोमान्टिक होने वाले हैं।

**कर्क:** आज अटके हुए मामलों को अपने पक्ष में कर लेंगे। यदि आप किसी से प्रेम करते हैं तो उनसे अपने हृदय की बात कह सकते हैं। धनी और प्रभावशाली लोगों से आपका संपर्क मजबूत होगा। स्वास्थ्य समस्याओं का निवारण होगा।

**सिंह:** आज आपसे काफी प्रभावी लोग जुड़ेंगे जो आपको अच्छे प्रपोजल भी दे सकते हैं। युवा लोग नए कारोबार को लेकर उत्साहित रहेंगे। इंटरव्यू आदि में उत्तम सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। आप परिस्थितियों को समझने में चूक कर सकते हैं।

**कन्या:** आज आप कुछ अधार्मिक हो सकते हैं। धन उधार देने से बचें। कानूनी मामलों को फिलहाल टालना ही हितकर होगा। आपको अपने भविष्य को लेकर कुछ चिंता होगी। विवादित विषयों पर टिप्पणी न करें।

**तुला:** आज सेहत से जुड़ी परेशानियों का निवारण होगा। आय के दूसरे स्रोतों पर काम करने के लिए समय उत्तम है। विपरीत लिंग के लोग आपसे ज्यादा आकर्षित हो सकते हैं। आप काफी अच्छे मूड में रहेंगे। अध्यात्मिक विचारों के प्रभाव में हो सकते हैं।

**वृश्चिक:** आज पैतृक संपत्ति आपको प्राप्त हो सकती है। प्रतियोगी परीक्षाओं के परिणाम आपके पक्ष में होंगे। व्यवसाय में पार्टनर्स के साथ आपके संबंध अच्छे होंगे। समाज से जुड़े कार्यों में आपकी सक्रियता बढ़ेगी। बच्चे स्पोर्ट्स में विशेष रुचि ले सकते हैं।


**धनु:** आज प्रेमी जन को महंगा उपहार दे सकते हैं। यदि आप व्यवसायी हैं तो आप अपने एकाउन्ट्स को लेकर काफी सतर्क रहें। कुछ लोग आपके साथ धोखाधड़ी कर सकते हैं। आपकी दिनचर्या में अच्छी आदतें जुड़ सकती है।

**मकर:** आज राजनीति से जुड़े लोगों को बहुत अच्छी खबरें मिल सकती है। आप लोगों के लिए काफी सम्मानित रहेंगे। अपने कौशल विकास पर आप ध्यान दे सकते हैं। विद्यार्थियों के लिए दिन काफी अच्छा है। परीक्षा परिणाम आपके पक्ष में हो सकते हैं।

**कुंभ:** आज व्यवसाय में अपनी कार्ययोजना में सुधार करेंगे। आप घर में भी साफ-सफाई पर काफी ध्यान देंगे। नए वस्त्र अथवा महंगे इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरणों पर धन खर्च होगा। ऐसे सभी कार्य जो अटके हुए थे, वह पूर्ण रूप से सुलझ सकते हैं।

**मीन:** आज तीर्थ क्षेत्र की यात्रा की योजना बना सकते हैं। नए विषयों के अध्ययन में रुचि लेंगे। जीवनसाथी आपका काफी ध्यान रखेगा। आप धन को लेकर थोड़े चिंतित रहेंगे, लेकिन परिजन के विषय में खबर सुनकर मन प्रसन्न होगा।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-भरणी 22.35 तक तत्पश्चात कृत्तिका।

## आज की फिल्में

B4U Movies: करिश्मा कुदरत का — सुबह : 10.11; जागृति — शाम : 05.00

&pictures: चुप — सुबह : 10.53; रुस्तम — रात : 08.00

Sony Pix: रैमपेज — सुबह : 10.21; मॉन्स्टर हंटर — रात : 07.12

Zee Cinema: लाडला — सुबह : 09.35; सत्याग्रह — रात : 07.25

Colors Cineplex: मोहब्बत — दोपहर : 12.00; देवदास — रात : 06.00

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर रात : 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

टीचर- दिल्ली से आगरा की दूरी 210 किमी है तो मेरी उम्र क्या है?
स्टूडेंट- 50 वर्ष।
टीचर- सही है, कैसे पता चला?
स्टूडेंट- मेरे भाई की उम्र 25 वर्ष है और वो आधा पागल है।

पति- मैं नाश्ता नहीं करूंगा, लेट हो रहा है।
पत्नी- मैंने पराठे आज वाइन डालकर बनाए हैं।
4 पराठे के बाद पति- मजा आ गया, कौन सी वाइन डाली थी?
पत्नी- अजवाइन।

अमृत विचार
www.amritvichar.com
बरेली, मंगलवार, 4 जून 2024

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**–शिवालिक 970 फ्लेग 1085 डीएमओ 855 बोल्ड 1145, **सम्भल-चन्दौसी**–शिवालिक 970 फ्लेग 1100 बोल्ड 1150 डीएमओ 850।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**–तुलसी 2070, राज श्री 1410, फॉर्चुन कि. 1750, रविन्द्रा 1960, फॉर्चुन ली. 1610, जय जवान 1510, सरिया 1545, सूरज 1535, अवसर 1650, राग गोल्ड 1630, गुड़्णी 1520, क्लासिक (किलो) 1700, मीर 1655, चक्र टिन 1880, ब्लू 1640, आशीर्वाद मस्टर्ड 1915, स्वास्तिक 2040, **किराना (प्रति कु.)**–हल्दी निजामाबाद 20200, जीरा 38500, लाल मिर्च 20000–28500, धनिया 9000–11000, अजवायन 16000–24000, मेथी 7400, सौंफ 9000–13000, सोंठ 41000, (प्रति किलो) लौंग 920–1000, बादाम 580–680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140–180, मखाना 650–950, **चावल (प्रति कु.)**–डबल चाबी सेला 10100, स्वाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4500, महबूब सेला 4550, गोरी रॉयल 9500, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल न्या 10500, जैनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4450, खजाना 4450, **दाल दलहन**–मूंग दाल इंदौर 11500, मूंग धोवा काला क्राउन 11000, राजमा चित्रा 13300–14600, राजमा भूटान न्या 12200, मलका काली 6850–7300 मलका दाल 7575–7900, मलका छोटी 7650, दाल उड़द बिलासपुर 10300–11200, मसूर दाल छोटी 9000–9600, दाल उड़द दिल्ली 12200, उड़द साबुत दिल्ली 11900, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900–12900, दाल चना 8500, दाल हिंदुस्तान 8700, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 9400, चना अकोला 8200, डबरा 9000–11500, सब्बा हीरा 10700, मोटा हीरा 11900, अरहर गोला मोटा 15800, अरहर पटका मोटा 16400, अरहर कोरा मोटा 16800, अरहर पटका छोटी 15600–15900, अरहर कोरी छोटी 17600, **चीनी**–डालमियां 4190, पीलीभीत 4150, नवाबगंज 4140, बहेड़ी (नई) 4150 रुपये।

# विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर में आई गिरावट

## पीएमआई सर्वेक्षण के मुताबिक मई में घटकर 57.5 हुआ, इससे पहले अप्रैल में 58.8 था

नई दिल्ली, एजेंसी



भारत के विनिर्माण क्षेत्र में मई में लगातार दूसरे महीने वृद्धि दर धीमी रही, लेकिन वैश्विक बिक्री में 13 वर्षों में सर्वाधिक वृद्धि के साथ यह क्षेत्र विस्तार की स्थिति में बना रहा। सोमवार को जारी एक मासिक सर्वेक्षण में यह बात सामने आई।

मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) मई में घटकर 57.5 हो गया जो अप्रैल में 58.8 था। मार्च में सूचकांक 16 वर्ष के उच्चतम स्तर 59.1 पर पहुंच गया था। पीएमआई के तहत 50 से ऊपर सूचकांक होने का मतलब उत्पादन गतिविधियों में विस्तार है जबकि 50 से नीचे का आंकड़ा गिरावट को दर्शाता है। एचएसबीसी की वैश्विक अर्थशास्त्री मैत्रेयी दास ने कहा-विनिर्माण क्षेत्र मई में विस्तार के दायरे में रहा, यद्यपि इसकी गति धीमी रही जिसका कारण नए ठेकों और उत्पादन में मंदी रही। दास ने कहा कि मंदी का कारण भीषण गर्मी के बीच कामकाजी घंटों में कमी और उत्पादन लागत में वृद्धि बताया जा रहा है। सर्वेक्षण के अनुसार, प्रतिस्पर्धा और चुनाव संबंधी व्यवधानों के कारण वृद्धि अवरुद्ध हुई है। कुल बिक्री के रुझान के विपरीत मई में नए निर्यात ठेकों में तीव्र गति से वृद्धि हुई है।

अंतर्राष्ट्रीय बिक्री में यह उछाल 13 वर्षों में सबसे अधिक रहा, क्योंकि विनिर्माताओं को अफ्रीका, एशिया, अमेरिका, यूरोप और पश्चिम एशिया के कई देशों में ग्राहकों से लाभ प्राप्त हुआ है। साथ ही मार्च 2005 में आंकड़ा संग्रहण शुरू होने के बाद से विनिर्माण क्षेत्र में रोजगार में सबसे अधिक वृद्धि देखी गई है।

### वर्ष 2047 तक भारत दुनिया की महाशक्ति बन जाएगाः अमिताभ कांत



भारत के जी–20 शेरपा और सरकारी शोध संस्थान नीति आयोग के पूर्व मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अमिताभ कांत ने कहा है कि 2047 तक भारत दुनिया की महाशक्ति बन जाएगा और यह सदी हमारे देश के नाम रहेगी। उन्होंने कहा–भारत अब दुनिया की महाशक्ति बनने की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। अर्थव्यवस्था के विस्तार में डिजिटल अभियान क्रांतिकारी कदम साबित हो रहा है। आयकर विभाग के प्रधान आयुक्त प्रताप सिंह की किताब इंडिया ओडिसी : फ्रॉम ए डेवलपिंग कंट्री टू एन इमर्जिंग सुपरपावर का विमोचन करने के बाद कांत ने यहां आयोजित एक कार्यक्रम में यह बात कही। कांत ने कहा–एक दशक पहले भारत पांच कमजोर अर्थव्यवस्थाओं में से एक था, लेकिन आर्थिक सुधारों के दम पर केवल पांच साल में यह दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बन गया है।

### निवेश की गूढ़ बातों को सरल तरीके से बताएगा सेबी का साथी ऐप

**नई दिल्ली।** पूंजी बाजार नियामक सेबी ने निवेशकों के लिए व्यक्तिगत वित्त पर मोबाइल ऐप साथी 2.0 दो पेश किया है। इस ऐप में गूढ़ वित्तीय धारणाओं को सरल तरीके से समझाने के उपाय किए गए हैं।

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने बयान में कहा-अद्यतन 'साथी' ऐप को उपयोगकर्ताओं के लिए आसान बनाया गया है। इसमें जटिल वित्तीय अवधारणाओं को सरल बनाने के उद्देश्य से व्यापक स्तर पर उपाय किये गये हैं। ऐप में वित्तीय 'कैलकुलेटर' शामिल हैं। इसमें केवाईसी प्रक्रियाओं, म्यूचुअल फंड, ईटीएफ, शेयर बाजारों में शेयर खरीदने और बेचने, निवेशक शिकायत निवारण व्यवस्था और ऑनलाइन विवाद समाधान (ओडीआर) मंच पेश करने के साथ उसका विश्लेषण उपलब्ध है।

# फिर विदेश में महका उत्तर प्रदेश का बासमती चावल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- गैर बासमती के निर्यात पर रोक लगने से बढ़ी कई देशों में चावल की मांग
- 2022-23 में 45,772 एमटी से 2023-24 में 53,523 एमटी पहुंचा निर्यात

**अमृत विचार :** विदेश में उत्तर प्रदेश के बासमती चावल की सुगंध फिर से महकने लगी है। गैर बासमती चावल के निर्यात पर प्रतिबंध लगने से पैदावार के साथ सुगंधित बासमती की मांग बढ़ी है। साथ ही पिछले तीन वर्ष के मुकाबले 2023-24 में निर्यात में इजाफा हुआ है। क्योंकि गैर बासमती चावल के निर्यात को बढ़ावा मिलने से बासमती की मांग कम हो गई। इसकी वजह गैर बासमती में चावल की कई प्रजाति और दाम कम होना रहा। इसलिए सरकार ने बासमती का निर्यात बढ़ाने के लिए पिछले वर्ष गैर बासमती चावल के निर्यात पर रोक लगाई थी। इस कड़े कदम से 2023-24 में प्रदेश से 53,523 मीट्रिक टन बासमती का निर्यात हुआ है। जिसकी कीमत 570 करोड़ रुपये है। जबकि 2022-23 में 45,772 मीट्रिक टन बासमती का निर्यात हुआ था। इसकी कीमत 466 करोड़ रुपये थी। गैर बासमती पर प्रतिबंध से किसानों को फायदा हुआ है।



**कीटनाशक पर प्रतिबंध लगने से सुधरी सेहतः** मुख्य रूप से प्रदेश में बासमती चावल की 30 जिलों में पैदावार होती है। यहां के किसान फसल को कीटरोग से बचाने के लिए कई तरह के हानिकारक पेस्टिसाइड इस्तेमाल करते हैं। इसके अवशेष चावल में रह जाते हैं। इस कारण से कई देश अपने मानकों के अनुसार चावल या अन्य खाद्य सामग्री नहीं लेते हैं। इस वजह से भी निर्यात नहीं बढ़ा। इसे देखते हुए सरकार ने बासमती की पैदावार करने वाले 30 जिलों में 10 कीटनाशक की बिक्री प्रतिबंधित की थी। इससे गुणवत्ता में सुधार आया है।

**इस तरह से घटा था निर्यात**

| | |
|---|---|
| 2020-21 | 1,07,265 एमटी |
| 2021-22 | 46,067 एमटी |
| 2022-23 | 45,772 एमटी |

**इन देशों में हुआ निर्यातः** सउदी अरब, कनाडा, यूएसए, साउस अफ्रीका, आस्ट्रेलिया आदि।

**बासमती की पैदावार वाले मुख्य जिलेः** बरेली, शाहजहांपुर, पीलीभीत, मुरादाबाद, बदांयू, रामपुर, कासगंज, सहारनपुर, शामली, अमरोहा, संभल मैनपुरी, औरैया, इटावा, कन्नौज, फर्रुखाबाद, एटा, हाथरस, फिरोजाबाद,, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, मुज्जफर नगर, मेरठ, हापुड़, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, आगरा, बिजनौर आदि।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 92,100 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 95,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 72,450 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 54,000–54,200 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 72,850 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 72,700 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 90,000 |
| चांदी तैयार | 90,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 72,400 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 71,400 |
| चांदी पक्की | 880 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 72,750 |
| चांदी आभूषण | 89,900। |

### सोने की कीमत में 200 और चांदी में 800 रुपये की आई गिरावट

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में गिरावट के रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोमवार को सोना 200 रुपये के नुकसान के साथ 72,450 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी है। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 72,650 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 800 रुपये टूटकर 92,900 रुपये प्रति किलोग्राम रह गयी। पिछले कारोबारी सत्र में यह 93,700 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक-जिंस सौमिल गांधी ने कहा कि दिल्ली के बाजारों में हाजिर सोने की कीमत (24 कैरेट) 72,450 रुपये प्रति 10 ग्राम रही, जो पिछले बंद भाव से 200 रुपये गिरावट है।



### डिब्बाबंद उत्पादों पर 100 प्रतिशत फलों के जूस के दावे हटाने का निर्देश

**नई दिल्ली।** खाद्य सुरक्षा नियामक एफएसएसएआई ने खाद्य व्यवसाय से जुड़े परिचालकों से विज्ञापनों के साथ-साथ डिब्बाबंद उत्पादों पर लगे 'लेबल' में 100 प्रतिशत फलों के जूस के दावों को तुरंत हटाने को कहा है।

एक आधिकारिक बयान के अनुसार, भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने खाद्य कारोबार से जुड़े सभी परिचालकों (एफबीओ) को निर्देश जारी कर कहा है कि वे फलों के जूस के डिब्बे पर लगे लेबल और विज्ञापनों से 100 प्रतिशत फलों के जूस के किसी भी प्रकार के दावे को तत्काल प्रभाव से हटा दें।

### दो हजार के 97.82 प्रतिशत नोट वापस आए : आरबीआई

**मुंबई।** आरबीआई ने सोमवार को कहा कि दो हजार रुपये मूल्य के 97.82 प्रतिशत नोट बैंकों में वापस आ गए हैं। चलन से हटाए गए केवल 7,755 करोड़ रुपये मूल्य के नोट अभी लोगों के पास हैं। आरबीआई ने 19 मई, 2023 को 2000 रुपये मूल्य के बैंक नोट को चलन से वापस लेने की घोषणा की थी। चलन में 2000 रुपये मूल्य के बैंक नोट का कुल मूल्य 19 मई, 2023 को कारोबार की समाप्ति पर 3.56 लाख करोड़ रुपये था। यह 31 मई, 2024 को कारोबार की समाप्ति पर घटकर 7,755 करोड़ रुपये रह गया। केंद्रीय बैंक ने कहा-इस प्रकार, 19 मई, 2023 तक चलन में 2000 रुपये के 97.82 प्रतिशत बैंक नोट बैंकिंग प्रणाली में वापस आ गए हैं। सात अक्टूबर, 2023 तक 2000 रुपये के बैंक नोट को जमा करने की सुविधा सभी बैंक उपलब्ध थी।



### अडाणी समूह के शेयरों में तेजी

**नई दिल्ली।** अडाणी समूह की सभी कंपनियों के शेयरों में सोमवार को तेजी आई। शेयर बाजार में भारी उछाल के बीच अडाणी पावर के शेयर में करीब 16 प्रतिशत की बढ़त दर्ज हुई। इससे समूह की 10 सूचीबद्ध कंपनियों का संयुक्त बाजार मूल्यांकन (मार्केट कैप) 19.42 लाख करोड़ रुपये हो गया।

## राष्ट्रीय

### दिल्ली में पानी की कमी से निपटने के लिए उच्चतम न्यायालय ने दिया आदेश

# 5 को यमुना रिवर बोर्ड की होगी आपात बैठक

नई दिल्ली, एजेंसी



भीषण गर्मी के बीच दिल्ली के जल संकट से जूझने पर उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को इस समस्या से निपटने के लिए 5 जून को अपर यमुना रिवर बोर्ड (यूवाईआरबी) की एक आपात बैठक बुलाने का आदेश दिया। यूवाईआरबी का गठन 1995 में किया गया था और इसके मुख्य कार्यों में यमुना नदी के पानी का लाभार्थी राज्यों के बीच आवंटन को नियंत्रित करना और दिल्ली में ओखला बैराज समेत सभी परियोजनाओं की समीक्षा एवं प्रगति पर नजर रखना भी है। इन राज्यों में उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) दिल्ली शामिल हैं।

न्यायमूर्ति पी के मिश्रा और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की अवकाशकालीन पीठ ने सुनवाई शुरू होने पर पूछा, सभी पक्षकारों की एक संयुक्त बैठक क्यों नहीं हो सकती? केंद्र तथा हरियाणा सरकार की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि यूवाईआरबी पहले ही इस मुद्दे पर विचार कर रहा है जहां हिमाचल प्रदेश, हरियाणा और दिल्ली समेत सभी राज्य पक्षकार हैं। उन्होंने कहा-इस सवाल पर विचार किया जा रहा है। बोर्ड ने हिमाचल प्रदेश को जानकारी उपलब्ध कराने के लिए कहा है कि उनके पास कितना अतिरिक्त पानी है। पीठ ने कहा कि आपात स्थिति के मद्देनजर इस मुद्दे से निपटने के लिए बोर्ड की बैठक कल बुलाई जा सकती है। इसने कहा कि केंद्र तथा दिल्ली, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश सरकार की ओर से पेश अधिवक्ताओं ने इस पर सहमति जताई कि राष्ट्रीय राजधानी में पानी की कमी के मुद्दे से निपटने के लिए यूवाईआरबी की एक बैठक बुलाई जाए। पीठ ने कहा-सुनवाई के दौरान सभी पक्ष सहमत हुए कि दिल्ली के नागरिकों के समक्ष पानी की कमी की समस्या का ऐसा समाधान होना चाहिए जिसमें सभी पक्षों के अधिकतम हित पूरे होते हों।'' इसने कहा कि वकील-सहमत हो गए हैं कि इस याचिका में उठाए मुद्दों का समाधान करने के लिए पांच जून को अपर यमुना रिवर बोर्ड की एक आपात बैठक होनी चाहिए और सभी अन्य संबंधित मुद्दों को गंभीरता से लिया जाए ताकि दिल्ली के नागरिकों के लिए पानी की कमी की समस्या का उचित तरीके से समाधान किया जा सके।

पीठ ने कहा कि इस मामले पर अगली सुनवाई छह जून को होगी जिसमें बोर्ड की बैठक और समस्या को हल करने के लिए पक्षकारों द्वारा उठाए गए सुझावात्मक कदमों पर जानकारी दी जाएगी। मेहता ने कहा कि बोर्ड के समक्ष रखे गए आंकड़ों के अनुसार, अगर दिल्ली में 100 लीटर पानी आता है तो निवासियों को केवल 48.65 लीटर पानी मिलता है।

### न्यायालय ने ईडी से कारोबारी की जमानत अर्जी पर मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने कथित दिल्ली आबकारी घोटाले से जुड़े धनशोधन के मामले में गिरफ्तार हैदराबाद के कारोबारी अरुण रामचंद्रन पिल्लई की अंतरिम जमानत अर्जी पर सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से जवाब मांगा। पिल्लई ने अर्जी दायर कर अदालत से चिकित्सा आधार पर अंतरिम जमानत देने का अनुरोध किया है।

न्यायमूर्ति दिनेश कुमार शर्मा की अवकाशकालीन पीठ ने ईडी को नोटिस जारी किया और उसे पिल्लई द्वारा जमा की गई मेडिकल रिपोर्ट को सत्यापित करने को कहा। अदालत ने जांच एजेंसी से अंतरिम जमानत अर्जी पर एक सत्यापन रिपोर्ट के साथ जवाब दाखिल करने को कहा और अगली सुनवाई 10 जून के लिए निर्धारित कर दी।

### जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव कराने की प्रक्रिया बहुत जल्द होगी शुरू

नई दिल्ली, एजेंसी

- मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने दी जानकारी



निर्वाचन आयोग ने सोमवार को कहा कि वह जम्मू एवं कश्मीर में विधानसभा चुनाव कराने की प्रक्रिया बहुत जल्द शुरू करेगा। मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान जम्मू एवं कश्मीर में मतदान प्रतिशत से निर्वाचन आयोग बहुत उत्साहित है, जो लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भाग लेने के लिए लोगों की उत्सुकता को दर्शाता है।

उन्होंने कहा-हम बहुत जल्द जम्मू एवं कश्मीर में विधानसभा चुनाव की प्रक्रिया शुरू करेंगे। हम बहुत उत्साहित हैं। यह सबसे संतोषजनक क्षणों में से एक है। लोकसभा चुनाव के दौरान जम्मू एवं कश्मीर में 58.58 प्रतिशत मतदान हुआ। यह चार दशकों में सबसे अधिक मतदान प्रतिशत है। उन्होंने बताया कि कश्मीर घाटी में लोकसभा सीटों पर 51.05% मतदान हुआ। मार्च में लोस चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा करते हुए कुमार ने कहा था कि विधानसभा और संसदीय चुनाव एक साथ कराना तार्किक और सुरक्षा कारणों से व्यावहारिक नहीं है।

### महाराष्ट्र में निवेश का झांसा देकर 3.70 करोड़ रुपये की ठगी

**ठाणे।** महाराष्ट्र पुलिस ने शेयर बाजार में निवेश का झांसा देकर लोगों से 3.70 करोड़ रुपये से ज्यादा की ठगी करने के आरोप में एक होटल के वेटर समेत दो लोगों को नवी मुंबई से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। साइबर प्रकोष्ठ के वरिष्ठ निरीक्षक गंजाम कदम ने कहा कि आरोपियों की पहचान होटल में वेटर के रूप में काम करने वाले सलमान निज़ामुद्दीन खान (35) और प्रकाश करमसी भानुशाली (39) के रूप में हुई है तथा दोनों नवी मुंबई के रहने वाले हैं। उनके मुताबिक, वे धोखाधड़ी के अन्य मामले में भी शामिल हैं। उन्होंने कहा है कि पुलिस ने आरोपियों द्वारा विभिन्न खातों में जमा की गई 46 लाख रुपये की अवैध रकम को बैंकों की मदद से जब्त कर लिया है।

## एक नजर

### उप राज्यपाल ने मंत्री आनंद का इस्तीफा राष्ट्रपति को भेजा

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उप राज्यपाल वी.के.सक्सेना ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अनुशंसा के बाद मंत्री राजकुमार आनंद का इस्तीफा राष्ट्रपति को भेज दिया है। राजनिवास के अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े मामले में अंतरिम जमानत पर जेल से बाहर रहने के दौरान केजरीवाल ने आधिकारिक पत्र में आनंद के इस्तीफे को स्वीकार करने की सिफारिश की थी। एक अधिकारी ने बताया, उप राज्यपाल ने कानून के तहत इस्तीफे को भारत के राष्ट्रपति को भेज दिया है।

### महिला आयोग ने बंगाल के दौरे की मांगी मंजूरी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय महिला आयोग अध्यक्ष रेखा शर्मा ने पश्चिम बंगाल में चुनाव बाद हुई कथित हिंसा की घटनाओं की जांच के लिए अपनी टीम वहां भेजने की अनुमति निर्वाचन आयोग से मांगी है। अध्यक्ष शर्मा ने यह अनुरोध आदर्श आचार संहिता के मद्देनजर मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार को संबोधित एक पत्र में किया। पत्र में संदेशखालि और बंगाल के अन्य क्षेत्रों में महिलाओं के खिलाफ पुलिस की ज्यादती और अत्याचार के बारे में रेखांकित किया गया है।

### कविता की न्यायिक हिरासत अवधि 3 जुलाई तक बढ़ी

नई दिल्ली, एजेंसी

- धनशोधन मामले में राजधानी की अदालत ने दिया फैसला



राष्ट्रीय राजधानी की राउज एवेन्यू अदालत ने धनशोधन मामले में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता कल्वाकुंतला कविता की न्यायिक हिरासत अवधि 3 जुलाई तक बढ़ा दी है। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने सुश्री कविता को राउज एवेन्यू अदालत में पेश किए जाने के बाद हिरासत बढ़ाने का आदेश दिया। उनकी हिरासत अवधि में विस्तार 29 मई को उनके खिलाफ दायर आरोप पत्र के मूल्यांकन के बाद अदालत द्वारा प्रोडक्शन वारंट को मान्यता दिए जाने के मद्देनजर किया गया है।

अदालत ने तीन सह-अभियुक्तों प्रिंस, दामोदर और अरविंद सिंह को भी जमानत दे दी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा जांच के दौरान गिरफ्तार किए बिना ही तीनों पर आरोप पत्र दायर किया गया था। सुश्री कविता को ईडी ने 15 मार्च को तेलंगाना के बंजारा हिल्स स्थित उनके आवास से गिरफ्तार किया था। वह वर्तमान में एमएलसी हैं और तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव की बेटी हैं। उन्होंने कथित तौर पर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सहित आप के सदस्यों के साथ मिलीभगत की थी। वहीं ईडी ने शराब नीति ढांचे में कई कथित अनियमितताओं को उजागर किया है।

#### मनीष सिसोदिया की जमानत याचिकाओं पर कोर्ट में सुनवाई आज

आप नेता मनीष सिसोदिया ने आबकारी नीति घोटाले के संबंध में ईडी और सीबीआई द्वारा दर्ज मामलों में जमानत याचिकाएं खारिज करने के दिल्ली उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देते हुए उच्चतम न्यायालय का रुख किया है। उच्चतम न्यायालय की वेबसाइट पर अपलोड की गई वाद सूची के अनुसार, न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की अवकाशकालीन पीठ मंगलवार को सिसोदिया की याचिकाओं पर सुनवाई करेगी। उच्च न्यायालय ने 21 मई को कथित घोटाले के संबंध में उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी थी।

### ताज एक्सप्रेस के तीन डिब्बों में लगी आग, यात्री सुरक्षित

नई दिल्ली, एजेंसी

- दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के सरिता विहार इलाके में हुआ हादसा

दक्षिण-पूर्व दिल्ली के सरिता विहार इलाके में सोमवार को ताज एक्सप्रेस के तीन डिब्बों में आग लग गई। अधिकारियों ने बताया कि हादसे में कोई घायल नहीं हुआ है और यात्री समय रहते प्रभावित डिब्बों से बाहर निकलने में सफल रहे। हालांकि आग लगने के कारणों का तत्काल पता नहीं चला।

दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के अधिकारी ने बताया कि हमें अपराह्न चार बजकर 24 मिनट पर ताज एक्सप्रेस के तीन डिब्बों में आग लगने की सूचना मिली। आग बुझाने के लिए दमकल के आठ वाहनों को मौके पर भेजा गया है और आग पर शाम पांच बजकर 43 मिनट पर काबू पा लिया गया। इससे पहले डीएफएस अधिकारियों ने चार डिब्बों में आग लगने की बात कही थी। पुलिस ने बताया कि शाम करीब चार बजकर 40 मिनट पर आग लगने की सूचना पुलिस नियंत्रण कक्ष (पीसीआर) को मिली। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि सूचना के बाद पुलिस कर्मी अपोलो अस्पताल के नजदीक स्थित घटनास्थल पर पहुंचे। घटनास्थल पर पहुंचने के बाद पाया गया कि ताज एक्सप्रेस के तीन डिब्बों में आग लगी है। ट्रेन रुकी हुई थी।

### सिक्किमः तमांग ने राज्यपाल से मुलाकात कर सरकार के गठन का पेश किया दावा

**गंगटोक।** सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग ने सोमवार को राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य से मुलाकात कर खुद को विधायक दल का नेता चुनने संबंधी एसकेएम के नवविर्वाचित विधायकों द्वारा पारित प्रस्ताव उन्हें सौंपा और अगली सरकार के गठन का दावा पेश किया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। राजभवन में राज्यपाल से हुई मुलाकात के दौरान सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा (एसकेएम) के सभी नवनिर्वाचित विधायक उनके साथ थे। आचार्य ने विधायकों को बधाई और शुभकामनाएं दीं। अधिकारी ने कहा कि तत्काल यह पता नहीं चल पाया है कि मुख्यमंत्री और उनके मंत्रिमंडल का शपथ ग्रहण समारोह कब होगा। निवर्तमान मुख्यमंत्री तमांग ने नई सरकार के गठन से पहले अपना इस्तीफा दिया था।

### भड़काऊ संदेश फैलाने के आरोप में एक व्यक्ति गिरफ्तार

**मंगलुरु।** मंगलुरु पुलिस आयुक्तालय की साइबर आर्थिक और मादक पदार्थ अपराध पुलिस के अधिकारियों ने कुछ सोशल मीडिया समूहों पर घृणा और हिंसा वाले बयान देने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आरोपी की पहचान उल्लाल निवासी सोजी अल्ताफ के रूप में की गई है। मंगलुरु के पुलिस आयुक्त अनुपम अग्रवाल ने बताया कि मंगलुरु में उल्लाल का रहने वाला सोजी अल्ताफ व्हाट्सऐप ग्रुप के माध्यम से एक भड़काऊ संदेश प्रसारित कर रहा था।

### हैदराबाद में दर्ज प्राथमिकी से अमित शाह और जी किशन रेड्डी का नाम हटा

हैदराबाद, एजेंसी

हैदराबाद पुलिस ने पिछले महीने चुनाव प्रचार में कथित तौर पर बच्चों के इस्तेमाल को लेकर दर्ज प्राथमिकी से गृह मंत्री अमित शाह और भारतीय जनता पार्टी की तेलंगाना इकाई के अध्यक्ष जी.किशन रेड्डी के नाम को हटा दिया है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी (टीपीसीसी) के उपाध्यक्ष जी.निरंजन ने राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) को शिकायत की थी कि एक मई को भाजपा की लालदरवाजा से सुधा टॉकीज तक निकाली गई रैली में शाह के साथ मंच पर कथित तौर पर कुछ बच्चे मौजूद थे। तेलंगाना के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने इस शिकायत को तथ्यात्मक रिपोर्ट के लिए शहर की पुलिस को भेज दिया था, जिसके बाद शाह, रेड्डी

**गृह मंत्री की रैली में कुछ बच्चे मौजूद रहने का मामला**




हैदराबाद लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार के.माधवी लता, विधायक टी राजा सिंह और पार्टी नेता टी.यमन सिंह के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि जांच में पाया गया कि अमित शाह और जी किशन रेड्डी की पूरे प्रकरण में कोई भूमिका नहीं थी। बताया कि मामले में पिछले सप्ताह अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया गया था।

### जेल में केजरीवाल का वजन तीन बार मापा गया, नहीं दिया गया कूलर

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के धन शोधन मामले में अंतरिम जमानत की अवधि पूरी होने के बाद तिहाड़ जेल में आत्मसमर्पण करने के एक दिन बाद आप के नेताओं ने सोमवार को आरोप लगाया कि जेल में उन्हें कूलर उपलब्ध नहीं कराया गया है और एक साजिश के तहत उनका वजन तीन बार मापा गया। तिहाड़ जेल अधिकारियों ने आप के नेताओं के दावे का खंडन करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री का वजन केवल एक मशीन से मापा गया और उन्हें कूलर उपलब्ध नहीं कराया गया है क्योंकि यह सुविधा अदालत के आदेश के बाद प्रदान की जाती है। वहीं तिहाड़ जेल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया-केजरीवाल का वजन 63.5 किलोग्राम है, जो रविवार को उनके आत्मसमर्पण के समय केवल एक बार मापा गया था। वजन मापने वाली मशीन में कोई दिक्कत नहीं थी। रक्तचाप और शर्करा सहित उनके अन्य मानक सामान्य हैं।

- आत्मसमर्पण एक दिन बाद आप के नेताओं ने लगाया आरोप

## खेल डायरी



सोमवार को कोलकाता में एक खेल पत्रिका को लॉन्च करते पूर्व क्रिकेटर सौरव गांगुली।

### अलीरेजा से हारे आर प्रज्ञाननंदा कार्लसन को एकल बढ़त

**स्टवांगर (नॉर्वे)।** भारत के भाई बहन की जोड़ी आर प्रज्ञाननंदा और आर वैशाली को नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट छठे दौर में हार का सामना करना पड़ा जबकि मैग्नस कार्लसन ने खराब फॉर्म में चल रहे डिंग लिरेन को हराकर 12 अंकों के साथ एकल बढ़त हासिल कर ली। अमेरिका के फैबियानो कारूआना ने हमवतन हिकारू नाकामुरा को हराकर छह खिलाड़ियों के बीच डबल राउंड रॉबिन आधार पर खेली जा रही इस प्रतियोगिता में कार्लसन को बढ़त हासिल करने में मदद पहुंचाई। प्रज्ञाननंदा को क्लासिकल मैच में फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा के खिलाफ थोड़ा संघर्ष करना पड़ा लेकिन वह इसके बाद आर्मगेडन टाईब्रेकर में हार गए। उनकी बहन वैशाली को चीन की विश्व महिला चैंपियन वेनजुन जू से हार का सामना करना पड़ा। अब जबकि चार दौर की बाजियां खेली जानी बाकी हैं तब शीर्ष पर काबिज कार्लसन के बाद नाकामुरा का नंबर आता है जिनके 11 अंक हैं जबकि प्रज्ञाननंदा 9 .5 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर बने हुए हैं।

### म्यूनिख विश्व कप में पदक की दौड़ में बरकरार ईशा

**म्यूनिख।** भारत की रमिता जिंदल कड़ी चुनौती पेश करने के बावजूद सोमवार को यहां महिला 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में छठे स्थान पर रही जबकि ईशा सिंह ने 25 मीटर स्पोर्ट्स पिस्टल स्पर्धा के क्वालीफिकेशन में छठे स्थान पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाकर आईएसएसएफ निशानेबाजी विश्व कप में पदक की उम्मीद बरकरार रखी। ओलंपिक चयन ट्रायल में दूसरे स्थान पर रही रमिता आठ निशानेबाजों के फाइनल में बाहर होने वाली तीसरे नंबर की निशानेबाज रहीं। उन्हें फाइनल में एकाग्रता टूटने के कारण 9 .9 और 9 .8 के दो खराब स्कोर का खामियाजा भुगतना पड़ा। विश्व चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता चीन की 17 साल की हुआंग यूटिंग (252 .7) ने अंतिम शॉट पर कोरिया की 16 साल की बेन ह्योजिन (252 .7) को पछाड़कर स्वर्ण पदक जीता। रमिता ने क्वालीफिकेशन में 633 .0 के स्कोर से चौथे स्थान पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाई थी। यूटिंग ने इस दौरान 635 .3 अंक के साथ क्वालीफिकेशन विश्व जूनियर रिकॉर्ड बनाया।

### वर्ल्ड एथलेटिक्स ने की नई वैश्विक चैंपियनशिप की घोषणा

**मोनाको।** एथलेटिक्स की वैश्विक संचालन संस्था वर्ल्ड एथलेटिक्स ने सोमवार को एक नई सत्रांत चैंपियनशिप की घोषणा की जिसमें एक करोड़ अमेरिकी डॉलर की रिकॉर्ड पुरस्कार राशि दी जाएगी और विश्व तथा ओलंपिक चैंपियन के साथ-साथ डाइमंड लीग विजेताओं के बीच मुकाबले से सत्र के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी तय होंगे। इस टूर्नामेंट का नाम 'वर्ल्ड एथलेटिक्स अल्टीमेट चैंपियनशिप' रखा गया है और इसका उद्देश्य व्यापक दर्शकों तक पहुंच बनाना है। ट्रैक एवं फील्ड के इतिहास में सबसे अधिक पुरस्कार राशि प्रदान करने वाली यह चैंपियनशिप 2026 के ट्रैक एवं फील्ड सत्र का समापन करेगी। बुडापेस्ट 11-13 सितंबर तक पहले टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा और चैंपियनशिप हर दो साल में आयोजित की जाएगी। चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक विजेताओं को 150,000 डॉलर मिलेंगे।

# विश्वकप के पहले सुपर ओवर में नामीबिया ने ओमान को हराया

## नामीबिया की जीत में ट्रम्पेलमैन और वीज चमके, दोनों टीमों ने बनाए 109 रन

ब्रिजटाउन, एजेंसी

रुबेन ट्रंपलमन 21 रन पर चार विकेट और डेविड वीजा तीन विकेट के हरफनमौला प्रदर्शन के साथ यान फ्रारायलिंक (45) रनों की बेहतरीन पारी से नामीबिया ने ग्रुप बी में टी-20 विश्वकप के तीसरे मैच में 109 रन पर टाई हुए मैच के सुपर ओवर में ओमान पर जीत दर्ज की है।

रविवार रात नामीबिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी ओमान की टीम को नामीबिया के गेंदबाजों ने शानदार गेंदबाजी का प्रदर्शन करते हुए 19.4 ओवर में 109 रन पर सिमेट दिया। ओमान की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने 10 रन पर अपने तीन विकेट गवां दिए। उसके बाद जीशान मकसूद (22) और खालिद केल (34) रन ने पारी संभालने का प्रयास किया। अयान खान (15) और शकील अहमद (11) रन बनाकर आउट हुए। नामीबियाई गेंदबाजों के आगे ओमान का कोई भी बल्लेबाज नहीं टिक सका। छह बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। नामीबिया की ओर से रुबेन ट्रंपलमन ने चार विकेट लिए। डेविड वीजा को तीन विकेट मिले। एरार्ड इरास्मस ने दो और बर्नार्ड स्कोल्ट्ज ने एक बल्लेबाज को आउट किया।



110 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी नामीबिया ने पहले ही ओवर में माइकल वैन लिंगेन (शून्य) का विकेट गवां दिया। निकोलस डेविन (24), कप्तान एरार्ड इरास्मस (13), जेन ग्रीन (शून्य) पर आउट हुए। यान फ्रारायलिंक ने सर्वाधिक 45 रनों की पारी खेली। ओमान की गेंदबाजों ने नामीबिया के बल्लेबाजों खुलकर बल्लेबाजी नहीं कर दी और नामीबिया निर्धारित 20 ओवर में छह विकेट पर 109 रन बनाकर मैच टाई करने में सफल रही। इसके बाद हुए सुपर ओवर में डेविड वीजा के ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए पहले सुपर ओवर की चार गेंदों पर 13 रन बनाए और फिर गेंदबाजी में 21 रन का बचाव करते हुए केवल 10 रन दिए। इससे पहले मैच के दौरान उन्होंने ओमान के तीन विकेट लिए थे तथा नाबाद नौ रन भी बनाए थे। सुपर ओवर में नामीबिया ने ओमान पर जीत दर्ज की। डेविड विजा ने उनके शानदान प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच मिला।

### विश्व कप के लिए रिकॉर्ड 11.25 मिलियन डॉलर के ईनाम की घोषणा

**न्यूयॉर्क।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने टी-20 विश्व कप के लिए रिकॉर्ड 11 .25 मिलियन डॉलर (करीब 93 करोड़ 51 लाख रूपये) पुरस्कार राशि का ऐलान किया है जिसमे से विजेता को 2 .45 मिलियन डॉलर (करीब 20 करोड़ 36 लाख रूपये) दिए जाएंगे। उपविजेता को 1 .28 मिलियन डॉलर मिलेंगे जबकि सेमीफाइनल हारने वाली टीमों को 787500 डॉलर दिये जाएंगे। पिछली बार कुल ईनामी राशि 5 .6 मिलियन डॉलर थी जिसमे से विजेता इंग्लैंड को 1 .6 मिलियन डॉलर मिले थे। आईसीसी ने कहा आईसीसी पुरूष टी-20 विश्व कप के नौवे सत्र में 20 टीमों के टूर्नामेंट के विजेता को 2 .45 मिलियन डॉलर ईनाम के तौर पर मिलेंगे जो टूर्नामेंट के इतिहास में सर्वोच्च ईनामी राशि है। इसके अलावा ट्रॉफी भी 29 जून को बारबडोस में फाइनल के बाद दी जाएगी। सुपर आठ से आगे नहीं जा पाने वाली चारों टीमों में से प्रत्येक को 382500 डॉलर दिये जाएंगे जबकि नौवें से 12वें स्थान की टीमों को 247500 डॉलर और 13वें से 20वें स्थान की टीमों को 225000 डॉलर मिलेंगे।

### संक्षिप्त स्कोर बोर्ड

**ओमान** : 109/10, 19 .4 ओवर।

**रन** : जीशान मकसूद 22, खालिद 34, शकील अहमद 11। **विकेट** : रुबेन ट्रंपलमन 4, वीज 3, इरासमूस 2।

**नामीबिया** : 109/6, 20 ओवर।

**रन** : निकोलस डाविन 24, जान निकोलास फ्राइलिनक 45, इरासमूस 13। **विकेट** : महरन खान 3, आकिब इलियास 1, बिलाल खान 1, अयान खान 1।

# स्कॉटलैंड के सामने इंग्लैंड, युगांडा के खिलाफ अफगानिस्तान दावेदार

ब्रिजटाउन (बारबडोस), एजेंसी

- रात 8 बजे होगा पूर्व चैंपियन इंग्लैंड और स्कॉटलैंड का मैच
- गयाना के प्रोविडेंस में खेलेगा अफगानिस्तान और युगांडा

बारिश के कारण तैयारियों को अंतिम रूप देने से महरूम रहा गत चैंपियन इंग्लैंड मंगलवार को यहां स्कॉटलैंड के खिलाफ टी-20 विश्व कप के अपने पहले मैच में जीत के साथ अपने अभियान की विजयी शुरुआत करने के इरादे से उतरेगा। फिल सॉल्ट इंडियन प्रीमियर लीग की शानदार फॉर्म को टी-20 विश्व कप में जारी रखना चाहेंगे जबकि तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर की वापसी से इंग्लैंड का गेंदबाजी आक्रमण मजबूत हुआ है।

स्वदेश में पाकिस्तान के खिलाफ चार मैच की टी-20 अंतर्राष्ट्रीय श्रृंखला बारिश से प्रभावित रही लेकिन इसके बावजूद इंग्लैंड खिताब के प्रबल दावेदार के रूप में उतरेगा और तीसरी बार खिताब जीतने का प्रयास करेगा। टी-20 प्रारूप में पहली बार स्कॉटलैंड का सामना करने जा रही जोस बटलर की अगुआई वाली इंग्लैंड की टीम केनसिंगटन ओवल में होने वाले मुकाबले में जीत की मजबूत दावेदार के रूप में उतरेगी। स्कॉटलैंड के अलावा इंग्लैंड के साथ ग्रुप बी में चिर प्रतिद्वंद्वी ऑस्ट्रेलिया, नामीबिया और ओमान को भी जगह मिली है। सुपर आठ चरण में जगह बनाने के लिए टीमों को अपने ग्रुप में शीर्ष दो में जगह बनानी होगी। सफेद



गेंद के क्रिकेट में टीम को वेस्टइंडीज के खिलाफ 50 ओवर और 20 ओवर दोनों प्रारूप की श्रृंखला में हार का सामना करना पड़ा।

वहीं दिन के दूसरे मैच में अफगानिस्तान की टीम गयाना के प्रोविडेंस में होने वाले मुकाबले में युगांडा के खिलाफ प्रबल दावेदार के रूप में उतरेगी। अफ्रीका की टीम टूर्नामेंट में पदार्पण कर रही है। अफगानिस्तान ने भारत में पिछले साल हुए आईसीसी एकदिवसीय विश्व कप में शानदार प्रदर्शन करते हुए इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका और पाकिस्तान जैसी टीमों को हराया था और टीम उस प्रदर्शन से आत्मविश्वास हासिल करने की कोशिश करेगी।

# भारतीय बल्लेबाज केदार जाधव ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

पुणे, एजेंसी

भारत और महाराष्ट्र के बल्लेबाज केदार जाधव ने राष्ट्रीय टीम के लिए आखिरी मैच खेलने के चार साल बाद सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की। भारत के लिए नवंबर 2014 में रांची में श्रीलंका के खिलाफ एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मुकाबले के साथ अंतर्राष्ट्रीय पदार्पण करने वाले 39 साल के जाधव ने 73 एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय और नौ टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मुकाबले खेले।

भारत के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के करीबी माने जाने वाले जाधव ने इस दिग्गज विकेटकीपर-बल्लेबाज की शैली में ही संन्यास की घोषणा की। जाधव ने 'एक्स' पर लिखा मेरे करियर के दौरान आपके प्यार और समर्थन के लिए धन्यवाद। मुझे क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लिया हुआ समझिए। जाधव रविवार को पुणे में शुरू हुई महाराष्ट्र प्रीमियर लीग में कोल्हापुर टस्कर्स की कप्तानी कर रहे हैं और उनकी पोस्ट से यह स्पष्ट नहीं होता कि वह इस टूर्नामेंट में आगे खेलेंगे या नहीं। जाधव ने भारत के लिए 73 एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय में दो शतक और छह अर्धशतक की मदद से 42.09 के औसत से 1389 रन बनाए। उन्होंने नौ टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मुकाबलों की छह पारियों में 122 रन भी बनाए। जाधव ने अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी जनवरी 2017 में पुणे में एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मैच के दौरान इंग्लैंड के खिलाफ खेली जब उन्होंने बड़े स्कोर वाले मैच में 76 गेंद में 12 चौकों और चार छक्कों से 120 रन की पारी खेलते हुए अपना दूसरा शतक जड़ा और भारत को तीन विकेट से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई।



### मुंबई का ऑफ-सत्र शिविर शुरू रहाणे का फिटनेस पर जोर

**मुंबई।** मुंबई के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने सोमवार को फिटनेस पर काम करने के महत्व पर जोर दिया और अपने राज्य की टीम के खिलाड़ियों को बेहतर होने के लिए ऑफ-सत्र (जब सत्र नहीं चल रहा हो) ट्रेनिंग शिविर का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) ने आगामी सत्र के लिए 'होम ऑफ द चैम्पियंस' थीम पर तीन महीने का शिविर शुरू किया। पिछले सत्र में रणजी ट्रॉफी में मुंबई को रिकॉर्ड में इजाफा करने वाली खिताबी जीत दिलाने वाले रहाणे ने कहा कि खिलाड़ियों के लिए मैदान पर अच्छा प्रदर्शन करने के लिए पर्दे के पीछे काम करना महत्वपूर्ण है। रहाणे ने मीडिया से कहा यह कई युवाओं को मुंबई के लिए अच्छा प्रदर्शन करने और विरासत को आगे बढ़ाने और सभी आयु वर्गों (टीमों) में मुंबई के लिए अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करेगा।

## आर अश्विन की आत्मकथा का विमोचन 10 को

**नई दिल्ली।** मैदान पर अपनी चतुराई के लिए पहचाने जाने वाले भारत के शीर्ष ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन की आत्मकथा का 10 जून को विमोचन होगा। पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया (पीआरएचआई) ने सोमवार को यह घोषणा की।

सिद्धार्थ मोंगा के साथ इस अनुभवी क्रिकेटर द्वारा लिखी गई 'आई हैव द स्ट्रीट्सः ए कुट्टी क्रिकेट स्टोरी' क्रिकेट स्टार बनने से पहले अश्विन के जीवन का एक सूक्ष्म और स्पष्ट चित्रण पेश करने का वादा करती है। अश्विन ने कहा एक क्रिकेटर बनने की अपनी कहानी साझा करते हुए मुझे खुशी हो रही है। इस पुस्तक के माध्यम से मुझे कई महत्वाकांक्षी क्रिकेटरों को प्रेरित करने की उम्मीद है।

पुस्तक में उनकी बचपन की स्वास्थ्य समस्याओं, उनके मध्यमवर्गीय परिवार के अथक समर्थन और चेन्नई में क्रिकेट के दीवाने इलाके में पले-बढ़े होने की खुशी के बारे में बताया गया है। टेस्ट क्रिकेट में भारत के सबसे बड़े मैच विजेताओं में से एक माने जाने वाले अश्विन को उनकी उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए जाना जाता है जिसमें 300 टेस्ट विकेट तक सबसे जल्दी पहुंचने वाला गेंदबाज बनना भी शामिल है।

# 77 रन के मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका ने श्रीलंका को हराया

न्यूयार्क, एजेंसी

टी-20 विश्वकप के चौथे मुकाबले में सोमवार को एनरिक नॉर्टजे सात रन पर चार विकेट की घातक गेंदबाजी और उसके बाद हाइनरिक क्लासन नाबाद (19) क्विंटन डिकॉक (20) रनों की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने श्रीलंका को छह विकेट से हरा दिया है।

बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका के खिलाड़ियों को 77 रनों के छोटे स्कोर हासिल करने में अपने धैर्यपूर्ण कौशल का प्रदर्शन करना पड़ा। दक्षिण अफ्रकी की भी शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने दूसरे ओवर में रीजा हेंड्रिक्स (4) का विकेट गवां दिया। इसके बाद पांचवें ओवर में कप्तान एडन मारक्रम (12) रन बनाकर पवेलियन लौट गये। 11वें ओवर में क्विंटन डिकॉक (20) के रूप में दक्षिण अफ्रीका का तीसरा विकेट गिरा। उस समय दक्षिण अफ्रीका का स्कोर 51 रन था। बीच-बीच में श्रीलंकाई गेंदबाजों ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए दक्षिण अफ्रीका को छोटे स्कोर के लक्ष्य के लिए भी फंसाए रखा। ट्रिस्टन स्टब्स (13) आउट होने वाले दक्षिण अफ्रीका के चौथे बल्लेबाज थे। हाइनरिक क्लासन (19) और डेविड मिलर छह रन बनाकर नाबाद रहे। डेविड मिलर ने 16वें ओवर की दूसरी गेंद पर चौका लगाकर दक्षिण अफ्रीका को जीत दिलाई।



इससे पहले दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों ने श्रीलंका की पूरी टीम को 19.1 ओवर में 77 के न्यूनतम स्कोर पर धराशाई कर दिया था। आज ग्रुप डी मुकाबले में टॉस जीतकर श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका की शुरुआत बेहद खराब रही उसने चौथे ओवर की पहली गेंद पर पथुम निसंका (3) का विकेट गवां दिया। उन्हें ऑटनील बार्टमैन ने क्लासन के हाथों कैच आउट कराया। आठवें ओवर में कुसल मेंडिस (19) रन बनाकर आउट हुए। उन्हें एनरिक नॉर्टजे स्टब्स के हाथों कैच आउट कराया। इसके बाद तो दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों के आगे श्रीलंकाई बल्लेबाजों ने हथियार डाल दिये। कामिंडु मेंडिस (11), एंजलो मैथ्यूज (16) दसून शानका (9), चरिथ असलंका (6), कप्तान वानिंदु हसरंगा सहित चार बल्लेबाज शून्य पर आउट हुये। महीश थीक्षणा सात रन बनाकर नाबाद रहे। श्रीलंका की पूरी टीम 19.1 ओवर में 77 रन पर ढ़ेर हो गई। दक्षिण अफ्रीका की ओर से एनरिक नॉर्टजे ने चार विकेट लिये। कगिसो रबाडा और केशव महाराज ने दो-दो विकेट चटाये। ऑटनील बार्टमैन ने एक बल्लेबाज को आउट किया। गेंदबाजी में शानदार प्रदर्शन करने वाले एनरिक नॉर्टजे को मैन ऑफ द मैच मिला।



# पेरिस ओलंपिक के लिए फ्रांस की टीम में एमबाप्पे को जगह नहीं

**पेरिस।** स्टार खिलाड़ी काइलियान एमबाप्पे पेरिस ओलंपिक में फ्रांस के लिए नहीं खेलेंगे क्योंकि उन्हें सोमवार को थियेरी हेनरी की इन खेलों के लिए अस्थाई टीम में जगह नहीं मिली। विश्व कप विजेता टीम के सदस्य रहे एमबाप्पे ने अपने देश में होने वाले ओलंपिक में खेलने की इच्छा व्यक्त की थी।

हेनरी और यहां तक कि फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों भी चाहते थे कि एमबाप्पे पुरुष ओलंपिक टीम का हिस्सा बनें लेकिन उन्हें 25 सदस्यीय टीम में शामिल नहीं किया गया। पेरिस सेंट जर्मेन को एक स्वतंत्र एजेंट के रूप में छोड़ने के बाद एमबाप्पे के रीयाल मैड्रिड से जुड़ने की उम्मीद की जा रही है।

### रॉय कृष्णा ने ओडिशा एफसी के साथ अनुबंध बढ़ाया

**भुवनेश्वर।** फिजी के फारवर्ड रॉय कृष्णा ने सुपर कप चैंपियन ओडिशा एफसी के साथ अपने अनुबंध को एक साल के लिए बढ़ा दिया है। इंडियन सुपर लीग फुटबॉल टीम ओडिशा एफसी ने सोमवार को यह घोषणा की। रॉय ने आईएसएल के इस सत्र में 13 गोल किए जबकि तीन गोल करने में मदद भी की। उन्होंने माजिया एस एंड आरसी के खिलाफ मालदीव में एएफसी कप मैच में पिछड़ने के बाद 3-2 की जीत के दौरान विजयी गोल भी दागा।

# एडीडीपी ने बजरंग पर लगा अस्थाई निलंबन हटाया

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रीय डोपिंग निरोधक एजेंसी की अनुशासन पैनल (एडीडीपी) ने पहलवान बजरंग पूनिया को नाडा द्वारा आरोप का नोटिस नहीं दिए जाने तक उन पर लगा अस्थाई निलंबन हटा दिया है।

पूनिया ने मार्च में चयन ट्रायल के बाद डोप टेस्ट के लिए नमूना देने से इनकार किया था। नाडा ने 23 अप्रैल को तोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता पूनिया पर 23 अप्रैल तक का प्रतिबंध लगा दिया था। इसके बाद युनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग ने भी यही कार्रवाई की थी। बिश्केक में हुए एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर के लिये पुरूष टीम के चयन ट्रायल 10 मार्च को सोनीपत में हुए थे और बजरंग हारने के बाद मूत्र का नमूना दिये बिना स्थान से चले गए थे। उन्होंने तीसरे चौथे स्थान के मुकाबले में भाग भी नहीं लिया था।



बजरंग ने अपने वकील के मार्फत अस्थायी निलंबन को चुनौती दी थी। एडीडीपी ने अपने आदेश में कहा सुनवाई पैनल की राय है कि इस स्तर पर जब एथलीट को आरोप का नोटिस जारी किया जाना बाकी है और नमूना देने से इनकार करने के लिए एथलीट द्वारा दिए गए स्पष्टीकरण/औचित्य के गुण-दोष पर विचार किए बिना और नाडा की ओर से पेश वकील की दलील का जवाब दिये बिना, एथलीट का अस्थायी निलंबन तब तक के लिए रद्द किया है जब तक कि एथलीट को डोपिंग निरोधक नियम, 2021 के उल्लंघन के लिए औपचारिक रूप से आरोप लगाने का नोटिस जारी करने का फैसला नहीं करता।

# टी-20 विश्व कप का प्रसारण करेगा दूरदर्शन

**नई दिल्ली।** प्रसार भारती ने सोमवार को घोषणा की कि वह अपने डीडी स्पोर्ट्स चैनल पर मौजूदा टी-20 विश्व कप, पेरिस ओलंपिक और विंबलडन का प्रसारण करेगा। प्रसार भारती के सीईओ गौरव द्विवेदी ने सोमवार को यहां मीडिया के साथ बातचीत के दौरान यह घोषणा की।

प्रसार भारती ने इस मौके पर टी-20 विश्व कप के लिए विशेष गान जज्बा भी लॉन्च किया। दूरदर्शन ने 26 जुलाई से 11 अगस्त तक पेरिस ओलंपिक और 28 अगस्त से आठ सितंबर तक पेरिस पैरालंपिक का सीधा प्रसारण, स्थगित प्रसारण और मुख्य आकर्षण के प्रसारण की भी घोषणा की। साथ ही छह से 14 जुलाई तक भारत के जिम्बाब्वे दौरे का भी प्रसारण किया जाएगा। टी-20 विश्व कप के बाद इस दौरे पर पांच टी-20 मैच खेले जाएंगे। 27 जुलाई के सात अगस्त तक श्रीलंका में भारत की सीमित ओवरों की श्रृंखला का प्रसारण भी डीडी स्पोर्ट्स पर होगा। दूरदर्शन इसके अलावा फ्रेंच ओपन और विंबलडन के फाइनल का भी प्रसारण करेगा। प्रसार भारती अपने खेल चैनल पर विभिन्न खेल लीग और प्रतियोगिताओं को दिखाने के लिए विभिन्न खेल संस्थाओं और एजेंसियों के साथ बातचीत के अग्रिम चरण में है।

DD SPORTS

# दिमित्रोव और सिनर फ्रेंच ओपन के क्वार्टर फाइनल में

पेरिस, एजेंसी

ग्रिगोर दिमित्रोव ने एक कड़े मुकाबले में ह्यूबर्ट हर्काज को हराकर फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया जहां उनका सामना ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन यानिक सिनर से होगा। दिमित्रोव ने हर्काज को 7-6 (5), 6-4, 7-6 (3) से हराया। यह पहला अवसर है जबकि दिमित्रोव ने फ्रेंच ओपन के अंतिम आठ में जगह बनाई।

सिनर ने फ्रांस के गैर वरीयता प्राप्त कॉरेंटिन मौटेट के खिलाफ पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके 2-6, 6-3, 6-2, 6-1 से जीत दर्ज की। पुरुष वर्ग में दो बार के ग्रैंडस्लैम विजेता कार्लोस अल्काराज और स्टेफानोस सिटसिपास ने भी क्वार्टरफाइनल में प्रवेश कर लिया जहां इनका आमना सामना होगा। तीसरे वरीय अल्काराज ने कनाडा के 21वें वरीय फेलिक्स ऑगर अलियासिमे को 6-3, 6-3, 6-1 से जबकि नौंवे वरीय सिटसिपास ने इटली के गैर वरीय माटियो अर्नाल्डी को 3-6, 7-6 (4), 6-2, 6-2 से पराजित किया। महिला वर्ग में विंबलडन चैंपियन मार्केटा वोंद्रोसोवा और ओन्स जाबूर ने भी क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। चेक गणराज्य की वोंद्रोसोवा ने सर्बिया की ओल्गा डैनिलोविच को 6-4, 6-2 से हराया। ट्यूनीशिया की जाबूर ने गैर वरीयता प्राप्त डेन क्लारा टॉसन को 6-4, 6-4 से हराकर लगातार दूसरी बार फ्रेंच ओपन के क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह सुरक्षित की। अंतिम आठ में उनका सामना अमेरिका की कोको गॉफ से होगा जिन्होंने इटली की एलिजाबेटा कोसियारेटो को 6-1, 6-2 से पराजित किया।

ROLAND GARROS PARIS


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# शांति सम्मेलन का निमंत्रण देने फिलीपींस पहुंचे जेलेंस्की

मनीला, एजेंसी

- रूस पर चीन की मदद से सम्मेलन में अड़चन डालने का आरोप



यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की एशिया की अपनी एक विशिष्ट यात्रा के तहत सोमवार को फिलीपींस पहुंचे। वह क्षेत्रीय नेताओं से अपने देश में युद्ध की स्थिति पर स्विट्जरलैंड द्वारा आयोजित एक वैश्विक शांति सम्मेलन में शामिल होने की अपील करने के लिए यात्रा कर रहे हैं।

उन्होंने रूस पर चीन की मदद से इस सम्मेलन में अड़चन डालने का प्रयास करने का आरोप भी लगाया। जेलेंस्की कड़ी सुरक्षा के बीच अघोषित दौरे पर मनीला पहुंचे। इससे पहले उन्होंने सिंगापुर में शंगरी-ला डिफेंस फोरम में भाग लिया था। जेलेंस्की ने सिंगापुर में आयोजित इस वार्षिक रक्षा सम्मेलन से इतर फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनांड मार्कोस जूनियर से मिलने की योजना बनाई थी लेकिन मुलाकात हो नहीं सकी, जिसके बाद उन्होंने व्यक्तिगत रूप से यहां आकर मर्कोस को आमंत्रित करने का फैसला किया। यह जानकारी फिलीपीन के अधिकारियों ने दी। दोनों ही नेताओं ने सिंगापुर में हुए सम्मेलन में चीन की आलोचना की थी।

# गुणवत्ता को लेकर चर्चा में भारतीय मसाला बाजार

भारतीय कंपनियों द्वारा हांगकांग व सिंगापुर को निर्यात किए गए ब्रांडेड मसालों को ईटीओ संदूषण से संबंधित चिंताओं के कारण वापस मंगाए जाने के पश्चात भारतीय मसाला बोर्ड ने अंतर्राष्ट्रीय खाद्य मानक निकाय कोडेक्स के साथ मसालों में एथिलीन ऑक्साइड के उपयोग की सीमा तय करने की जरूरत के मुद्दे को प्रमुखता से उठाया है। भारत विश्व का सबसे बड़ा मसाला उत्पादक देश है। यह मसालों का सबसे बड़ा उपभोक्ता और निर्यातक भी है। वर्ष 2023-24 में भारत का मसाला निर्यात 4.25 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया, जो वैश्विक मसाला निर्यात का 12% हिस्सा है।

### भारतीय मसाला बोर्ड क्या है?

मसाला बोर्ड का गठन 26 फरवरी, 1987 को मसाला बोर्ड अधिनियम, 1986 के तहत पूर्ववर्ती इलायची बोर्ड (1968) और मसाला निर्यात संवर्द्धन परिषद (1960) के विलय के साथ किया गया था। वाणिज्य विभाग के अंतर्गत पांच वैधानिक कमोडिटी बोर्ड है। ये बोर्ड चाय, कॉफी, रबर, मसाले और तंबाकू के उत्पादन, विकास तथा निर्यात के लिये उत्तरदायी है। मसाला बोर्ड भारतीय मसालों के विकास और विश्वव्यापी प्रचार के लिए प्रमुख संगठन है। यह बोर्ड भारतीय निर्यातकों एवं विदेशी आयातकों के बीच एक अंतर्राष्ट्रीय संगठन के रूप में कार्य करता है।

### एथिलीन ऑक्साइड का मुद्दा (ईटीओ)

ईटीओ एक रसायन है जिसका उपयोग मसालों में कीटाणुरोधी पदार्थ के रूप में किया जाता है, परंतु निश्चित सीमा से अधिक उपयोग करने पर इसे कैंसरकारी माना जाता है। प्रमुख बाजारों में भारतीय मसाला निर्यात के तहत मसाला खेप विफलता दर 1% से कम है। अभी तक कोडेक्स ने कोई सीमा निर्धारित नहीं की है, मानकीकृत ईटीओ परीक्षण प्रोटोकॉल भी उपलब्ध नहीं है।



### भारत के आधे से अधिक मसाला निर्यात पर संकट

आर्थिक थिंक टैंक ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने कई देशों में नियामकीय कार्रवाइयों के कारण महत्वपूर्ण बाजारों में भारत के लगभग 700 मिलियन डॉलर के मसाला निर्यात पर खतरा मंडरा रहा है, क्योंकि भारतीय मसालों की गुणवत्ता को लेकर चिंता जताई जा रही है। इसने आगाह किया कि अगर यूरोपीय संघ भी पूरे ब्लॉक में अस्वीकृति के साथ ऐसा करता है, तो इससे भारत के मसाला निर्यात पर 2.5 बिलियन डॉलर का अतिरिक्त असर पड़ सकता है।

### दिल्ली का चांदनी चौक एशिया का सबसे बड़ा बाजार

दिल्ली के चांदनी चौक में खारी बावली एशिया का सबसे बड़ा मसाला बाजार है और इसकी प्रसिद्धि आज भी वैसी है, जैसी 17 वीं शताब्दी के दौरान थी। मुगल काल के जमाने में ये बाजार अस्तित्व में आया था। बावली, का शाब्दिक अर्थ है एक सीढ़ीदार कुआं, और खारी या खारा का अर्थ नमकीन होता है, जिसमें खारी बावली का अर्थ है खारे पानी का कुआं है। अब आप सोच रहे होंगे कि, है तो ये बाजार लेकिन अर्थ इसका ये कैसे, तो आपको बता दें, उस समय यहां खारे पानी का कुआं हुआ करता था, लेकिन अब ये मसालों का खजाना बन चुका है।

### अमेरिका, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया ने भी जताई चिंता

मसाला बोर्ड ने ईटीओ संदूषण को रोकने तथा सभी बाजारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए निर्यातकों को दिशा-निर्देश जारी किए हैं। यह मसालों के लिए कीटाणुरोधी पदार्थ के रूप में ईटीओ का उपयोग न करने की सलाह देता है तथा भाप कीटाणुशोधन एवं विकिरण जैसे विकल्पों का सुझाव देता है। अमेरिका, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया जैसे अन्य देशों ने भी कुछ भारतीय मसालों की गुणवत्ता के विषय में चिंता जताई है तथा ये देश आगे की कार्रवाई की आवश्यकता का निर्धारण कर रहे हैं।

## एक नजर

### उ. कोरिया से शांति समझौते को निलंबित करेगा द. कोरिया

सियोल। दक्षिण कोरिया ने कचरे से भरे गुब्बारे उड़ाने के मामले को लेकर उत्तर कोरिया को दंडित करने के लिए दोनों देशों के बीच हुए शांति समझौते को निलंबित करने की सोमवार को घोषणा की। हालांकि उत्तर कोरिया गुब्बारे उड़ाने की अपनी हरकत पर लगाम लगाने की कह चुका है। लोगों द्वारा द. कोरिया में हाल ही में पर्चे बांटे जाने के अभियान से नाराज उत्तर कोरिया ने कचरे से भरे गुब्बारे उड़ाए थे। दक्षिण कोरिया ने रविवार को कहा कि उत्तर कोरिया की इस हरकत के जवाब में वह कड़ा कदम उठाएगा।

### चीन ने अपने नागरिकों पर लगाया जासूसी का आरोप

ताइपे। चीन ने अपने दो नागरिकों पर ब्रिटेन के लिए जासूसी करने का आरोप लगाया। दोनों देशों के बीच संबंधों के असहज होने के बीच यह घटनाक्रम हुआ। सोशल मीडिया पर एक संदेश में चीन की मुख्य खुफिया सेवा, सुरक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसने बड़े जासूसी मामले का खुलासा किया है, जिसमें एक दंपति शामिल है। उन्हें ब्रिटेन की विदेशी खुफिया एजेंसी एमआई-6 द्वारा कथित तौर पर भर्ती किया गया।

### सीरिया में इजरायल का हमला, 12 की मौत

दमिश्क। इजरायल ने रविवार देर रात सीरिया के उत्तरी प्रांत अलेप्पो में हवाई हमले किए जिसमें 12 ईरानी समर्थक लड़ाके मारे गए। मानवाधिकारों के लिए सीरियाई वेधशाला ने सोमवार को रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट के अनुसार सीरियाई और गैर-सीरियाई नागरिकों सहित अलेप्पो शहर के आसपास के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपस्थिति है। मिसाइल हमला की गूंज उत्तर-पश्चिम में हय्यान शहर और अलेप्पो शहर में कई जगहों पर सुनाई दी। वेधशाला ने नोट किया कि यह हमला पिछले महीने से सीरिया में लेबनानी हिजबुल्लाह और ईरानी मिलिशिया के कब्जे वाले स्थानों पर तेजी देखी गयी है।

### अमेरिका में एक सप्ताह से भारतीय छात्रा लापता

ह्यूस्टन। अमेरिका के कैलिफोर्निया राज्य में पिछले सप्ताह से 23 वर्षीय एक भारतीय छात्रा के लापता होने का ताजा मामला सामने आया है और पुलिस ने उसका पता लगाने के लिए आम लोगों से भी मदद मांगी है। पिछले काफी समय से भारतीय विद्यार्थियों के साथ इस तरह की घटनाएं सामने आ रही हैं। पुलिस के अनुसार कैलिफोर्निया स्टेट यूनिवर्सिटी, सैन बेर्नार्डिनो (सीएसयूएसबी) की छात्रा नितीशा कंदुला 28 मई को लापता हुई थी।

# दो सरकारी गवाहों की 115 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क

## दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में ईडी ने की कार्रवाई

नई दिल्ली, एजेंसी

- राघव मगुंटा और अरबिंदो फार्मा के प्रवर्तक शरत चंद्र रेड्डी की संपत्ति की जब्त

प्रवर्तन निदेशालय ने दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े कथित धन शोधन मामले में अपने दो सरकारी गवाहों व्यवसायी राघव मगुंटा और अरबिंदो फार्मा के प्रवर्तक शरत चंद्र रेड्डी की 115 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति कुर्क की है। राघव तेदेपा के लोकसभा उम्मीदवार मगुंटा श्रीनिवासुलु रेड्डी के पुत्र हैं।

एजेंसी ने तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री और बीआरएस नेता के चंद्रशेखर राव की एमएलसी बेटी के. कविता और चार अन्य के खिलाफ 10 मई को दाखिल आरोप पत्र में यह खुलासा किया है। विशेष पीएमएलए अदालत ने 29 मई को अभियोजन पक्ष के इस आरोप पत्र पर संज्ञान लिया। राघव मगुंटा और रेड्डी दोनों के बारे में कहा जाता है कि वे कविता के नेतृत्व वाले तथाकथित साउथ ग्रुप के सदस्य हैं, जिस पर ईडी ने आरोप लगाया है कि उसने दिल्ली आबकारी नीति में बदलाव करने के लिए आम आदमी पार्टी (आप) को 100 करोड़ रुपये दिये थे। भ्रष्टाचार के आरोपों के बाद इस नीति को रद्द कर दिया गया है।





आप ने आरोप लगाया था कि मगुंटा द्वारा दर्ज किए गए बयानों के कारण उसके प्रमुख और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी हुई, जबकि रेड्डी ने चुनावी बॉण्ड के जरिए भाजपा को 55 करोड़ रुपये का भुगतान किया, जिससे साबित होता है कि भाजपा का दक्षिण लॉबी से संबंध है।

### इससे पहले सिसोदिया और समीर महेंद्रू की संपत्ति की गई थी कुर्क

ईडी के आरोप पत्र के अनुसार, धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत राघव मगुंटा और रेड्डी की संपत्ति कुर्क करने का अंतरिम आदेश 3 मई को जारी किया गया था, जिसके बाद दोनों की 115 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति जब्त की गई है। इस मामले में ईडी द्वारा जारी किया गया यह तीसरा कुर्की आदेश है। इससे पहले ईडी ने दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री और आप नेता मनीष सिसोदिया (52 करोड़ रुपये से अधिक) और व्यवसायी समीर महेंद्रू (76 करोड़ रुपये से अधिक) की संपत्तियां कुर्क की थी। इस मामले में ईडी ने राघव मगुंटा और रेड्डी को गिरफ्तार किया था और पिछले साल अदालत ने दोनों को ईडी मामले में सरकारी गवाह बनने की मंजूरी दे दी थी। फिलहाल दोनों जमानत पर बाहर हैं।

# गायक सोनू निगम ब्रिटेन में मानद फेलोशिप से सम्मानित



**लंदन।** बॉलीवुड गायक सोनू निगम को संगीत के क्षेत्र में उनके विश्वव्यापी प्रभाव के लिए एक प्रमुख भारतीय प्रवासी छात्र संगठन ने मानद फेलोशिप से सम्मानित किया है। निगम एक संगीत कार्यक्रम के सिलसिले में फिलहाल ब्रिटेन में हैं। ब्रिटेन के नेशनल इंडियन स्टूडेंट्स एंड एलुमनाई यूनियन (एनआईएसएयू) ने पिछले सप्ताहांत लंदन के वेम्बली एरिना में निगम की प्रस्तुति के दौरान उन्हें फेलोशिप से सम्मानित किया।

लेबर पार्टी के वरिष्ठ ब्रिटिश भारतीय सांसद वीरेंद्र शर्मा और स्कूल ऑफ ओरिएंटल एंड अफ्रीकन स्टडीज (एसओएएस) में भारतीय संस्कृति के एमेरिटस प्रोफेसर रेचल ड्वायर ने मंच पर निगम को सम्मानित किया। इससे पहले अभिनेत्री शबाना आजमी, लेखक जावेद अख्तर और अध्यात्मिक गुरु श्री श्री रविशंकर समेत कई अन्य हस्तियों को यह मानद फेलोशिप प्रदान की जा चुकी है। यह फेलोशिप उन व्यक्तियों को दी जाती है जो वैश्विक मंच पर भारतीय सांस्कृतिक, शिक्षा और समाज सुधार पर महत्वपूर्ण प्रभाव डालते हैं।

# विरोध मार्च व तोड़फोड़ के दो मामलों में इमरान बरी

इस्लामाबाद, एजेंसी

- शहबाज की गठबंधन सरकार को गिराने के लिए निकाला था मार्च



पाकिस्तान की एक अदालत ने पूर्व प्रधानमंत्री और उनकी पार्टी के अन्य शीर्ष नेताओं को मार्च 2022 में विरोध मार्च के दौरान तोड़फोड़ करने से जुड़े दो मामलों में सोमवार को बरी कर दिया। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के 71 वर्षीय संस्थापक मामलों में दोषी ठहराए जाने के बाद से पिछले साल अगस्त से जेल में हैं।

इस्लामाबाद की जिला एवं सत्र अदालत ने खान, पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी, पूर्व संचार मंत्री मुराद सईद और पीटीआई के अन्य नेताओं को हकीकी आज़ादी मार्च के दौरान तोड़फोड़ के मामलों में बरी किया है। मई 2022 में खान ने शहबाज शरीफ की अगुवाई वाली गठबंधन सरकार को गिराने के लिए लाहौर से इस्लामाबाद की तरफ एक मार्च शुरू किया था। खान के अविश्वास प्रस्ताव हारने के बाद शरीफ के नेतृत्व में यह सरकार बनी थी।

यह रैली पीटीआई के हकीकी आजादी हासिल करने और राष्ट्र को अमेरिका समर्थित गठबंधन सरकार की गुलामी से मुक्त कराने के संघर्ष का हिस्सा थी। उस समय इस्लामाबाद पुलिस ने संघीय राजधानी में आगजनी और तोड़फोड़ के आरोपों को लेकर खान, कुरैशी और पार्टी के अन्य नेताओं सहित 150 लोगों के खिलाफ अलग-अलग मामले दर्ज किए थे।

### गोपनीय दस्तावेज लीक मामले में भी हुए बरी

कोर्ट ने एक अन्य मामले में राहत देते हुए इमरान व उनकी सरकार में विदेश मंत्री रहे शाह महमूद कुरैशी को गोपनीय दस्तावेज लीक होने के मामले में बरी कर दिया। इस्लामाबाद की एक विशेष अदालत ने जनवरी में पीटीआई के संस्थापक खान और कुरैशी को 10 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई थी।

### अवैध शादी का मामला अन्य कोर्ट में होगा ट्रांसफर

पाकिस्तान की एक अदालत ने जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी के अवैध विवाह मामले की सुनवाई कर रहे न्यायाधीश का अनुरोध स्वीकार करते हुए मामला किसी दूसरी अदालत को सौंपने की अनुमति दे दी।

# खाद्य पदार्थ निर्माता को 100% फल रस का लेबल हटाने के निर्देश

**नई दिल्ली।** भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने सभी खाद्य व्यवसाय संचालकों (एफबीओ) को अपने उत्पादों से फलों के रस के लेबल और विज्ञापनों से 100 प्रतिशत फलों का रस के किसी भी दावे को तत्काल प्रभाव से हटाने का आदेश दिया है।

- कई एफबीओ गलत तरीके से विभिन्न प्रकार के फलों के रसों का विपणन कर रहे

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने सोमवार को यहां बताया कि एफएसएसएआई ने सभी एफबीओ को इस वर्ष एक सितंबर से पहले सभी मौजूदा प्री-प्रिंटेड पैकेजिंग सामग्री को समाप्त करने का भी निर्देश दिया गया है।

जांच में पाया है कि कई एफबीओ गलत तरीके से विभिन्न प्रकार के फलों के रसों का विपणन कर रहे हैं और वे 100 प्रतिशत फलों के रस का दावा करते हैं। ऐसे दावे भ्रामक हैं और खासकर उन फलों के रस का मुख्य घटक पानी है। यदि खाद्य उत्पाद में मीठा 15 ग्राम प्रति किलोग्राम से अधिक है, तो उत्पाद को मीठा रस के रूप में लेबल किया जाना चाहिए।

# बेंगलुरु में हुई भारी बारिश ने तोड़ा 133 साल का रिकॉर्ड

बेंगलुरु, एजेंसी

बेंगलुरु में दो जून को 111 मिलीमीटर बारिश हुई, जिससे जून में एक दिन में सबसे अधिक बारिश का 133 साल पुराना रिकॉर्ड टूट गया। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) बेंगलुरु के वैज्ञानिक एन. पुवियारसन ने पुष्टि की कि 2 जून को पिछले 133 वर्षों में इस महीने में एक दिन की सबसे अधिक बारिश हुई।

उन्होंने कहा कि जून में सबसे अधिक एक दिन की बारिश 16 जून, 1891 को दर्ज की गई थी। भारी बारिश के कारण बेंगलुरु में कई स्थानों पर जनजीवन प्रभावित हुआ। जयनगर के निवासियों ने गिरे हुए पेड़ों की तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा कीं। रविवार रात ट्रिनिटी मेट्रो स्टेशन के पास मेट्रो ट्रैक पर एक पेड़ गिर गया, जिससे सेवा प्रभावित हुई। गिरे हुए पेड़ों के अलावा सड़कों पर जलभराव से लोगों को असुविधा हुई। आईएमडी केंद्र, बेंगलुरु के प्रमुख सीएस पाटिल ने कहा कि मानसून कर्नाटक में आगे बढ़ गया है और 5 जून तक कुछ जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है।



तूफान के कारण रास्ता बंद हो गया।

# मैक्सिको की पहली महिला राष्ट्रपति बनीं शीनबॉम

मेक्सिको सिटी, एजेंसी

- रह चुकी हैं नोबेल प्राइज जीतने वाली कमेटी की मेंबर

मेक्सिको में राष्ट्रपति चुनाव की विजेता क्लाउडिया शीनबॉम देश के 200 साल के इतिहास में इस पद पर आसीन होने वाली पहली महिला होंगी। जलवायु वैज्ञानिक और मेक्सिको सिटी की पूर्व महापौर शीनबॉम ने रविवार रात कहा कि दो प्रतिस्पर्धियों ने उनकी जीत स्वीकार कर ली है। शीनबॉम ने एक होटल के बाहर मुस्कुराते हुए कहा मैं मेक्सिको की पहली महिला राष्ट्रपति बनूंगी।

इससे कुछ देर पहले चुनाव अधिकारियों ने कुछ आंकड़े पेश किए हैं, जिनमें वह बढ़त हासिल करती हुई दिख रही हैं। शीनबॉम ने कहा मैं अकेले यह नहीं कर पाई हूं। हम सबने मिलकर कर दिखाया है। इसमें हमारी मातृभूमि की वीरांगनाओं, माताओं और बेटियों का भरपूर साथ रहा। हमने दिखा दिया है कि मेक्सिको एक लोकतांत्रिक देश है, जहां शांतिपूर्ण चुनाव हुए हैं। नेशनल इलेक्टोरल इंस्टिट्यूट के प्रमुख ने कहा कि आंकड़ों के अनुसार शीनबॉम को 58.3 प्रतिशत से 60.7 प्रतिशत वोट मिले हैं। विपक्षी उम्मीदवार जोचिटल गाल्वेज को 26.6 से 28.6 प्रतिशत जबकि जॉर्ज अल्वारेज मेनेज को 9.9 फीसद से 10.8 प्रतिशत वोट मिले हैं। वह मैक्सिको सिटी की पूर्व मेयर रह चुकी हैं और लेफ्ट पॉलिटिक्स से काफी समय से जुड़ी हुई हैं।



विजेता क्लाउडिया शीनबॉम।

### निवर्तमान राष्ट्रपति से अलग व्यक्तित्व है शीनबॉम का

क्लॉडिया शीनबॉम को अपने मार्गदर्शक और निवर्तमान राष्ट्रपति एंड्रेस मैनुअल लोपेज ओब्राडोर से अलग व्यक्तित्व वाला माना जाता है। उन्होंने अपने पूर्ववर्ती नेता की लोकप्रियता का फायदा उठाते हुए एक सधा हुआ प्रचार अभियान चलाया और रविवार को हुए मतदान में उन्हें जीत मिली। अब मेक्सिको की जनता देखना चाहती है कि लोपेज से बिल्कुल अलग शख्सियत रखने वाली शीनबॉम खुद को किस तरह पेश करती हैं। राजनीतिक रूप से लोपेज के समान रुख रखने वाली शीनबॉम को कम आक्रामक नेता के रूप में देखा जाता है।

# सीनियर आईएएस दंपति की बेटी ने की आत्महत्या, सुसाइड नोट मिला

मुंबई, एजेंसी

- हरियाणा के सोनीपत से कर रही थी एलएलबी की पढ़ाई

दक्षिण मुंबई में मंत्रालय के निकट सोमवार तड़के महाराष्ट्र कैडर के सीनियर आईएएस अधिकारी दंपति की 27 वर्षीय बेटी ने कथित तौर पर एक इमारत की 10वीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली।

पुलिस ने कहा कि हरियाणा के सोनीपत से एलएलबी की पढ़ाई कर रही लिपि रस्तोगी तड़के करीब चार बजे राज्य सचिवालय के निकट एक इमारत से कूद गई। उस समय मंत्रालय के निकट स्थित आईएएस अधिकारियों के आवास परिसर में सब सो रहे थे। इमारत के गार्ड ने परिसर के निकट खड़ी एक मोटरसाइकिल पर लिपि को बेहोशी की हालत में पाया और परिवार को सूचित किया, जिसके बाद उसे जीटी अस्पताल ले जाया गया। तत्काल चिकित्सा प्रदान किए जाने के बाद भी जान नहीं बचाई जा सकी। घटनास्थल से सुसाइड नोट मिला है, जिसमें लिखा है कि उसकी मौत के लिए किसी को दोष न दिया जाए। अधिकारियों ने बताया कि कफ परेड थाने में अप्राकृतिक मौत का मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस ने बताया कि लिपि शैक्षणिक प्रदर्शन को लेकर काफी दबाव में थी, जिसके चलते वह तनाव में थी। लिपि के पिता विकास रस्तोगी महाराष्ट्र उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग में प्रधान सचिव हैं, जबकि मां राधिका रस्तोगी भी वरिष्ठ आईएएस अधिकारी हैं और राज्य सरकार में सेवारत हैं।

## बॉलीवुड हलचल

# अजय पालवंकर के जीवन पर आधारित फिल्म में करेंगे काम



**मुंबई।** बॉलीवुड के सिंघम स्टार अजय देवगन देश के प्रथम दलित क्रिकेटर बालू पालवंकर के जीवन पर आधारित फिल्म में काम करते नजर आएंगे। बॉलीवुड फिल्मकार तिग्मांशु धूलिया, क्रिकेट की पृष्ठभूमि पर आधारित फिल्म बनाने जा रहे है। यह फिल्म देश के प्रथम दलित क्रिकेटर माने वाले बालू पालवंकर और उनके भाइयों की कहानी पर्दे पर दिखाएगी। फिल्म की पटकथा लेखक और इतिहासकार रामचंद्र गुहा द्वारा लिखित किताब ए कार्नर आफ ए फारेन फील्ड पर आधारित होगी। फिल्म क्रिटिक तरण आदर्श ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा, अजय देवगन भारत के पहले दलित क्रिकेटर पालवंकर बालू की बायोपिक में नजर आएंगे। तिग्मांशु धूलिया इसे बनाएंगे। बताया जा रहा है कि फिल्म सिंघम अगेन की शूटिंग के बाद अजय देवगन इस बायोपिक पर काम शुरू करेंगे। बताया जा रहा है कि अजय देवगन भी इसे प्रोड्यूस कर रहे हैं।

# अल्लू अर्जुन व रश्मिका की फिल्म पुष्पा 2 द रूल का पोस्टर रिलीज



**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के जाने-माने अभिनेता अल्लू अर्जुन और अभिनेत्री रश्मिका मंदाना की आने वाली फिल्म पुष्पा 2 द रूल का नया पोस्टर रिलीज हो गया है। अल्लू अर्जन की फिल्म पुष्पा 2 द रूल इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। मेकर्स ने फिल्म का नया पोस्टर जारी किया है और कैप्शन में लिखा है, 75 दिन बाकी हैं पुष्पा राज के रूल के लिए। उनका रूल भारतीय सिनेमा में एक नया अध्याय लिखेगा। नए पोस्टर में अल्लू अर्जन अपने कांधे पर राइफल लेकर लुंगी पहने देखे जा सकते हैं। पुष्पा 2 द रूल 15 अगस्त, 2024 को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। सुकुमार द्वारा निर्देशित और मैथरी मूवी मेकर्स द्वारा निर्मित इस फिल्म में अल्लू अर्जुन, रश्मिका मंदाना के अलावा फहद फासिल भी लीड रोल में हैं।

# अमिताभ और जया की शादी के 51 साल पूरे



**मुंबई।** बॉलीवुड के अमिताभ बच्चन और अभिनेत्री जया बच्चन की शादी के सोमवार को 51 साल पूरे हो गए हैं। दोनों ने इस अवसर पर परिवार के साथ सेलिब्रेशन मनाया। अमिताभ बच्चन और जया बच्चन की जोड़ी बॉलीवुड में बहुत हिट रही है। अमिताभ और जया ने जंजीर, अभिमान, चुपके चुपके, शोले, सिलसिला, मिली, कभी खुशी कभी गम समेत कई कामयाब फिल्मों में साथ काम किया है।

# पुलिस मुखबिर के शक में नक्सलियों ने ग्रामीण को मौत के घाट उतारा

**नारायणपुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित नारायणपुर जिले में नक्सलियों ने पुलिस मुखबिर होने के शक के आधार पर 45 वर्षीय ग्रामीण की उसके घर से खींचकर हत्या कर दी। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि मारे गए ग्रामीण का पुलिस से कोई संबंध नहीं था।

जिले के मसपुर गांव में रविवार रात नक्सलियों ने शालूराम पोटाई की हत्या कर दी। उन्होंने बताया कि रविवार रात लगभग 10 बजे 15 से 20 सशस्त्र वर्दीधारी नक्सली शालूराम पोटाई के घर पहुंचे और उसे खींचकर घर से बाहर निकालने के बाद उसकी हत्या कर दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया घटना को अंजाम देने के बाद नक्सली वहां से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस दल को घटनास्थल पर रवाना किया गया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया।

## खगोल विज्ञान | इंसानी उत्पत्ति के श्रोत खोज निकालने की बड़ी उपलब्धि

# ब्रह्मांड के विस्फोटों से मानव तत्वों की उत्पत्ति

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** खगोलविदों ने इंसान की उत्पत्ति के श्रोत खोज निकालने की बड़ी उपलब्धि हासिल की है। खोज के अनुसार ब्रह्मांड के सबसे बड़े विस्फोटों से मानव तत्वों की उत्पत्ति हुई है। वैज्ञानिकों का मानना है कि जीव जंतुओं की उत्पत्ति के अन्य श्रोत भी हो सकते हैं।

बिग बैंग विस्फोट के बाद ब्रह्मांड में मुख्य रूप से हाइड्रोजन और हीलियम परमाणु शामिल थे। ये सबसे हल्के तत्व हैं। सर्वविदित है बिग बैंग 13.8 अरब वर्ष पहले हुआ था। इसके बाद बने तारों ने परमाणु संलयन की प्रक्रिया के माध्यम से इनमें से कई भारी तत्वों का उत्पादन किया। विशाल तारों में हुए बड़े विस्फोटों से भारी तत्वों की उत्पत्ति हुई है। ब्रह्मांड के सबसे बड़े विस्फोटों में गामा रे विस्फोट माने जाते हैं। यह विस्फोट भी दो प्रकार के होते हैं। जिनमें बड़े विस्फोटों से मानव शरीर में पाए जाने वाले तत्वों की उत्पत्ति हुई और परमाणु संलयन आवर्त सारणी में लोहे जैसे भारी तत्वों का उत्पादन कर सकता है। इसी क्रम में इंसानी तत्वों के बड़े स्तर पर रासायनिक प्रक्रिया के तहत इंसान जैसे जीव जंतुओं की संरचना शुरू हुई। खोजकर्ता वैज्ञानिकों का कहना है कि ब्रह्मांड की उत्पत्ति, निर्माण व विकास को हम लगभग समझ चुके हैं। मानव उत्पत्ति व विकास भी इसी क्रम में शामिल हैं।



ब्रह्मांड में हुए बड़े विस्फोट की प्रतीकात्मक तस्वीर। ● अमृत विचार

### अब ब्रह्मांड के अनेक रहस्य होंगे उजागर

कई वैज्ञानिकों की सामूहिक इस खोज के बाद वैज्ञानिकों का मानना है कि अब ब्रह्मांड के कई अन्य रहस्य उजागर हो सकेंगे। जीव जंतुओं की उत्पत्ति के स्रोत का यह पहला सिरा है। इस दिशा में अब शोध में तेजी आएगी। जिसमें दुनियाभर के वैज्ञानिक शामिल होंगे।